राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 318
लखनऊ, सोमवार 20 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत 10

महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को बनाया जनआंदोलन : शर्मा 03


# हर नागरिक को विश्वास, संकट में साथ खड़ी है सरकार : योगी

**सीएम ने किया उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुख्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) मुख्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 200 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण की वेबसाइट का भी शुभारंभ किया और यहां लगाई गई प्रदर्शनी व भवन का अवलोकन कर कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनाना है, जहां प्रत्येक नागरिक यह विश्वास लेकर जीवन जी सके कि संकट की खड़ी में सरकार के साथ वह भी तैयार है। यह नागरिक व राष्ट्रीय कर्तव्य का हिस्सा होना चाहिए। सीएम ने उम्मीद जताई कि यह केंद्र हर नागरिक के मन में नए विश्वास का जागरण करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायः आपदा व जनधन की व्यापक हानि के बाद हम लोग सक्रिय होते हैं और संवेदना व्यक्त करते हैं लेकिन आपदा के प्रति पहले से सतर्कता, तैयारी व जागरूकता जनधन की हानि को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है। दैनिक जीवन, स्कूली पाठ्यक्रम व परिवार में संवाद के जरिए इसके बचाव के बारे में बताने की आवश्यकता है। सीएम ने बचपन का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय स्कूल व परिवारों में चर्चा होती थी कि आग, भूकंप, बाढ़ के दौरान क्या सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि इन घटनाओं में असामान्य आचरण नुकसान पहुंचाता है, लेकिन जागरूकता के जरिए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए तो जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सकता है।


मुख्यमंत्री के संबोधन में पिछले दिनों यूपी में एक ही एक घंटे में हुई 111 मौत का दर्द भी झलका। उन्होंने बताया कि फतेहपुर, प्रयागराज, कौशांबी, मीरजापुर, भदोही, जौनपुर, आजमगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर आदि जनपदों में कुल मिलाकर 111 लोगों की मौत हुई थी। प्राधिकरण की बैठक में चिंता व नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएम ने कहा था कि इन मौतों को न्यूनतम करने में सहायता की जा सकती है। उन्होंने अर्ली वार्निंग सिस्टम को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया था। बैठक के ठीक तीसरे दिन एनडीआरएफ/ एफडीआरएफ व राष्ट्रीय/ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने समन्वय से उस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

## सीएम ने विभिन्न तकनीकों को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में तकनीक डे-वन डिजास्टर मैनेजमेंट को कैसे प्रभावी बनाने के लिए सेटेलाइट व रिमोट सेंसिंग मॉनीटरिंग, एआई पर आधारित रिस्क मैपिंग, प्रीडेक्टिव एनालिटिक्स आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम, मोबाइल बेस्ड सिटीजन अलर्ट सिस्टम, जीआईएस आधारित डिसिजन मेकिंग एंड डिजिटल कंट्रोल रूम, ड्रोन आधारित सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन का और अधिक इंटीग्रेट यूज बताया।

## घटनाओं को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति खतरनाक

सीएम ने घटनाओं को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति को खतरनाक बताया। उन्होंने प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि 45 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। जिन आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें इस भर्ती में प्राथमिकता देंगे। होमगार्ड को भी आपदा मित्र का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। यह फर्स्ट रिस्पांडर हैं। सरकार इन्हें अच्छी सुविधा, मानदेय, पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, घटना-दुर्घटना होने पर परिजनों को लगभग 35-40 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराती है। सीएम ने उम्मीद जताई कि सुविधाएं बोझ नहीं बननी चाहिए, बल्कि अपनी सेवा का बेहतर उपयोग समाज के लिए करना चाहिए। सीएम ने बाढ़, आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि, अग्निकांड, भवन के धराशायी होने संबंधी प्राकृतिक व भौतिक आपदा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 12 साल के बच्चे को मगरमच्छ ने निगल लिया। सभी लोग मगरमच्छ वाले संवेदनशील क्षेत्र के साथ ही यह भी जानते हैं कि वे पूरे जीवन में चार-पांच किमी. के दायरे में ही रहता है। ऐसे में जीव-जंतु से जबर्दस्ती खिलवाड़ न करें। सीएम ने दुख जताया कि ऐसी घटना के समय लोग वीडियो बनाते रहते हैं, लेकिन बचाव पर ध्यान नहीं देते।


मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

विश्व युवा कौशल दिवस पर मुझे प्रदेश के कई युवा साथियों से मिलने और उनकी सफलता की प्रेरक कहानियां सुनने का अवसर मिला। उन्होंने जो कुछ कहा, उससे **मैं आश्वस्त हूं कि देश की सर्वाधिक युवा शक्ति वाला अपना प्रदेश कौशल से जुड़कर न केवल विकसित उत्तर प्रदेश, अपितु वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के निर्माण का पथ भी प्रशस्त करेगा।**

मेरे इस विश्वास का कारण कर्म और कौशल को सर्वोच्च स्थान देने वाली सनातन संस्कृति के चिरंतन मूल्य हैं। **रामायण में रामसेतु के निर्माण का प्रसंग हमारी सांस्कृतिक चेतना में निहित विज्ञान, शिल्प, नवाचार एवं कार्यकुशलता का गौरवशाली अध्याय है, जो हमें कुछ भी असंभव नहीं मानने का मंत्र देता है।**


लक्ष्य को कैसे संभव बनाया जा सकता है, इसका उदाहरण सोनभद्र की हेमा जी भी हैं। **उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से ₹20 हजार से आरंभ किया गया उनका फर्नीचर व्यवसाय आज लाखों के टर्नओवर में परिवर्तित हो चुका है।** पारंपरिक कौशल एवं आधुनिक तकनीक के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए **सरकार ने विगत 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'कौशल प्रदेश' में बदला है।** 'विश्व युवा कौशल दिवस' पर 'कौशल सेतु' एवं 'कौशल सारथी' का शुभारंभ इसी संकल्प का प्रतीक है।

आज प्रदेश आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं एआई हब के रूप में स्थापित हो रहा है। **'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना से पारंपरिक हुनर को वैश्विक पहचान मिली।** 'टेक युवा-समर्थ युवा' पहल नई पीढ़ी को भविष्य की तकनीकों से जोड़ रही है। 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' कौशल को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की शक्ति में बदल रहा है। **'प्रोजेक्ट प्रवीण' के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित शिक्षा के साथ निःशुल्क व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण तथा 'स्किल फॉर जीरो पॉवर्टी' पहल के अंतर्गत गरीब परिवारों के एक सदस्य को कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।**

**मेरे युवा साथियों, अकादमिक शिक्षा का महत्व है, किंतु इसके साथ आप किसी न किसी कौशल में निपुणता अवश्य प्राप्त करें।** यह कौशल आपको रोजगार पाने वाला ही नहीं, अपितु रोजगार देने वाला भी बनाएगा। उत्तर प्रदेश में अकेले एमएसएमई सेक्टर से लगभग 4 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। यह कौशल उन्नयन में प्रदेश के नवसामर्थ्य का प्रमाण है।

युवा यह संकल्प लें कि कम से कम एक कौशल सीखकर समाज और प्रदेश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी करेंगे। प्रदेश सरकार कौशल विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। **मेरा आग्रह है कि जो युवा इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, वे अपने अन्य साथियों को भी इसकी जानकारी दें, ताकि वे भी इनका लाभ उठा सकें।** स्मरण रखिए, कौशल ही आत्मनिर्भरता का आधार, स्वाभिमान का संबल और विकसित होने की राह पर अग्रसर प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

आपका
योगी आदित्यनाथ



उत्तर प्रदेश-कौशल प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,43,440/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,07,620/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,30,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### काशी विश्वनाथ धाम पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता, परिवार संग किया जलाभिषेक



**वाराणसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अपने परिवार के साथ वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। रेखा गुप्ता ने कहा कि बाबा श्री काशी विश्वनाथ के श्रीचरणों में जलाभिषेक और पूजन का सौभाग्य उनके लिए अत्यंत आध्यात्मिक और अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ की अनंत कृपा से काशी आज अपनी सनातन चेतना और नव्य भव्यता के साथ पूरी दुनिया को आस्था और संस्कृति का अद्भुत संदेश दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम की दिव्यता, गंगा तट से बाबा के दरबार तक का भव्य विस्तार और हर ओर गूंजता हर-हर महादेव का उद्घोष काशी की आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने बाबा श्री काशी विश्वनाथ से प्रार्थना की कि उनकी कृपा सभी देशवासियों पर बनी रहे और भारत निरंतर वैभव, समृद्धि तथा यश के नए शिखरों को छूता रहे। साथ ही सेवा, सुशासन और लोककल्याण की भावना समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को आलोकित करती रहे।

### अहमदाबाद के पटाखा फैक्टरी विस्फोट मामले में तीन संचालक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार को अवैध पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित मेहुल डोडिया समेत तीन संचालकों को गिरफ्तार कर लिया है। अब प्रशासन अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। पुलिस ने अपनी जांच में खुलासा किया है कि आगामी गणेश विसर्जन के ऑर्डर पूरे करने और अधिक मुनाफा कमाने की लालच में फैक्टरी को अवैध रूप से दोबारा शुरू किया गया था। अहमदाबाद के वस्त्राल इलाके के रामोल गटराड रोड के एक खेत में संचालित इस अवैध पटाखा फैक्टरी में शनिवार को हुए भीषण विस्फोट 9 लोगों की मौत हो गई थी और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे।

# सर्वदलीय बैठक में एनसीपीआई को लेकर विपक्ष का सांकेतिक वॉकआउट

**किरेन रिजिजू ने की संसद सुचारू रूप से चलाने की अपील**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में नवगठित नेशनल सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) को आमंत्रित किए जाने को लेकर विपक्षी दलों ने सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

तृणमूल कांग्रेस की आपत्ति के बाद कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनत्र कड़गम, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, वाम दलों और शिवसेना (यूबीटी) सहित कई विपक्षी दलों के नेताओं ने कुछ मिनट के लिए बैठक से वॉकआउट किया। बाद में सभी नेता लौटकर बैठक में शामिल हुए।

इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी दलों से संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग करने की अपील की। रविवार को संसद भवन एनेक्सी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर और सांसद शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र के दौरान विधायी कार्यों और सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी दलों के बीच सहमति बनाना था। बैठक की शुरुआत में ही तृणमूल कांग्रेस ने एनसीपीआई को आमंत्रित किए जाने पर कड़ा विरोध जताया। विपक्षी दलों का कहना था कि नवगठित पार्टी को अभी तक लोकसभा में आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है और इस संबंध में अंतिम निर्णय लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विचाराधीन है। विपक्ष ने इसे संसदीय परंपराओं के विपरीत बताते हुए कुछ मिनट के लिए बैठक का बहिष्कार किया और बाद में चर्चा में शामिल हो गया।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक और अन्य विधायी कार्य सदन के समक्ष रखेगी। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और यहां प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधि को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। सरकार चाहती है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों रचनात्मक भूमिका निभाएं ताकि सदन की कार्यवाही बिना किसी व्यवधान के संचालित हो सके।

## सरकार विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : किरेन रिजिजू


रिजिजू ने कहा कि सरकार विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन असहमति का समाधान हंगामे के बजाय बहस और संवाद के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही बाधित होने से जनता का समय और करदाताओं का पैसा दोनों व्यर्थ होता है। पिछले वर्षों में लगातार व्यवधान से सदन का काफी समय नष्ट हुआ, जबकि देश की जनता चाहती है कि संसद में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो।

## ईरान पर अमेरिका के लगातार आठवें दिन हवाई हमले, भारी तबाही की तैयारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफहवाई कार्रवाई जारी रखी है। यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी सेना ने शनिवार को लगातार आठवीं रात ईरान में कई ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने बताया कि इन हमलों में ईरान की निगरानी प्रणाली, एयर डिफेंस नेटवर्क, समुद्री सैन्य क्षमताओं और मिसाइल व ड्रोन भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया गया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई क्षेत्र में मौजूद अपने सैनिकों और हितों की सुरक्षा के लिए की जा रही है। अमेरिकी कार्रवाई उस हमले के बाद तेज हुई, जिसमें जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य बेस को निशाना बनाया गया था। इस हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि की गई है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यह युद्ध शुरू होने के बाद ईरान की ओर से की गई सीधी कार्रवाई में अमेरिकी सैनिकों की मौत का एक बड़ा मामला है। अब तक संघर्ष में 16 अमेरिकी सैनिकों की मौत और 430 से अधिक सैनिकों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

# मोदी ने बायोलॉजी व केमिस्ट्री ओलंपियाड के भारतीय मेडल विजेताओं को दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लिथुआनिया के विल्नियस में आयोजित 37वें इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड और 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में पदक जीतने वाले भारतीय विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी उपलब्धि को देश के लिए गौरव का क्षण बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि विल्नियस में आयोजित 37वें इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में भारतीय टीम के सभी चार सदस्यों ने पदक हासिल किए हैं, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। उन्होंने भव्य गुनवाल, सौमिल माइती, निशित कलानी और अनमोल कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# सरकारी अस्पताल में ही रहेंगे सोनम वांगचुक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**निजी अस्पताल ले जाने की मांग पर हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इनकार**

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को फिलहाल दिल्ली के सरकारी सफदरजंग अस्पताल में ही उपचार मिलेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो की उस याचिका पर अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है, जिसमें वांगचुक को निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की मांग की गई थी।

अदालत ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में सरकारी अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं पर्याप्त हैं और फिलहाल उन्हें शिफ्ट करने की आवश्यकता नहीं है। सोनम वांगचुक पिछले कई दिनों से अनशन पर हैं और स्वास्थ्य संबंधी कारणों से उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पत्नी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उन्हें निजी अस्पताल में बेहतर इलाज की अनुमति दी जाए। इस मामले पर करीब सवा घंटे तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने तत्काल कोई राहत देने से इनकार करते हुए सरकारी अस्पताल में उपचार जारी रखने का फैसला बरकरार रखा।

## संसद मार्च को वांगचुक ने बताया 'दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन', समर्थकों से की बड़ी अपील

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च को भारत का दूसरा स्वतंत्रता आंदोलन बताया है। उन्होंने अपने समर्थकों से इस मार्च को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान भय से मुक्ति और अन्याय से मुक्ति का प्रतीक है। वांगचुक का यह संदेश उनकी पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो के माध्यम से सफदरजंग अस्पताल से साझा किया गया। उनके आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए हस्तलिखित संदेश में उन्होंने लिखा कि 20 जुलाई का संसद मार्च देश में न्याय और भयमुक्त वातावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने संदेश में वांगचुक ने अन्याय से मुक्ति को प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं से जोड़ा, जबकि भय से मुक्ति को अपनी कथित अवैध हिरासत से संबंधित बताया। उन्होंने लोगों से अपील की कि संसद मार्च को व्यापक जनसमर्थन देकर सफल बनाया जाए। संदेश के अंत में वांगचुक ने उल्लेख किया कि यह संदेश उनकी पत्नी के माध्यम से सफदरजंग अस्पताल से भेजा गया है।

## चढ़ावा चोरी की स्वतंत्र जांच कराएं मोदी : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए चढ़ावे में चोरी के मामले में तत्काल स्वतंत्र जांच कराने, पूरा हिसाब सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि श्रीराम मंदिर में करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के साथ अपनी कमाई अर्पित की, लेकिन वहां हुई चंदा चोरी अब किसी से छिपी नहीं है। ट्रस्ट के हर सदस्य का चयन केंद्र सरकार ने किया था इसलिए इस मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी अस्वीकार्य है। उन्होंने श्री मोदी से आग्रह किया कि इस मामले की तत्काल स्वतंत्र जांच कराई जाए, ट्रस्ट का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए और दोषियों को कानून के कटघरे में लाया जाए।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ व राजौरी में बाढ़ व भूस्खलन के चलते आठ लोगों की मौत, छह लोग लापता

**एजेंसी, राजौरी।**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ व राजौरी में बाढ़ व भूस्खलन के चलते 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 6 लापता लोगों की तलाश व बचाव अभियान चलाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दो सीमावर्ती ज़िलों में भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आई और ज़बरदस्त भूस्खलन हुआ है। इस दौरान मोबाइल टावरों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके चलते यहां का नेटवर्क भी बंद हो गया था, जिसे 5 घंटों के बाद बहाल किया गया है, लेकिन बिजली अभी तक बंद है। रात भर हुई लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ गई, जिससे रिहायशी मकान मलबे में दब गए और कई परिवार मलबे के नीचे फंस गए।




सबसे ज़्यादा तबाही पुंछ जिले के सुराकोट के लोअर मुर्रा इलाके में हुई है। मृतकों की पहचान नूर सफिया (59) पत्नी मोहम्मद लतीफ़, सज्जाद अहमद (16) पुत्र मोहम्मद लतीफ, हकनवाज़ अहमद (10) पुत्र मोहम्मद लतीफ, शाहनवाज़ अहमद (10), पुत्र मोहम्मद लतीफ, खालिदा कौसर (25) पत्नी यासर इक़बाल, सोफियान (2) पुत्र यासर इक़बाल, बानो बी (60) पत्नी मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अकरम (7) पुत्र मोहम्मद लियाकत के रूप में हुई है।

## उत्तराखंड में भारी बारिश का कहर, आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के बीच हरिद्वार जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, भूस्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 84 सड़कें बंद हो गई हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए रेड और ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है।

**गिरावट**

## डॉलर के मुकाबले रुपया लुढ़कर 96.29 पर पहुंचा

# आयात महंगा, महंगाई और बढ़ने की आशंका

**आर.बी.सिंह**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** विदेशी मुद्रा बाजार में शुक्रवार को भारतीय रुपये में भारी गिरावट देखी गई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 62 पैसे टूटकर 96.29 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 96.35 तक भी पहुंचा था। पिछले एक महीने में रुपया लगभग 3.1ब कमजोर हुआ है और जून के अंत में यह 93.40 के आसपास था।

**गिरावट के पीछे ये 4 कारण :-**

**कच्चे तेल में तेजी :-** ब्रेंट क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया है। भारत अपनी जरूरत का 85ब तेल आयात करता है। महंगा तेल डॉलर की मांग बढ़ा रहा है। **डॉलर इंडेक्स मजबूत :-** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें ऊंची रखने के संकेतों से डॉलर इंडेक्स 105.80 पर पहुंच गया। इससे उभरते बाजारों से पैसा निकल रहा है।



**एफपीआई की निकासी :-** जुलाई में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर और बॉन्ड बाजार से 2.8 बिलियन डॉलर निकाले हैं।

**व्यापार घाटा :-** जून में भारत का व्यापार घाटा 25.3 बिलियन डॉलर रहा। आयात ज्यादा और निर्यात कमजोर रहने से डॉलर की मांग बनी हुई है।

**आम आदमी पर असर :-** रुपये की कमजोरी सीधे महंगाई से जुड़ी है। कच्चा तेल, खाद्य तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और दवाओं का कच्चा माल आयात महंगा होगा। पेट्रोल-डीजल के दाम में अगले 10 दिन में 1.5 से 2 रुपये तक की बढ़ोतरी संभव है। एलपीजी सिलेंडर और हवाई टिकट भी महंगे हो सकते हैं। वहीं आईटी, फार्मा और टेक्सटाइल निर्यातकों को रुपये की कमजोरी से फायदा मिलेगा। क्योंकि उन्हें डॉलर में ज्यादा रुपये मिलेंगे।

### आरबीआई और सरकार की नजर

रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप कर गिरावट को और तेज होने से रोका है। आरबीआई के पास 650 बिलियन डॉलर से ज्यादा का विदेशी मुद्रा भंडार है। बाजार सूत्रों के अनुसार आरबीआई ने सरकारी बैंकों के जरिए डॉलर बेचकर रुपये को अब तक संभाला है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है। निर्यात को बढ़ावा देने और आयात बिल घटाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। घबराने की जरूरत नहीं है। हां, फॉरेक्स विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक कच्चा तेल और डॉलर इंडेक्स नहीं गिरता, रुपये पर दबाव बना रहेगा। अगले सप्ताह रुपया 96.50 से 97 के बीच रह सकता है।

### शेयर बाजार पर भी असर दिखा

सेंसेक्स 540 अंक गिरकर 79,850 पर और निफ्टी 162 अंक टूटकर 24,300 पर बंद हुआ। रुपये की यह कमजोरी त्योहारी सीजन से पहले महंगाई की चिंता बढ़ा रही है।

# एक करोड़ 13 लाख रुपये की नकली व नशीली दवाएं सीज

- तीन अवैध गोदामों पर छापा
- तीन दिन तक चली संयुक्त कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार



गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश में नकली एवं नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद गोंडा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए, बिना लाइसेंस संचालित तीन अवैध औषधि गोदामों से लगभग 1 करोड़ 13 लाख रुपये मूल्य की नारकोटिक्स, कोडीन सिरप एवं अन्य एलोपैथिक औषधियां बरामद कर सीज कर दीं। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुख्यालय, लखनऊ के निर्देश में प्राप्त गोपनीय अभिसूचना के आधार पर जनपद गोंडा के बरियार पुरवा, सोनार गली, बड़गांव क्षेत्र में 16, 17 एवं 18 जुलाई 2026 तक लगातार तीन दिनों तक विशेष सघन छापामार अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रदेश के 9 जनपदों के औषधि निरीक्षकों तथा स्थानीय पुलिस बल की संयुक्त टीम ने भाग लिया। संयुक्त टीम सबसे पहले गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित जयनगरा, बड़गांव में संचालित बताए गए अमन फार्मास्युटिकल्स की जांच के लिए पहुंची। जांच के दौरान फर्म निर्धारित पते पर संचालित नहीं मिली और न ही वहां कोई साइन बोर्ड लगा पाया गया। इसके बाद टीम ने पूछताछ करते हुए, संचालक अमन कसौधन के आवास पर पहुंचकर जांच की। पूछताछ के दौरान अमन के भाई शिवम कसौधन ने स्वीकार किया कि वह और उसका भाई बरियार पुरवा स्थित एक स्थान से औषधियों का कारोबार करते हैं तथा उनके पास औषधि कारोबार से संबंधित कोई वैध लाइसेंस नहीं है। जांच आगे बढ़ने पर टीम को इनके द्वारा संचालित दो अन्य गोदामों की भी जानकारी मिली, जो बिना किसी वैधानिक औषधि अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से संचालित किए जा रहे थे। छापेमारी के दौरान जब टीम ने औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख, खरीद बिल, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो संचालक कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इसके बाद तीनों गोदामों में रखी भारी मात्रा में दवाओं को मौके पर ही सीज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुख्य संचालकों में शामिल शिवम कसौधन पुत्र प्रमोद कसौधन निवासी रानी बाजार, बड़गांव, गोंडा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसका भाई एवं इस अवैध कारोबार का मुख्य संचालक अमन कसौधन मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

### 19 विभिन्न औषधियों के नमूने भी एकत्र

कार्रवाई के दौरान बरामद औषधियों में 53,712 डिप्टीम प्लस कैप्सूल, 14,700 अल्ट्रानिम-पी टैबलेट, 59,256 प्रोक्सीस्पास कैप्सूल, 2,82,960 सेम्प्लेक्स प्लस कैप्सूल, 32,160 रोमर स्पास कैप्सूल, 1,96,000 ट्रामाडोल इंजेक्शन, 60,000 अल्जोमैक 0.5 (अल्प्राजोलम) टैबलेट तथा 63 बोतल कोडीन फॉस्फेट सिरप (एनरेक्स/दनरेक्स) सहित बड़ी मात्रा में अन्य एलोपैथिक औषधियां शामिल हैं। बरामद दवाओं का अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 1 करोड़ 13 लाख रुपये आंका गया है। संयुक्त टीम ने जांच के लिए 19 विभिन्न औषधियों के नमूने भी एकत्र किए हैं, जिन्हें तत्काल राजकीय प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेज दिया गया है। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित दोषी व्यक्तियों एवं फर्मों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करते हुए परिवाद दाखिल किया जाएगा।

# सफाई कर्मचारी का बेटा बना दरोगा, संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने किया सम्मानित


गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी विकासखंड वजीरगंज के ग्राम पंचायत अनभुला निवासी अखिलेश सिंह सफाई कर्मचारी के पैतृक आवास पर पहुंचकर उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह जिनका चयन अभी जल्द ही दरोगा के पद पर हुआ है उनके पिताजी नवाबगंज ब्लॉक में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं संघ को जानकारी मिलने पर फूल माला मिठाई लेकर सफाई कर्मचारी के बेटे व परिवार को फूल माला पहनाकर व हनुमान जी की तस्वीर व गमछा भेंट कर संघ ने स्वागत किया कर्मचारियों में खुशी की लहर है संघ के जिलाध्यक्ष ने भविष्य में अन्य कर्मचारियों के परिवार व बच्चों को कड़ी मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के लिए आग्रह किया श्री तिवारी ने आश्वासन दिया कि जहां पर किसी भी कर्मचारी को आवश्यकता पड़ती है व संघ को याद करें संघ उसकी आवश्यकता को पूर्ण करेगा इस मौके पर पूर्व प्रधान पिंटू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज सनीराम कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज राम सजीवन तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष इटियाथोक लोकनाथ शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर अतुल तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष बेलसर रघुनाथ मौर्य जिला उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष छपिया प्रदीप वर्मा महामंत्री मस्तराम यादव शिवनंदन मौर्य सतीश सिंह रामरूप वर्मा प्रमोद कुमार गुरु प्रसाद भारती प्रदीप कुमार राम भरोसे मौर्य सुनील कुमार राम मनोहर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### छेदीपुरवा पटेल नगर कॉलोनी में नाली के अभाव से जलभराव, गंदगी से लोग परेशान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के शहर से सटे छेदीपुरवा स्थित पटेल नगर कॉलोनी में नाली न होने के कारण स्थानीय लोगों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी के घरों के सामने और आसपास कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। अभिषेक कुमार, आजाद पटवा, छेदी, श्रवण, राजू मिश्रा, जयप्रकाश श्रीवास्तव ,सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। कॉलोनीवासियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र नाली निर्माण, नियमित सफाई अभियान चलाने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को गंदगी और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

### खेत की कब्जेदारी को लेकर महिलाओं को दबंगों ने पीटा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पाण्डेचौरा कालिकापुरवा से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। सूदखोरी से पहले से परेशान एक गरीब परिवार को अब दबंगों की गुंडई का भी शिकार होना पड़ा। आरोप है कि खेत की कब्जेदारी को लेकर गांव के दबंगों ने घर की महिलाओं के साथ मारपीट की और उन्हें बुरी तरह पीटा। घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है। न्याय की आस में पीड़ित महिलाएं कर्नलगंज कोतवाली पहुंचीं और घंटों बैठकर इंसाफ की गुहार लगाते देखी गई। पीड़ितों का आरोप है कि ब्याज के बोझ तले दबे होने के बाद अब जमीन पर भी कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। विरोध करने पर दबंगों ने महिलाओं को निशाना बनाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित परिवार ने एसपी गोंडा से कार्रवाई की मांग की है।

### कुर्रा बनाने के लिए धन की मांग सम्बन्धी शिकायत पर डीएम का कड़ा रूख

*24 घण्टे के अन्दर लेखपाल के विरूद्ध हुई निलम्बन की कार्रवाई*

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को तहसील महसी में आयोजित आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपेन्द्र कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम लालीपुरवा दा. केवलपुर द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के समक्ष एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि तत्कालीन लेखपाल दुर्गेश निगम द्वारा उसके भाई से कुर्रा बनाने के सम्बन्ध में पैसा लिया गया था और अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही थी। आरोपों की पुष्टि के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा एक आडियो क्लिप भी उपलब्ध कराया गया। उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी महसी को जांचोपरान्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम के सम्बन्धित प्रकरण की जांच राजस्व निरीक्षक/नायब तहसीलदार से कराते हुए आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये आडियो क्लिप के क्रम में तहसीलदार महसी की आख्या के अनुसार आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि करते हुए दुर्गेश निगम तत्कालीन लेखपाल तहसील महसी सम्प्रति तहसील कैसरगंज के विरुद्ध निलम्बित विभागीय कार्यवाही संचालित किये जाने हेतु संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गयी। तहसीलदार महसी की आख्या का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी कैसरगंज द्वारा वर्तमान में तहसील कैसरगंज के लेखपाल क्षेत्र रायगढ़ बेहडा में तैनात लेखपाल दुर्गेश निगम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। सम्बन्धित प्रकरण में विभागीय कार्यवाही हेतु नायब तहसीलदार जरवल सुरेन्द्र कुमार वर्मा को जांच अधिकारी नामित करते हुए निलम्बित लेखपाल को भूलेख अनुभाग कैसरगंज से सम्बद्ध कर दिया गया है।

### बालक विहान विद्यालय में लगा मेडिकल कैंप

*इनरव्हील क्लब ने 76 बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर बांटी दवाएं*



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक संगठन इनरव्हील क्लब ने शनिवार को चिलवरिया चीनी मिल के पास स्थित बालक विहान विद्यालय में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया। यह विद्यालय श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित होता है। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने अध्ययनरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। क्लब की अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में चर्म रोग विशेषज्ञ अनुष्का केडिया और दंत रोग विशेषज्ञ तेजश्री जायसवाल ने विद्यालय के 76 छात्रों का नि:शुल्क मेडिकल चेकअप किया। जांच के बाद बच्चों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं।इस अवसर पर क्लब की ओर से सभी बच्चों को टूथपेस्ट, ब्रश, साबुन, वाटर बोतल, फल, कलर, पेंसिल और सामान्य ज्ञान की किताबें प्रदान की गईं। साथ ही, विद्यालय के शिक्षकों को शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया कि क्लब ने विद्यालय परिसर में पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण भी किया है। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संध्या गोयल, पूर्व अध्यक्ष ममता केडिया समेत क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रोमी साहू ने रचा इतिहास, एलएनआईपीई ग्वालियर में एआईआर-2 हासिल कर जिले का नाम किया रोशन

गोंडा, समृद्धि न्यूज़



सपनों को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। इस बात को सच साबित कर दिखाया है जनपद गोंडा की होनहार खेल प्रशिक्षक रोमी साहू ने।

संस्कार इंटरनेशनल स्कूल में खेल अध्यापिका के रूप में कार्यरत रोमी साहू का चयन देश के प्रतिष्ठित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर में पीजीडीएससी (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग) पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। उन्होंने ओबीसी श्रेणी में अखिल भारतीय रैंक (AIR)-2 प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जनपद गोंडा और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है एलएनआईपीई, ग्वालियर देश का अग्रणी खेल शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माना जाता है, जहां प्रवेश के लिए देशभर से हजारों खिलाड़ी और खेल शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होते हैं। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में ऑल इंडिया रैंक-2 हासिल करना किसी भी खिलाड़ी या खेल प्रशिक्षक के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। रोमी साहू की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जा सकता है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो चोर गोली लगने से घायल, तीन गिरफ्तार



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

शनिवार रात्रि में थाना को0 कर्नलगंज, खरगूपुर व परसपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में पण्डितपुरवा कादीपुर लखनऊ गोण्डा मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की 02 मोटरसाइकिलों पर सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का संकेत दिया गया, किन्तु वे पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर बदमाशों ने स्वयं को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश- 01. चुनमुन चौहान उर्फ विशाल पुत्र जयकरन, 02. शिवकुमार उर्फ सुक्खी पुत्र बुधराम के पैर में गोली लगी। इसी दौरान उसके 01 अन्य साथी अभियुक्त 03. रोशनलाल पुत्र चन्द्रिका को पुलिस बल द्वारा घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्तगण 01. चुनमुन चौहान उर्फ विशाल व 02. शिवकुमार उर्फ सुक्खी को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा ले जाया गया । पुलिस द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, चोरी किए हुए आभूषण (पीली व सफेद धातु), घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल व रु. 19,400/- नकद बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गोंडा में भ्रष्टाचार को लेकर दरोगा पर मुकदमा दर्ज

**डीआईजी ने दिए आदेश, चार्जशीट लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने का था आरोप**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा के तरबगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1938 की धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई देवीपाटन रेंज के डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला के निर्देश पर किंग उपाध्याय की तहरीर पर शनिवार देर शाम 6.10 बजे तरबगंज थाने में हुई। मामले की जांच सीओ तरबगंज उमेश्वर प्रताप सिंह को सौंपी गई है। उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव पर आरोप है कि उन्होंने चार्जशीट लगाने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत ली थी। हालांकि, बाद में उन्होंने मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी यह आरोप तरबगंज थाना क्षेत्र के मन्नीपुर गांव निवासी किंग उपाध्याय ने लगाया है।

# सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- डीआईजी, डीएम व एसपी ने तैयारियों लिया का जायजा, कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

जिले के तेजवापुर के राम लीला मैदान में 21 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन है। जनपद बहराइच में तहसील महसी वि.ख. तेजवापुर के ग्राम बेड़नापुर के रामलीला ग्राउण्ड के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित जनपद आगमन के दृष्टिगत डीआईजी देवी पाटन मण्डल अशोक कुमार, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, उप जिलाधिकारी महसी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तहसील महसी वि.ख. तेजवापुर के ग्राम बेड़नापुर के रामलीला ग्राउण्ड में डीआईजी, डीएम व एसपी ने संभावित कार्यक्रम के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, मंच एवं पण्डाल, पार्किंग, बैरीकेडिंग, आवागमन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि सभी चिन्हित स्थानों पर आर्कषक ढंग से सजावट करायी जाय। इसके साथ-साथ जन कल्याणकारी प्रदर्शनी लगाये जाने का भी निर्देश दिये गये। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय जिससे किसी को पानी इत्यादि की कमी न हो। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित होर्डिंग्स व बैनर आकर्षक ढंग से लगाये जायें। डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल के समुचित साफ-सफाई व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करे। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों, मीडिया व अधिकारियों तथा कार्यक्रम में आने वाले अन्य वाहनों के लिए पार्किंग के बेहतर प्रबन्ध किये जायें तथा साइनेज बोर्ड भी लगवाये जायें।

### जिले में 698 वाहनों का चालान, एक सीज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** यातायात पुलिस ने रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 698 वाहनों का चालान किया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर यह अभियान नगर और ग्रामीण इलाकों में यातायात प्रभारी राम प्रसाद यादव के नेतृत्व में चलाया गया। नियमों का पालन न करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर कुल 8 लाख 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और गलत या अस्पष्ट नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी क्रम में एक वाहन को सीज भी किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सकेगा।

# भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

- दस लाख रुपये की स्मैक बरामद, कपड़ों के अंदर छिपाकर रखी थी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रुपईडीहा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा पर शनिवार देर रात एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब दस लाख रुपये मूल्य की स्मैक बरामद की गई।

रूपईडीहा थाने के उपनिरीक्षक अजय कुमार, आरक्षी सोविन्द्र यादव, मनोज वर्मा, अभिषेक सिंह, रविन्द्र यादव और अभिषेक राय एसएसबी टीम के साथ देर रात गश्त कर रहे थे। इसी दौरान नेपालगंज रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर स्थित पिलर संख्या 651/2 के पास एक युवक नेपाल की ओर जाता दिखा।युवक की गतिविधि संदिग्ध लगने पर टीम ने उसे रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कपड़ों के अंदर छिपाकर रखी गई दस लाख रुपये कीमत की स्मैक मिली, जिसके बाद उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान शमीम अहमद (उम्र करीब 38 वर्ष) निवासी चिकवन मोहल्ला, मुनीरगंज, थाना रूपईडीहा के रूप में हुई है। शमीम अहमद पर पूर्व में भी मादक पदार्थ अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं।

# मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर निलंबित

- सोनम वांगचुक के समर्थन में मार्च निकालने पर कार्रवाई



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** सोनम वांगचुक के समर्थन में पैदल मार्च निकालने वाले एक जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक को रविवार को निलंबित कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन भी किया है। यह घटना दो दिन पहले शुक्रवार को हुई थी। मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. रुपक इखे अमरावती (महाराष्ट्र) के निवासी हैं। उन्होंने शहर की सड़कों पर अकेले पैदल मार्च किया था। डॉ. इखे ने सोनम वांगचुक के समर्थन में संदेश लिखी टी-शर्ट पहनी थी और हाथ में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया था। उन्होंने डिगिहा तिराहे से जिलाधिकारी आवास तक अकेले मार्च किया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में जूनियर डॉक्टर यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वे सोनम वांगचुक की मुहिम से जुड़े हैं और उनका समर्थन करते हैं। वीडियो सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने इसका संज्ञान लिया और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए डॉ. इखे को निलंबित कर दिया।

# मगरमच्छ हमले में मृत मासूम के परिजनों से मिले डीएम व एसपी, बंधाया ढांढस

- टिकुरी गांव में घटना स्थल पर पहुंचे, 5 लाख की मदद देने का दिया भरोसा



बहराइच समृद्धि न्यूज।

तहसील महसी के परगना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम टिकुरी में वृहस्पतिवार को अपरान्ह लगभग 03:30 बजे घाघरा नदी में मगरमच्छ के हमले में 12 वर्षीय बालक सुनील सिंह पुत्र स्व. बुधराम सिंह की मृत्यु हो गई है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत व अन्य अधिकारियों के साथ ग्राम टिकुरी स्थित घटना स्थल का भ्रमण कर घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने मृतक बालक के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक बालक के छोटे भाई संजय सिंह आयु लगभग 11 वर्ष व छोटी बहन सीमा सिंह आयु लगभग 07 वर्ष को परिजनों की सहमति से अच्छे स्कूल में शिक्षा दिलाये जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मृतक बालक के हिताधिकारियों को अहेतुक सहायता प्रदान करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही सरकार द्वारा अनुमन्य धनराशि रू. पांख लाख हस्तगत करा दी जायेगी। डीएम श्री त्रिपाठी ने घटना स्थल मौजूद ग्रामवासियों से अपील की कि सर्तकता बनाये रखें। विशेषकर छोटे बच्चों को नदी व पोखरों के आस-पास न जाने दें।

### संघ का वन विहार कार्यक्रम, बाटी-चोखा भोज व पौधरोपण का आयोजन



**रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड रेहरा की ओर से शनिवार को गायत्री पब्लिक स्कूल, सरायखास में वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों व अतिथियों ने सामूहिक रूप से बाटी-चोखा भोज में सहभागिता की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व खंड संघ चालक भारत नरेश सिंह ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सहयोग, एकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम में रेहरा ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष जिलेदार पांडेय, भाजपा नेता पिंकू सिंह, शैलेंद्र सिंह, राधेश्याम वर्मा, गायत्री पब्लिक स्कूल के प्रबंधक इंद्रजीत सिंह, भानु प्रताप मौर्य, राजकुमार शर्मा, जिला पंचायत प्रत्याशी श्याम जी वर्मा, अजय सिंह, अमित तिवारी, गणेश प्रताप सिंह, राम उजागर यादव, ओम प्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने वृक्षारोपण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। सामूहिक बाटी-चोखा भोज में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# साइबर फ्रॉड के 20000 रुपये पीड़ित के खाते में वापस

श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



थाना श्रीदत्तगंज पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही की सराहना कर पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

आवेदक सतीश कुमार पुत्र अज्ञाराम निवासी ग्राम वायभीठ थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 17.07.2026 को आवेदक ने गलती से दूसरे के अकाउंट में पेटीएम से 20000 रु. भेज दिए थे । इस घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने पर साइबर हेल्पडेस्क थाना श्रीदत्तगंज द्वारा संबंधित बैंक टीम के समन्वय से त्वरित कार्रवाई करते हुए 20000 रुपये की संपूर्ण धनराशि को तत्काल होल्ड कराया गया।

साइबर हेल्पडेस्क थाना श्रीदत्तगंज द्वारा शिकायत पर प्रकरण को संज्ञान में लेकर तत्काल तकनीकी जांच की गई। जांच के दौरान ठगी गई 20000 रुपये की धनराशि को आरोपी के बैंक खाते में होल्ड करायी गई थी अग्रिम कार्यवाई 18/07/26 को संबंधित आरोपी के बैंक खाते का विवरण प्राप्त कर सस्पेक्ट को थाने पर बुलाकर दिनांक 19/07/2026 को आवेदक का 20000/- रुपए वापस कराया गया। धनराशि वापस पाकर पीड़ित ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही की सराहना कर पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पूर्व सांसद प्रत्याशी ने बरदौलिया में सरकारी अस्पताल बनवाने के लिये किया प्रदर्शन

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा श्रावस्ती के अगुवाई में बरदौलिया के युवाओं ने सरकारी अस्पताल बनवाने के लिए किया प्रदर्शन, शिवपुरा से बरदौलिया मुख्य सड़क किनारे बरदौलिया गांव दक्षिण भागड़ के पास उप स्वास्थ्य केंद्र बरदौलिया का कई वर्षों पहले निर्माण किया गया था जो आजतक मौके पर चालू नहीं हुआ न ही किसी व्यक्ति को कोई स्वास्थ्य लाभ हुआ भवन धीरे धीरे खंडहर में तब्दील हो गया लेकिन अस्पताल के बिना मेडिकल से दवा खरीदकर खाने के लिए जनता मजबूर है झोलाछाप डॉक्टरों से ईलाज करवाना पड़ता है क्योंकि आसपास कोई सरकारी अस्पताल नहीं है करीब दस किलोमीटर दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा और इसी तरह से दस किलोमीटर दूर मिसिरपुरवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया सतघरवा बलरामपुर बना तो है लेकिन बीमारी जांच करने की व्यवस्था तक नहीं है आजतक बरदौलिया बाजार में कोई सरकारी अस्पताल नहीं होने से जनता में आक्रोश व्याप्त है युवाओं ने उप स्वास्थ्य केंद्र बरदौलिया पर प्रदर्शन करके चालू करवाने एवं फिर से नई सरकारी अस्पताल बनवाने की मांग किया साथ ही श्रीमान जिला अधिकारी महोदय बलरामपुर के नाम से प्रार्थनापत्र भी लिखा इस प्रदर्शन में समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल के साथ युगल किशोर शुक्ल निवासी पदुमचक्की समेत, सुजीत कुमार राम बाबू, साकेत बिहारी, रोहित मणि, उमेश,संदीप कुमार, शाकिर,पंकज, आवेश, सुभानरजा, रक्षा राम आदि तमाम युवा एवं ग्रामीण मौजूद रहे एडवोकेट युगल किशोर शुक्ल ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर अस्पताल बनवाने की मांग किया जिसका संदर्भ संख्या 40018226013727 है।

# आमजन की सुरक्षा करने वाले कार्मिक सम्मानित

- एसडीआरएफ, पीएसी व अग्निशमन सेवा के कार्मिकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया पुरस्कृत
- आपदा प्रबंधन के लिए धनराशि की कमी नहीं
- जान बचाने वाले नाविकों, मानव-वन्य जीव संघर्ष में जीवन बचाने वाले के बारे में भी करेंगे विचार



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अपना जीवन दांव पर लगाकर आमजन की सुरक्षा करने वाले एसडीआरएफ, पीएसी व अग्निशमन सेवा के कार्मिकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य आपदा प्रबंधन के मुख्यालय के लोकार्पण के अवसर पर पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री योगी ने मंच से कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए धनराशि की कमी नहीं है। आने वाले समय में सभी विभागों को भी इससे जोड़ेंगे। इसके अलावा जान बचाने वाले नाविकों, मानव-वन्य जीव संघर्ष में जीवन बचाने वाले के बारे में भी

### मुख्यमंत्री के हाथों इन्हें मिला सम्मान

सुभाष चंद्र मुख्य आरक्षी, 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी (अयोध्या में सरयू नदी में फंसे श्रद्धालुओं की जान बचाई थी।)
शैलेंद्र कुमार आरक्षी, 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी (लखनऊ में हुए अग्निकांड के दौरान बहुमंजिला भवन में फंसे नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला)
लालचंद्र यादव (डी दल) टीम प्रभारी (निरीक्षक), राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश (आपदा प्रबंधन अभियानों में टीम का साहसिक नेतृत्व)
नर्वदेश्वर (डी दल) प्लाटून कमांडर, राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश (जीरो ग्राउंड ऑपरेशन के दौरान टीम प्रभारी की रणनीतियों को धरातल पर लागू किया)
महेंद्र यादव व रामजग कुमार मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 32वीं वाहिनी पीएसी (प्रयागराज के अरैल घाट पर यमुना में डूब रही बच्ची को रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाया)
योगेंद्र प्रसाद चौरसिया अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन विभाग (नोएडा की गारमेंट कंपनी में लगी आग को सूझबूझ से फैलने से रोका)
अशोक कुमार फायरमैन, अग्निशमन विभाग (अलीगंज, लखनऊ में हुए अग्निकांड में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, स्वयं घायल होने के बावजूद अदम्य साहस का परिचय दिया)।

# सपा अध्यक्ष ने की जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने की अपील

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने की अपील की है। रविवार को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए यह बात छात्रों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही है।

अखिलेश ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने की युवाओं और उनके अभिभावकों की मुहिम में, हम सब पूरी तरह से आपके साथ हैं। बदले की भावना में जल रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जौहर यूनिवर्सिटी को अपनी संकीर्ण राजनीति का शिकार बनाने की कोशिश न करे। इस दुर्भावनापूर्ण पक्षपाती फैसले के खिलाफ, हमारे साथ हमारा छोटे-से-छोटा कार्यकर्ता, समर्थक, बड़े-से-बड़ा नेता और वो सब हजारों बच्चे व उनके मेहनतकश माता-पिता भी हैं जिनके सपने पर बुलडोजर चलाने की निकृष्ट कोशिश भाजपा सरकार कर रही है।

हर विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है, हम शिक्षा के मंदिर को बचाने के लिए देश भर से अपील करते हैं कि वो हमारे साथ आएं। विश्वविद्यालय में हर समाज के बच्चे पढ़ते हैं, क्या भाजपा अब हर समाज के युवाओं के विरुद्ध हो गई है।

भाजपा का अहंकार ही ये सब गलत काम करा रहा है। अगर कहीं कुछ काग़ज़ी कमी है भी तो उसके कागज पूरे करके यूनिवर्सिटी को बचाया जाए और स्टूडेंट्स के भविष्य को भी। यहाँ गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं, जिनके पास इतना पैसा नहीं होता कि वो भाजपाइयों की तरह अपने बच्चों को महँगे विश्वविद्यालय या विदेशों में पढ़ा सकें। जिनके न परिवार हैं न बच्चे, वो परिवारवालों का दर्द क्या जानें। अगर भाजपा के मन में बच्चों, युवाओं, उनके परिवार-परिजनों व समाज के लिए रत्ती भर भी सहानुभूति होती तो वो ज़ुल्म और नाइंसाफ़ी से भरी इस विध्वंसक कार्रवाई का तत्काल कोई विकल्प ढूँढती।

## खबरें एक नजर में

### एएनटीएफ और बीकेटी पुलिस ने पकड़े दो गांजा तस्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में नशे के कारोबार के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफऔर बीकेटी पुलिस की संयुक्त टीम ने रोडवेज बस से गांजे की खेप ले जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है एएनटीएफऔर बीकेटी पुलिस को सूचना मिली थी कि रोडवेज बस के जरिए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने सीतापुर रोड पर घेराबंदी कर एक रोडवेज बस को रोका। तलाशी के दौरान बस से दो संदिग्धों को पकड़ा गया।पुलिस की जांच में आरोपियों के पास से 20.570 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। मोबाइल फोन, नगदी और बस टिकट भी मिले हैं। पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।बीकेटी थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### डॉक्टर के घर चोरी, 40-50 लाख के जेवर-नकदी गायब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र स्थित विराम खंड में चोरों ने एक डॉक्टर के बंद मकान में चोरी की। चोरों ने घर से 40–50 लाख रुपए के जेवर, नकदी और बैंक से जुड़े अहम दस्तावेज चोरी कर लिए। उसके बाद जाते समय लॉकर की चाबी भी निकाल ले गए। डॉक्टर परिवार के साथ त्र्यंबकेश्वर महादेव दर्शन करने नासिक गए हुए थे। पीड़ित डॉ. निशांत जायसवाल के मुताबिक, कासगंज एटा में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। वह इस वक्त छुट्टी पर लखनऊ आए हुए थे। पत्नी और बेटे यहीं रहते हैं। 12 जुलाई को परिवार के साथ नासिक त्र्यंबकेश्वर महादेव दर्शन करने गए थे। रविवार सुबह करीब 8 बजे घर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। चोरों ने घर की अलमारी और दोनों बेड के बॉक्स खंगाल दिए। घर से सोने की चार चूड़ियां, 10 जोड़ी बालियां, सात अंगूठियां, तीन चेन, छह जोड़ी चांदी की पायल, चांदी का लोटा, चांदी की लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति, 12 ग्राम की चांदी की अंगूठी और 50 हजार रुपए नकद समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार, बैंक की पासबुक, चेकबुक, महत्वपूर्ण बैंक दस्तावेज और बैंक लॉकर की चाबी भी गायब है। डॉ. जायसवाल ने गोमतीनगर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और घटना की जांच की जा रही है।

### रिहायशी इलाके में मोबाइल टावर लगाने का विरोध, लोगों ने किया हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के राजेंद्र नगर क्षेत्र में रविवार को रिहायशी इलाके में मोबाइल टावर लगाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि रेजिडेंशियल एरिया में कमर्शियल मोबाइल टावर लगाया जा रहा है, जिसका वे विरोध कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने टावर लगाए जाने के खिलाफनारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में नितिन श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव, संतोष पांडे, रश्मि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि रिहायशी क्षेत्र में इस तरह का कमर्शियल टावर लगाए जाने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ेगी। उन्होंने प्रशासन से टावर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने और मामले की जांच कराने की मांग की।

### राम नगर आलमबाग में खुला साई हांडा बैंगल्स का नया शोरूम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं और युवतियों की विश्वसनीय वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी के नए शोरूम साई हांडा बैंगल्स का आज राजधानी के राम नगर, आलमबाग में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने साई हांडा बैंगल्स के शोरूम में मौजूद 1 ग्राम गोल्ड ज्वेलरी और बैंगल्स (कंगनों) की फिनिशिंग और चमक की सराहना करते हुए कहा कि इनके डिजाइन्स और कारीगरी अद्भुत है। उन्होंने महिलाओं की पसंद को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की वैरायटी इतनी खूबसूरत है कि कोई भी महिला अपनी पसंद के अनुसार आसानी से मैचिंग ज्वेलरी चुन सकती है। इस अवसर पर साई हांडा बैंगल्स के संस्थापक सनी हांडा ने कहा कि लखनऊ हमारे विस्तार की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आलमबाग में नए शोरूम की शुरुआत के माध्यम से हमारा प्रयास शहर के ग्राहकों तक बेहतर गुणवत्ता युक्त नवीन डिजाइनों और विश्वसनीय सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाना है। उन्होने कहा कि साई हांडा बैंगल्स वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी के क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त, आकर्षक डिजाइनों और ग्राहकों के भरोसे के लिए जाना जाता है। कंपनी अपने उत्पादों में 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड फिनिश, लाइफटाइम 50 प्रतिशत बायबैक सुविधा देती है। समारोह में साई हांडा बैंगल्स के निदेशक काजल देव ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को एक ही स्थान पर वन ग्राम गोल्ड ज्वेलरी की आकर्षक एवं आधुनिक डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराना है। इस शोरूम में पारंपरिक और समकालीन दोनों तरह के डिजाइनों का विशाल संग्रह है, जिससे विभिन्न आयु वर्ग और पसंद के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

# भारत में शिक्षा पूर्णतया नि:शुल्क थी, अंग्रेजों ने लगाया शुल्क : डॉ. कृष्ण गोपाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने एक संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहाकि भारत में शिक्षा पूर्णतया निऱ्शुल्क थी। छात्रों को भोजन, वस्त्र,औषधि व पुस्तकें गुरूकुल में निःशुल्क प्राप्त होती थीं। शिक्षा में शुल्क लगाने का काम अंग्रेजों ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का स्वरूप भिन्न दिशा में जा रहा है। आज देश में बड़े-बड़े हाइवे व एयरपोर्ट बन रहे हैं,लेकिन 80 प्रतिशत समाज उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं है। इससे समाज में असंतोष उत्पन्न होता है।

वह रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में महामना शिक्षण संस्थान के नूतन सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि भारत में आर्थिक व भौतिक उन्नति पर्याप्त थी। दुनिया को व्याकरण, अक्षर ज्ञान, दशमलव, गणित, त्रिकोणमिति, नक्षत्रों की गणना करना, दुनिया को कपड़ा पहनना भारत ने सिखाया। दुनिया में सबसे पहले जहाज भारत ने बनाया।

सह सरकार्यवाह ने कहा कि भारत के प्रत्येक गांव में विद्यालय थे। नालंदा, तक्षशिला व विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय भारत में थे जहां अनेक देशों के विद्यार्थी पढ़ने आते थे। इस्लाम के आक्रमण ने हमारे संस्थानों को नष्ट किया। जब अंग्रेज आये तो उन्होंने भारत की शिक्षा को ही प्रतिबंधित कर दिया। देखते ही देखते भारत निरक्षर देश में बदल गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी लखनऊ के निदेशक प्रो. अरूण मोहन शेरी ने कहा कि महामना शिक्षण संस्थान समाज को बदलने और समाज को दिशा देने का काम कर रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में तनाव व आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में थोड़ा बदलाव की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति दुर्ग सिंह चौहान ने कहा कि शिष्टाचार की जननी माँ होती है। माता–पिता से ही बेटा सीखता है। उन्होंने कहा कि देश की समस्याओं का समाधान शिक्षा में ही है। पौराणिक संस्कारों से ही भारत खड़ा होगा। डॉ. अणिमा जामवाल ने बताया कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और भाऊराव देवरस इन दो महापुरूषों की प्रेरणा से महामना मालवीय शिक्षण संस्थान चल रहा है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी, प्रान्त प्रचारक कौशल,पूर्व क्षेत्र प्रचारक शिवनारायण, क्षेत्र के गौरक्षा गतिविधि के संयोजक सामाजिक सदभाव के प्रान्त प्रमुख राजेन्द्र, विभाग प्रचारक अनिल, कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट, डॉ. नवीन जामवाल व डॉ. संतोष शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को बनाया जनआंदोलन : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को वाराणसी के शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के सूरजकुंड से 76 दिवसीय वार्ड प्रवास कार्यक्रम का शुभारंभ किया जो 2 अक्टूबर तक संचालित होगा, जिसके माध्यम से जनप्रतिनिधि वार्डों में पहुंचकर स्वच्छता, जनसंपर्क, जनसमस्याओं के समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य करेंगे।


श्री शर्मा ने कहा कि भारत के इतिहास में स्वच्छता को सबसे अधिक महत्व देने वाले दो महान व्यक्तित्व हैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने स्वयं काशी की गलियों में झाड़ू लगाकर पूरे देश को स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी ने विकास का एक नया अध्याय लिखा है।

आज काशी विश्वनाथ धाम, नमो घाट, रिंग रोड, अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम, रोपवे, बनास डेयरी सहित महत्वाकांक्षी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं अथवा तेजी से प्रगति पर हैं। निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगा। वार्ड प्रवास कार्यक्रम केवल एक स्वच्छता अभियान ही नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है।

# दो शातिर चेन स्नैचर चढ़े पुलिस के हत्थे

- डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के निर्देशन में महिला से चेन लूट की वारदात का महज 48 घंटे में खुलासा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के पूर्वी जोन की क्राइम/सर्विलांस टीम एवं थाना गोमतीनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने महिला से चेन लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चेन स्नैचरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रु. 9,200 नगद तथा वारदात में प्रयुक्त काली स्कूटी (UP32BD8161) बरामद कर सीज कर दी है। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के अनुसार, 16 जुलाई 2026 को गोमतीनगर क्षेत्र में 59 वर्षीय महिला राजकुमारी को पीछे से धक्का देकर उनके गले से सोने की चेन झपटकर बदमाश फरार हो गए थे। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना गोमतीनगर में मु.अ.सं. 306/2026 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर थाना गोमतीनगर पुलिस एवं पूर्वी जोन की क्राइम/सर्विलांस टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 18 जुलाई को सहारा ओवरब्रिज के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आकाश कुमार उर्फ राजन शुक्ला (19 वर्ष) निवासी बाराबंकी (हाल पता विपुल खंड-1, गोमतीनगर) तथा अमित कुमार अवस्थी (26 वर्ष) निवासी शाहजहांपुर (हाल पता पंतनगर, खुर्रमनगर, लखनऊ) के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने लूटी गई सोने की चेन को मणप्पुरम फाइनेंस, विकास नगर में रु. 23,700 में गिरवी रख दिया था। प्राप्त रकम तीन लोगों में बांट ली गई थी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के कब्जे से क्रमशः रु. 4,630 और रु. 4,570, कुल रु. 9,200 बरामद किए गए हैं।

बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2)/61(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। स्नैचरों की गिरफ्तारी में इन पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। थाना गोमतीनगर से उपनिरीक्षक त्रिविक्रम सिंह, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार सरोज, सुरेन्द्र कुमार, आकाश यादव एवं शुभम कुमार शामिल रहे। वहीं पूर्वी जोन की सर्विलांस टीम से उपनिरीक्षक अमरनाथ चौरसिया, हेड कांस्टेबल संदीप पाण्डेय, कांस्टेबल शिवानंद खरवार, तरनजीत सिंह, अजय यादव एवं प्रदीप कुमार ने गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बीबीडी यूनिवर्सिटी ने जस्टिस डी. पी. गुप्ता की मनाई 100वीं जयंती

- कानूनी शिक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन का किया सम्मान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बाबू बनारसी दास (बीबीडी) यूनिवर्सिटी ने शनिवार को राजस्थान हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश स्वर्गीय न्यायमूर्ति डी. पी. गुप्ता की 100वीं जयंती के अवसर पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कुलाधिपति अलका दास गुप्ता, स्वर्गीय जस्टिस डी.पी. गुप्ता की बेटी और प्रो-चांसलर विराज सागर दास के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायपालिका, कानून, शिक्षा जगत और बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में जस्टिस डी. पी. गुप्ता के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। साथ ही, कानूनी शिक्षा को आगे बढ़ाने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई।

जस्टिस डी. पी. गुप्ता ने राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएँ दीं। इसके बाद उन्होंने राजस्थान के कार्यवाहक लोकायुक्त और कार्यवाहक राज्यपाल की जिम्मेदारी भी निभाई। ईमानदारी, गहरी कानूनी समझ और लोगों की सेवा के प्रति उनके समर्पण के कारण उन्हें हमेशा सम्मान मिला। कानून और न्याय के क्षेत्र में उनका योगदान आज भी नई पीढ़ी के वकीलों और कानून के छात्रों को प्रेरित करता है। इस मौके पर बीबीडी यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति अलका दास गुप्ता ने कहा कि यह 100वीं जयंती सिर्फ एक महान न्यायाधीश को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि उन मूल्यों का भी सम्मान है, जिन पर उन्होंने अपना पूरा जीवन जिया। उन्होंने कहा, जस्टिस डी. पी. गुप्ता का मानना था कि न्यायपालिका की असली ताकत ईमानदारी, निष्पक्षता और संविधान के मूल्यों के प्रति अटूट विश्वास में है। हमें गर्व है कि हम ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनके योगदान को सम्मान दे रहे हैं, जो युवाओं को आगे बढ़ने और उनके दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस कार्यक्रम में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और भारत के 23वें विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस दिनेश माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# बंद घरों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरफ्तार

- इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्रा के नेतृत्व में लगातार मड़ियांव पुलिस की कार्रवाई जारी, चोरों-अपराधियों में मचा हड़कंप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मड़ियांव पुलिस ने बंद घरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों में हड़कंप मच गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत रविवार को पुलिस टीम ने शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का लैपटॉप, आईपैड, मोबाइल फोन, हाथ की घड़ियां, पायल, मंगलसूत्र तथा वारदात में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष पाण्डेय, कृष्णा गुप्ता, सुमित श्रीवास्तव उर्फ़ नाटी, अभिषेक तिवारी और राजा गुप्ता के रूप में हुई है। वहीं स्थानीय थाने पर दर्ज दो मुकदमों का सफ़ल अनावरण हुआ है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा बंद मकानों की ऑटो रिक्शा से रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की जानकारी सामने आई है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास एवं अन्य वारदातों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है। मड़ियांव पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कामयाबी मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


### उत्तर प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख बनाए गए प्रशासक, आदेश जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने ग्राम प्रधानों व जिला पंचायत अध्यक्षों की तरह ब्लॉक प्रमुखों को भी प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में रविवार को सभी 826 ब्लॉक प्रमुखों की प्रशासक के तौर पर नियुक्ति का आदेश भी जारी कर दिया। प्रदेश में यह पहली बार है जब सरकार ने जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुखों और ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाया है। पंचायती राज विभाग के मुताबिक, ब्लॉक प्रमुखों की पहली बैठक 20 जुलाई 2021 को हुई थी। ऐसे में रविवार को पांच वर्ष का कार्यकाल खत्म हो रहा है। जारी आदेश के अनुसार, प्रशासक बने ब्लॉक प्रमुख सिर्फ सामान्य रूटीन काम ही करेंगे और किसी प्रकार का नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे। अगर कोई नीतिगत मामला आता है तो क्षेत्र पंचायत संबंधित प्रस्ताव अपने जिले के जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजेंगे। इस प्रकार नीतिगत प्रस्तावों पर शासन स्तर पर ही अंतिम मुहर लगाई जाएगी।

**तैयारी** — हर जिले में लगेंगे बायोगैस प्लांट

# उत्तर प्रदेश बनेगा गो आधारित अर्थव्यवस्था का केंद्र

- आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र का अनुभव गांवों तक पहुंचेगा
- ग्रीन टेक्नीशियन की नई पीढ़ी तैयार होगी
- एलपीजी पर निर्भरता घटेगी, जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में गो आधारित ग्रीन इकोनॉमी का सबसे बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। प्रदेश के हर जिले में एक हजार से अधिक घरों में मिनी बायोगैस प्लांट लगाने की योजना तैयार की गई है। इसमें फिक्स के साथ पोर्टेबल प्लांट भी लगाए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में आईआईटी दिल्ली तकनीकी साझेदार की भूमिका निभाएगा, जबकि इस क्षेत्र में कार्य कर रही 15 से अधिक अग्रणी कंपनियों ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस परियोजना से जुड़ने में रुचि दिखाई है। इसके साथ ही ग्रामीणों को प्लांट लगाने के लिए अनुदान देने की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है।

प्रदेश की गोशालाओं को %रूरल रिसोर्स एंड एनर्जी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां गोबर से बायोगैस, बायो-सीएनजी, ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर और भविष्य में कार्बन क्रेडिट तक की पूरी वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। योगी सरकार का लक्ष्य गो आधारित उत्पादों को आय, ऊर्जा और रोजगार का स्थायी स्रोत बनाना है।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने रविवार को बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी ताकत तकनीकी और औद्योगिक सहयोग है।

आईआईटी दिल्ली प्लांट की तकनीक, संचालन, रखरखाव और युवाओं के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेगा। वहीं, इस क्षेत्र में कार्यरत 15 से अधिक बड़ी कंपनियां प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में परियोजना के क्रियान्वयन और विस्तार में भागीदारी के लिए आगे आई हैं। इससे आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र के अनुभव का लाभ गांवों तक पहुंचेगा। आईआईटी दिल्ली के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर के युवाओं को बायोगैस प्लांट की स्थापना, संचालन और रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे ग्रीन टेक्नीशियन की नई पीढ़ी तैयार होगी। वहीं, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए भी स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्लांट से तैयार गैस का उपयोग घरेलू ईंधन के रूप में होगा, जिससे ग्रामीण परिवारों का रसोई गैस खर्च कम होगा। वहीं, प्लांट से निकलने वाली स्लरी उच्च गुणवत्ता वाली ऑर्गेनिक खाद के रूप में खेतों में इस्तेमाल होगी। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटेगी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा।

### ग्रामीण आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेगा मॉडल

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना और जैविक खाद का उत्पादन बढ़ाना है। प्लांट लगाने के लिए ग्रामीणों को अनुदान देने की योजना भी तैयार की जा रही है। आने वाले समय में यह मॉडल उत्तर प्रदेश को देश की गो आधारित ग्रीन इकोनॉमी का अग्रणी राज्य बनाएगा।



## खबरें एक नजर में

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रीशनिदेव भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत हुई संपन्न

**भंडारे में श्रद्धालुओं को समाजसेवी डॉ. केपी गुप्ता ने वितरित किया प्रसाद**

**शाहजहांपुर।** जनपद के रौसर कोठी में लालबाग स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर ट्रस्ट परिसर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्री शनिदेव भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान वरिष्ठ सर्जन डॉ. के.पी. गुप्ता ने मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष, सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्री शनिदेव भगवान को मंदिर में विराजमान कराया। आयोजको ने डॉ केपी गुप्ता का पगड़ी,पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। जिसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस पावन अवसर पर डॉ. के.पी. गुप्ता ने ट्रस्ट के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार होमगार्ड की मौत

**कलेक्ट्रेट से ड्यूटी करके घर वापस आ रहा था**



**रोजा, शाहजहांपुर।** ड्यूटी से घर आते समय अटसलिया नहर के पास अज्ञात वाहन ने होमगार्ड की मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप में घायल हो गया। जिससे उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया हैं। थाना रोजा के गांव कटिया कम्मू निवासी शकील (52) पुत्र फिरासत की कलेक्ट्रेट परिसर से ड्यूटी खत्म करके रविवार की सुबह अपनी मोपेड से घर आ वापस आ रहा था, तभी अटसलिया नहर के पास पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शकील गंभीर रूप में घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गंभीर रूप में घायल शकील की उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना जानकारी मिलते ही परिवार भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं।

### एलटी पोल पर कार्य के दौरान संविदा कर्मी गिरा, पैर टूटा, जिला अस्पताल में भर्ती

**शाहजहांपुर।** शहर के 33/11 विद्युत उपकेंद्र सिटी पार्क, डिवीजन द्वितीय में कार्यरत संविदा कर्मचारी जयशंकर कार्य के दौरान हादसे का शिकार हो गए। लोधीपुल के आगे बाबा साहब पेट्रोल पंप के सामने एलटी पोल पर सीढ़ी के सहारे कार्य करते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह पोल से नीचे गिर पड़े। हादसे में उनके पैर में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद संविदा कर्मचारियों और सरकारी लाइनमैन ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लाख रुपए नहीं दे पाने पर रिश्ता तोड़ा

**बंडा, शाहजहांपुर।** दहेज में बाइक और पांच लाख नकद नहीं दे पानी पर गोद भराई होने के बाद शादी करने से मना कर दिया। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बंडा के मोहल्ला धर्मापुर की राम प्रवेश की पत्नी माया देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने करीब 4 माह पूर्व लखीमपुर खीरी के पलिया कला में तय की थी जिसकी शिव मंदिर में दिखाई होने के बाद गोद भराई भी हो चुकी है गोद भराई में मेरे 50 हजार रुपए खर्च हुए थे बाद में एक बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लख रुपए की मांग करने लगे मांग पूरी नहीं कर पाने पर उन्होंने शादी करने से मना कर दिया। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### विवेक कुशवाहा ने स्व-अध्ययन से नीट परीक्षा में पाई सफलता



**बंडा, शाहजहांपुर।** ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं यदि ठान लें, तो सीमित संसाधनों में भी सफलता के शिखर को छुआ जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है । बंडा के गांव कल्याणपुर धरमाई, निवासी विवेक कुशवाहा ने विपरीत परिस्थितियों के बीच घर पर ही रहकर दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी की और अपने दूसरे प्रयास में 553 अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव, समाज और जिले का नाम रोशन हुआ है। एक अत्यंत साधारण और सीमित आय वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले विवेक कुशवाहा के पिता भगवान सिंह कुशवाहा एक साधारण किसान हैं। विवेक की इस स्वर्णिम सफलता पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विवेक कुशवाहा की इस अभूतपूर्व सफलता पर जसपाल गौतम, राहुल कुशवाहा, धर्मवीर शर्मा आदि लोगों ने घर पहुंच कर बधाई देते हुए सफलता की कामना की।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण और परखी स्वास्थ्य सेवाएं**



**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी और सराय काइयां का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अस्पतालों में साफ-सफाई व मरीजों के प्रति बेहतर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र पाल, फार्मासिस्ट अभिषेक श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स मनीषा देवी, एएनएम मंजू देवी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित मिले, जबकि लैब टेक्नीशियन आकाश मिश्रा अवकाश पर थे। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में 21 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। सीएमओ ने स्वयं एक मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल के अंदर और बाहर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं 42 मरीजों को एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) लगाई जा चुकी थी। एएनएम मंजू देवी ने तीन बच्चों का टीकाकरण किया तथा एक गर्भवती महिला की एएनसी जांच कर टीडी का टीका लगाया।इसके बाद सीएमओ ने अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय काइयां का निरीक्षण किया। यहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीक्षा तिवारी, स्टाफ नर्स कंचन और लैब टेक्नीशियन जईम खां उपस्थित मिले, जबकि फार्मासिस्ट अनूप अवकाश पर थे। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में 10 मरीजों का उपचार किया जा चुका था। लैब में 17 मरीजों की जांच की गई, जिनमें कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं मिला। एएनएम द्वारा एक गर्भवती महिला की एएनसी जांच कर टीडी का टीका लगाया गया।निरीक्षण के अंत में सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए।

**कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर एसपी सख्त**

# डीजे संचालकों और कांवड़ जत्थों को दिए दिशा-निर्देश

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में डीजे संचालकों एवं कांवड़ जत्था संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे निर्धारित ध्वनि सीमा के अनुरूप ही बजाए जाएं। किसी भी प्रकार के भड़काऊ, अश्लील अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गीतों का प्रसारण नहीं किया जाएगा। सभी कांवड़ जत्थे प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से ही यात्रा निकालेंगे तथा यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करेंगे, ताकि आमजन को असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कांवड़ जत्थे के लिए संबंधित थाना स्तर पर एक नोडल उपनिरीक्षक नियुक्त किया जाएगा, जो यात्रा के दौरान जत्था संचालकों के साथ लगातार संपर्क में रहेगा और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करेगा। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने डीजे संचालकों और कांवड़ जत्था संचालकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने से बचने की अपील की। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रावण मास और कांवड़ यात्रा आस्था का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसके लिए सभी संबंधित पक्षों का सहयोग भी आवश्यक है।

## देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में रोजा थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की जांच के दौरान आरोपी की पहचान थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम उदियापुर निवासी पंकज के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा कि किसी भी धर्म, देवी-देवताओं अथवा समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री पोस्ट या साझा करना कानूनन दंडनीय है। ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर जांच के बाद नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला का शव फंदे पर लटका मिला

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गांव सबलापुर में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी मौके पर पहुँची पुलिस ने फील्ड यूनिट को जानकारी दी। फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सबलापुर गांव के अमित की पत्नी पूजा ने फांसी लगाकर जान दे दी। पूजा का मायका थाना सिंधौली के गांव सिसोरा में है। पिता मुन्नालाल ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री पूजा की शादी पुवायां थाना के गांव सबलापुर में अमित पुत्र छत्रपाल के साथ लगभग 9 वर्ष पूर्व की थी, पुत्री पूजा ने शनिवार की रात कमरे के अंदर लगे एक कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने फील्ड यूनिट की टीम को जानकारी दी जानकारी पाकर मौके पर पहुँची फील्ड यूनिट की टीम ने साक्ष्य जुटाए ओर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे दो बच्चे बड़ा बेटा कायरब(5) तथा बेटी अनन्या दो वर्ष छोड़ गई। उसका पति हरियाणा में रहकर मजदूरी करता है। वहीं पूजा की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी आर के रावत ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन अभी तक कोई तहरीर नही आई है।

## पुलिस ने वारंटी गिरफ्तारी अभियान में 10 आरोपियों को दबोचा

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कांट पुलिस ने वारंटी गिरफ्तारी अभियान चलाकर 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंटों के आधार पर कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी निरीक्षक कांट राकेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 18 जुलाई की रात विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर हत्या के प्रयास, मारपीट, चोरी, शांति भंग एवं अन्य मामलों में वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मिलकिया, सिमरिया, लालपुर, पिपरोला, अकरा रसूलपुर, और इंदे पुर सहित विभिन्न गांवों के निवासी शामिल हैं।पुलिस के अनुसार सभी गिरफ्तार वारंटियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया अभियान के दौरान क्षेत्र में सघन चेकिंग और दबिश की कार्रवाई भी की गयी कोतवाली कांट पुलिस ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## फायरिंग के दो आरोपी अवैध तमंचों समेत गिरफ्तार

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना मदनापुर पुलिस ने फायरिंग और मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई को ग्राम चाहरपुर में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। एक पक्ष ने आरोप लगाया कि गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने तमंचे से फायर किया। दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और हवाई फायरिंग का आरोप लगाया था। दोनों मामलों में थाना मदनापुर में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे।

शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अनुज कुमार सिंह (26) को दर्शन सरदार के समरसेबिल से महियावर जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद अमित सिंह उर्फ लालू (40) को करनपुर पड़री तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा कारतूस मिला। बरामदगी के आधार पर दोनों मामलों में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### रोजा स्टेशन पर भटकता मिला आठ वर्षीय बालक, चाइल्ड लाइन को सौंपा

**शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह आठ वर्षीय बालक अकेला घूमता मिला। स्टेशन मास्टर की सतर्कता से बच्चे को सुरक्षित जीआरपी के माध्यम से चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया। स्टेशन मास्टर अंकित शुक्ला ने बताया कि ड्यूटी के दौरान प्लेटफॉर्म पर एक बालक संदिग्ध परिस्थितियों में अकेला टहलता दिखाई दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शुभम और पिता का नाम आदित्य बताया। बालक ने खुद को गोरखपुर का निवासी बताया, लेकिन वह अपने घर का पूरा पता नहीं बता सका। इसके बाद स्टेशन मास्टर ने तत्काल जीआरपी को सूचना देकर बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया। साथ ही चाइल्ड लाइन को भी सूचना दी गई। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालक को चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया गया। अब उसके परिजनों का पता लगाकर सुरक्षित उनके सुपुर्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## मारपीट की धाराओं में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव सिंगाहायुफपुर निवासिनी बिटोली देवी पत्नी उमेश ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती 10 जुलाई को मेरा लड़का शिवम बाजार में खेल रहा था। तभी मेरे लड़के को गांव के ही देवेश,राजेश व रामनाथ ने गाली गलौज किया व लात घूसों व डंडों से मारा पीटा और उसे पकड़कर अपने घर खींच ले गए। आरोप है कि जानकारी मिलने पर लड़के की मां बिटोली देवी उसे छुड़ाने गई तो आरोपियों ने उसे भी अश्लील गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से मारा पीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने धक्के देकर उसे व उसके पुत्र शिवम को अपने घर से धक्के देकर भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि वह घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने उसी दिन मिर्जापुर थाने गई। किंतु पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और जांच के नाम पर थाने से टरका दिया। पीड़िता का कहना है कि घटना के नौ दिन बाद किसी तरह पुलिस ने उसकी साधारण मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। किंतु अब तक आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि आरोपी अभी भी उसे और उसके बेटे को अपने घर की तरफ आने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में थाना प्रभारी सोनी शुक्ला का कहना है कि तहरीर के आधार पर देवेश,राजेश व रामनाथ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**बिजली कनेक्शन के नाम पर धोखाधड़ी**

## लाइनमैन ने महिला से ऐंठे 12 हजार, पीड़िता ने लगाई गुहार

**शाहजहांपुर।** थाना कांट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरनावा में बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर एक महिला से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता रूपा शुक्ला ने आरोप लगाया है कि खुद को लाइनमैन बताने वाले एक व्यक्ति ने बिजली कनेक्शन करवाने के एवज में उनसे दो बार में कुल 12,000 ले लिए, लेकिन इसके बावजूद उनका कनेक्शन नहीं किया गया। रूपा शुक्ला के अनुसार, उक्त व्यक्ति ने उनके घर का कनेक्शन जोड़ने से मना कर दिया और उनके ही पैसे से उनके चाचा के घर का कनेक्शन कर दिया। जब उन्होंने इस बात का विरोध किया, तो उन्हें डराते हुए कहा गया कि उनके पिता के नाम पर पहले से ही बकाया (एफ़आईआर) चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि वे इस मामले को लेकर दो-से-तीन बार शिकायत दर्ज करा चुकी हैं। आज न्याय की उम्मीद में वे तहसील दिवस पर अधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुईं और अपनी लिखित शिकायत सौंपी। हालांकि, पीड़िता का कहना है कि अधिकारियों ने उनका शिकायती पत्र तो देख लिया, लेकिन समस्या के समाधान या कनेक्शन लगाने को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया।

## सांसद आवास पहुंचे शिक्षक, टीईटी अनिवार्यता हटाने की उठाई मांग

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



मूसलाधार बारिश भी शिक्षकों के संकल्प को नहीं डिगा सकी। रविवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय सचिव अर्चना तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं सांसद अरुण कुमार सागर के आवास पहुंचे और टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सांसद से मानसून सत्र में यह मुद्दा उठाने और पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए कानून बनाने की मांग की। शिक्षकों का कहना था कि एनसीटीई के संशोधन के बाद वर्षों से कार्यरत लाखों शिक्षकों की नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है। जो शिक्षक 20 से 30 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य कर रहे हैं, उनके लिए बीच सेवा में नई पात्रता लागू करना न्यायसंगत नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 तथा एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी। बाद में हुए संशोधनों और न्यायालय के आदेशों की व्याख्या के चलते सेवा समाप्ति का खतरा पैदा हो गया है। शिक्षकों ने मांग की कि संसद कानून बनाकर पहले से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त करे और नियुक्ति नियमावली की मूल भावना बहाल की जाए। बारिश के बीच बड़ी संख्या में पहुंचे शिक्षकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि उनकी पीड़ा को संसद में उठाकर न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। ज्ञापन देने वालों में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, आनंद बिहारी बाजपेई, कांट अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य, राकेश रोशन, उमेश चंद्र सक्सेना, डॉ. विमलेश त्रिपाठी, नीरज वर्मा, जुल्फेकार, ओम प्रकाश राजपूत, बृजेश कुमार, विजयकांत शर्मा, सुशील गुप्ता, रुपेश द्विवेदी, सुरेंद्र सिंह, तोताराम, मधुरिमा तिवारी, ममता शर्मा, श्रुति शर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# 47 लाख के 201 गुम मोबाइल बरामद, पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

**एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में स्वामियों को सौंपे मोबाइल**

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर 201 लोगों को बड़ी राहत दी है। सर्विलांस सेल, एसओजी और विभिन्न थानों की साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त टीम ने करीब 47 लाख रुपये मूल्य के 201 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों ने शाहजहाँपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुम मोबाइलों की शिकायत मिलने के बाद सर्विलांस सेल ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से उनकी लोकेशन ट्रेस की, जिसके बाद विभिन्न स्थानों से मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नगर, क्षेत्राधिकारी अपराध तथा प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। बरामदगी में एसओजी, सर्विलांस सेल और जनपद के सभी थानों की साइबर हेल्प डेस्क ने समन्वित रूप से कार्रवाई की।

### मोबाइल गुम होने पर तुरंत करें शिकायत

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल सीईआईआर (CEIR) पोर्टल, नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें, ताकि मोबाइल को ब्लॉक कर उसकी बरामदगी की प्रक्रिया शुरू की जा सके। साथ ही मोबाइल का आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई।

## जन्मदिन पर किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र ने अपना जन्मदिन सेवा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित करते हुए अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर लोगों से जीवन के विशेष अवसरों को जनहित के कार्यों से जोड़ने का आह्वान किया। डॉ. मिश्र ने शीतला माता मंदिर, कांट स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल और राजभोग ढाबा परिसर में इमली, जामुन, नीम, पाकड़, अमलतास और गुलमोहर समेत विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर केक काटने से अधिक संतोष एक पौधा लगाकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ वातावरण की सौगात देने में मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उनकी पत्नी रश्मि मिश्र, भाई डॉ. आनंद प्रकाश मिश्र, पुत्र डॉ. गौरव मिश्र, अधिवक्ता जयशंकर दीक्षित, अरविंद बाजपेई, उमेश दुबे, प्रमोद यादव, योगेश शर्मा, अखिलेश पाठक, सुशील मिश्रा, रामकृपाल, नरेंद्र शुक्ला, अनुज शुक्ला, राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं निरंतर समाजसेवा के जीवन की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### शपथ ग्रहण समारोह की सफलता पर व्यापार मंडल ने जताई खुशी, खिरनीबाग कार्यालय पर संपन्न हुई समीक्षा बैठक

**आगामी 'तिरंगा यात्रा 2026' को ऐतिहासिक बनाने का कार्यकारिणी सदस्यों ने लिया सामूहिक प्रण**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महानगर इकाई की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक महानगर कार्यालय खिरनीबाग में महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में 18 जुलाई 2026 को आयोजित हुए भव्य शपथ ग्रहण समारोह की अभूतपूर्व सफलता, कई बड़ी उपलब्धियों और भविष्य के संगठनात्मक सुधारों पर मुख्य रूप से विस्तृत चर्चा की गई। बैठक ?को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने सफल और ऐतिहासिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता का पूरा श्रेय संगठन के प्रत्येक जमीनी सदस्य की कड़ी मेहनत और एकजुटता को जाता है। समारोह की समीक्षा के पश्चात आगामी तिरंगा यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई जिसको जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता ने आगामी रूपरेखा पर दिशा दिखाते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से यह संकल्प लिया गया कि इस वर्ष आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को वर्ष 2025 की यात्रा से भी कई गुना अधिक विशाल,भव्य और ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इसके लिए उपस्थित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एकजुट होकर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का सामूहिक प्रण लिया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से महानगर वरिष्ठ मंत्री रेहान मिर्ज़ा, महानगर मंत्री महेंद्र दुबे व सरताज अली, युवा महानगर अध्यक्ष हनी सिंह, इक़बाल खान अध्यक्ष पचराहा, विवेक सहगल,दिलशाद खां, जाने आलम,आदि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### शाहजहांपुर पुलिस ने बहू बेटी सम्मेलन के तहत किया जागरूक

**शाहजहांपुर।** एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति के तत्वाधान में बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष महिला सुरक्षा टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित किए गए बहू–बेटी सम्मेलन के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। उन्हें महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, महिला सहायता हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर इनका तत्काल उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध अथवा अन्य आपराधिक घटना की सूचना बिना किसी संकोच के पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन पर दें, जिससे समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं।

### सघन वाहन व संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई



**शाहजहांपुर।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रविवार को व्यापक स्तर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन चालकों के आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान एवं गतिविधियों का सत्यापन किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों ने आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा यूपी-112 को देने के लिए जागरूक किया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। जनपद पुलिस ने बताया कि अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे सघन चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# बीदो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

- तीन गंभीर घायल सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




तिलहर-निगोही रोड स्थित बिरसिंहपुर पुल के समीप रटी मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार दोपहर फर्खाबाद के अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव चित्रकूट निवासी विमलेश पुत्र रघुवीर 25 बाइक से पत्नी कंचन 22 व एक वर्षीय बेटे प्रभास के साथ निगोही क्षेत्र स्थित पत्नी की ननिहाल से वापस लौट रहे थे। वहीं निगोही क्षेत्र के गांव चौढेरी निवासी मोहित पुत्र राजवीर बाइक से अपनी माता मंगलेश 60, बहन माधुरी 26 तथा भांजी काव्या 9 सामने से आ रहे थे। रटी मोड़ पर दोनों बाइकें टकरा गईं। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस तिलहर सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने विमलेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूरी बाइक के मोहित , मंगेश व काव्या को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सीएचसी पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। विमलेश के परिजन व कंचन के ननिहाल में इस घटना से कोहराम मच गया।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, कई घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** बाइक हटाने को लेकर ई रिक्शा चालक एवं बाइक सवार में विवाद हो गया। बाइक सवार ने ई रिक्शा चालक का पीछा किया। बाईपास चौराहे पर ई रिक्शा चालक ने अपने साथियों को बुला लिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सभी लोग लहूलुहान हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार की रात नई बस्ती मोहल्ला का हिमांशु व उसका साथी रिंकू ई रिक्शा से तिलहर आ रहे थे। इसी दौरान जन्यूरी गांव मे सड़क पर बाइक के साथ खड़े गांव के ही बृजेश एवं राहुल से बाइक हटाने को लेकर गाली गलौज हो गया। बृजेश ने गांव के लोगों को आवाज दी तभी हिमांशु ई रिक्शा लेकर तिलहर की ओर भाग खड़ा हुआ। बाइक से बृजेश और राहुल उसका पीछा करते हुए हाईवे बाईपास चौराहे पर पहुंच गए।

यहां पर हिमांशु के अन्य साथी भी सूचना पर आ गए। तभी दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक युवक ने लोहे की चेन मे लगे ताले से बृजेश एवं राहुल को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस को देखकर कई युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल बृजेश एवं राहुल तथा ई रिक्शा चालक हिमांशु उसका दोस्त चीनी मिल कॉलोनी निवासी रिंकू एवं केलरगंज मोहल्ला निवासी आदर्श को सीएचसी भिजवाया जहां से डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि राहुल और बृजेश के सिर मे गंभीर चोटे आई हैं। डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, अभी किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला सघन चेकिंग अभियान, 30 वाहनों के किए गए चालान

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में रविवार को खुदागंज के निगोही मोड़ पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आने-जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर भी विशेष नजर रखी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 30 वाहनों का चालान किया गया। बिना हेलमेट, वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के अभाव तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। उन्होंने कहा कि ऐसे चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता देखने को मिली। साथ ही पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश बने जनसुरक्षा और किसानों की चिंता, दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खुदागंज कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा गौवंशों की बढ़ती संख्या आमजन और किसानों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। कस्बे की मुख्य सड़कों, बाजारों, संपर्क मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गौवंश खुलेआम घूमते हुए देखे जा सकते हैं। कई स्थानों पर ये सड़क के बीचों-बीच बैठे रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर रात्रि के समय और बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा गौवंश खेतों में घुसकर धान, मक्का एवं अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसलों को बचाने के लिए किसानों को देर रात तक खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, जिससे उनकी दिनचर्या और आर्थिक स्थिति दोनों प्रभावित हो रही हैं। कई किसानों ने बताया कि फसलों की सुरक्षा के लिए उन्हें अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह और गंभीर रूप ले सकती है। लोगों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि आवारा गौवंशों को सुरक्षित रूप से गौशालाओं में पहुंचाकर उनके चारे, पानी और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रमुख मार्गों पर नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है, ताकि राहगीरों, वाहन चालकों और किसानों को राहत मिल सके।

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, कोटेदार व बेटों पर आरोप

**शाहजहांपुर।** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के सूजातपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने गांव के कोटेदार और उसके बेटों पर हमला करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि गांव निवासी शिवम् अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते आरोपित वहां पहुंचे और मारने पीटने लगे व सर पर चाकू मार दिया जिससे शिवम् घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। परिजनों के अनुसार करीब तीन महीने पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। उसी रंजिश को लेकर दोबारा हमला किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एफआईआर न होने से आहत पैरामेडिकल छात्राएं मेयर से मिलीं, न्याय की लगाई गुहार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राजकीय मेडिकल कॉलेज की डायलिसिस यूनिट में पैरामेडिकल छात्राओं के साथ हुई कथित मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज छात्राएं रविवार को मेयर अर्चना वर्मा से मुलाकात की। छात्राओं ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए निष्पक्ष जांच, शीघ्र एफआईआर और सुरक्षा की मांग की। मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

पीड़ित छात्राओं ने मेयर को बताया कि ड्यूटी के दौरान मरीज को बेड दिलाने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद कुछ लोगों ने डायलिसिस यूनिट में घुसकर पैरामेडिकल छात्रा अलका वर्मा, उनकी बहन अनुष्का समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की, अभद्रता की और अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ भी की। छात्राओं का कहना है कि घटना का सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इससे उनमें भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। मेयर अर्चना वर्मा ने छात्राओं की शिकायत गंभीरता से सुनी। उन्होंने छात्राओं को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी और उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। मेयर ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर कार्यरत छात्राओं और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दूसरी ओर, दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर देकर पैरामेडिकल छात्राओं पर मरीज से अभद्रता और उपचार में लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, घटना के कई दिन बाद भी एफआईआर दर्ज न होने से छात्राओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि सीसीटीवी फुटेज में मारपीट दिखाई दे रही है तो कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कहना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई न हुई तो अस्पताल में कार्यरत स्टाफ की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। अब पूरे जिले की नजर पुलिस जांच और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# खंभा और ट्रांसफार्मर बने लोगों की परेशानी के सबब

- स्कूल के बाहर रखे ट्रांसफार्मर से बच्चों को हो सकता है खतरा
- गली नंबर बीस में बीच सड़क पर गड़ा हैं खंभा

**अमरदीप रस्तोगी**










रोजा। प्रमुख मार्गों और घनी बस्ती में सड़कों के बीच लगा बिजली के खंभा खतरे का सबब बना हुआ हैं। वहीं बच्चों के स्कूल के बाहर दशकों से मोड़ पर रखे ट्रांसफार्मर आने-जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बने हैं। इसके चलते मार्ग आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। वहीं स्कूली बच्चों के लिये खतरा बना रहता है। जानकारी होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारी इसे लेकर बेपरवाह बने हुए हैं।

क्षेत्र के आदर्श नगर कालोनी गली नंबर बीस के आखिरी छोर पर सड़क के बीचोबीच काफी समय से खंभा लगा है। बीच सड़क पर खंभा लगे होने के कारण आसपास में रहने वालों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क के बीचोबीच खंभा लगे होने के कारण चार पहिया वाहन नहीं आ पाता है। उन्हें वाहनों को दूसरी सड़क से लाना होता है। लोगों के अनुसार बीच सड़क पर खंभा लगा होने के कारण कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी नहीं आ पाती है। इसके अलावा बल्लियां मोड़ पर स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बाहर मोड़ पर रखे ट्रांसफार्मर किसी भी बड़ी घटना को दावत दे सकते हैं। खतरनाक मोड़ होने के साथ-साथ पास में ही स्कूली बच्चों का गेट है। बताते हैं कि इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने विद्युत अधिकारियों से मिलकर इस ट्रांसफार्मर को कहीं अन्य स्थान पर लगाए जाने का कहा था, लेकिन विद्युत अधिकारियों ने आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। ये ट्रांसफार्मर लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। मुख्य मार्ग होने के कारण कई बार छोटे व बड़े वाहन इन ट्रांसफार्मरों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, वहीं दर्जनों दो पहिया सवार भी घायल हो चुके हैं।

रोजा निवासी राहुल कश्यप ने बताया कि रात के समय वाहन बीच सड़क पर गड़े विद्युत खंभे में टकरा चुके है। यही नहीं बल्लियां मोड़ पर ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहे हैं। शिकायत के बावजूद विभाग इसको लेकर गंभीर नहीं है।

आशिक अली कहना है कि क्षेत्र के बल्लियां मोड़ पर सड़क और बच्चों के स्कूल के बाहर बिजली के ट्रांसफार्मर रखे हैं जिससे कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं। मगर किसी भीअधिकारी ने इनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया। शिकायतें दी भी गई तो उन पर भी किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

### पुलिस ने चलाया संदिग्ध व्यक्ति... वाहन चेकिंग अभियान

**शाहजहांपुर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सम्बन्धित थाना प्रभारियों एवं सीसी टीमों द्वारा कानून–व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़–भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन चालकों के आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान एवं गतिविधियों का सत्यापन किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

- शिक्षकों की समस्याओं को लंबित रखने वाले पटल सहायको की तय की जाए जिम्मेदारी: धर्मेन्द्र कुमार शर्मा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की।महासंघ ने शिक्षकों की समस्याओं से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के चयन वेतनमान काफी समय से लंबित हैं एवं जुलाई माह में लगने वाले चयन वेतनमान को अभी तक अग्रसारित नहीं किया गया है जिससे समय से चयन वेतनमान की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पा रही है।समय से चयन वेतनमान लगाए जाएं। जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि वर्तमान में मध्याह्न भोजन योजना में संयुक्त खातेदार ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है एवं माननीय न्यायालय द्वारा भी उनके प्रशासक बनने पर रोक लगा दी है जिससे मध्याह्न भोजन योजना के खाते के संचालन में कठिनाई आ रही है।मध्याह्न भोजन योजना खाते के संचालन हेतु उचित कार्यवाही की जाए तथा जनगणना कार्य में लगाए गए शिक्षकों को अर्जित अवकाश दिया जाए। जिला कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार मैथिल ने शिक्षकों के लंबित प्रोन्नत वेतनमान को शीघ्र लगाने की बात कही एवं बिल लिपिकों को ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर उपस्थित रहने हेतु कहा जिससे शिक्षकों को बेवजह बीएसए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने 15000 शिक्षक भर्ती में चयनित शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि विसंगति को सुधारते हुए जनवरी से लगाने की बात कही एवं शिक्षिकाओं को बाल्य देखभाल अवकाश को नियमानुसार समय से स्वीकृत करने को कहा। जिला मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र घोषित होने के उपरांत बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को बी श्रेणी सिटी एचआरए का लाभ प्रदान किया जाए एवं 58-60% बकाया चार माह के डीए डिफरेंस के बिल लेखा कार्यालय में भेजने हेतु समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाए जिससे शीघ्र एरियर का भुगतान हो सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महासंघ को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा एवं बिल लिपिकों को ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया जाएगा। आज वार्ता के दौरान अमित गुप्ता, पल्लवी गुप्ता,अनमोल वर्मा,कर्मवीर सिंह,आदित्य सिंह समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीओ के समझाने पर माने परिजन, 36 घंटे बाद हुआ किशोरी का अंतिम संस्कार

- गिरफ्तारी की मांग को लेकर रुका था अंतिम संस्कार, कार्रवाई के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ विवाद

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली किशोरी के मामले में करीब 36 घंटे तक चला गतिरोध रविवार को समाप्त हो गया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने नामजद आरोपी की गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था।।मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक और प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। पुलिस ने बताया कि नामजद युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच जारी है। काफी देर तक चली वार्ता के बाद परिजन पुलिस के आश्वासन से संतुष्ट हुए और उन्होंने अपना विरोध वापस ले लिया। इसके बाद गांव में परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में किशोरी का अंतिम संस्कार कराया गया।।पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव में एहतियातन पुलिस बल भी तैनात रखा गया।

## लद्दाख में मोदी के नए रणनीतिक कदम

लद्दाख एक ऐसा क्षेत्र है जहां देशभक्ति कूट-कूट कर भरी है और यहां का हर नागरिक बिना वर्दी के एक सैनिक की तरह काम करता है। सिंधु नदी लद्दाख की जीवन रेखा है, जो हमारे क्षेत्र में 500 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तक बहती है। हमने 1998 में भारत की पहली सिंधु यात्रा (सिंधु अभियान) का आयोजन किया था। पहला सिंधु दर्शन अक्टूबर 1997 में हुआ था। सिंधु नदी ने ही हमारे देश, लोगों, संस्कृति और सभ्यता को इंडिया, हिंदू और हिंदुस्तान जैसे नाम दिए। दुनिया की किसी भी दूसरी नदी को ऐसा गौरव हासिल नहीं है। यही बात लद्दाख को सिंधु सभ्यता का पालना (केंद्र) बनाती है, जिसे बहुत कम लोग समझ पाते हैं। लगभग तीन लाख की बिखरी हुई आबादी वाला लद्दाख करीब 59,146 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसकी सीमाएं चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लगती हैं। आज, चीन ने अक्साई चिन क्षेत्र में भारत की लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे उसने 1962 के युद्ध में छीना था। इस कदम से अफगानिस्तान सीमा तक भारत का सीधा जमीनी रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। इसके अलावा, पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भारत की लगभग 78,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। इसमें से पाकिस्तान ने 1963 के सीमा समझौते के तहत शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा अवैध रूप से चीन को सौंप दिया। यह सब पंडित नेहरू के मायावी हिंदी चीनी भाई-भाई काल में हुआ था। 22 फरवरी 1994 को भारत की संसद के दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें तीन मुख्य बातें कही गई थीं, पूरा जम्मू-कश्मीर राज्य (जिसमें लद्दाख, पी.ओ.के., अक्साई चिन और शक्सगाम शामिल हैं) भारत का एक अभिन्न और अटूट हिस्सा है। पाकिस्तान अपने अवैध और जबरदस्ती कब्जे वाले सभी इलाकों को तुरंत खाली करे। भारत इन क्षेत्रों को देश से अलग करने की किसी भी कोशिश को पूरी तरह खारिज करता है। यह प्रस्ताव पूरे देश के लिए लद्दाख के भारी रणनीतिक महत्व को दर्शाता हैय यहां जो कुछ भी होता है, उसका असर हम सब पर पड़ता है। इसीलिए, लद्दाख हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एजेंडे में सबसे ऊपर रहता है। जब उन्होंने अपने विश्वस्त विनय कुमार सक्सेना को लेह का उपराज्यपाल बनाकर भेजा, तो इसमें कोई हैरानी नहीं थी। अपनी त्वरित और निर्णायक कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध सक्सेना ने तुरंत कई कड़े और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कदम उठाए, जो इस क्षेत्र को हमेशा के लिए बेहतर बना देंगे। सबसे बड़ा फैसला सभी सात जिलों के लिए स्वायत्त पर्वतीय परिषदों का गठन करना है। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने 13 जुलाई 2026 को लेह में एक प्रेस कांफ्रेंस में घोषणा की कि केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन सभी सात जिलों में स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद का गठन करेगा। परिषदें अपने विकास की योजनाएं खुद तैयार करेंगी, जिससे हर जिले को लेह या कारगिल से निर्देश मिलने की बजाय अपनी प्राथमिकताओं को खुद तय करने की आजादी मिलेगी। परिषदें जिला स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, स्थानीय बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण योजनाओं की सीधी जिम्मेदारी संभालेंगी। धारा 371 के एक विशेष ढांचे के तहत इन सातों परिषदों के ऊपर एक सर्वोच्च संस्था बनाने का प्रस्ताव है। विधायी, कार्यकारी, वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों से लैस इस मॉडल की भारत में कोई दूसरी मिसाल नहीं है। इसे देश की अन्य क्षेत्रीय और जनजातीय व्यवस्थाओं की सबसे अच्छी खूबियों को मिलाकर बनाया जाएगा। लद्दाख के किसी भी प्रशासन का यह परम कर्त्तव्य है कि वह इस क्षेत्र की मूल बौद्ध पहचान को मजबूत करे और उसकी रक्षा करे। अपनी विशिष्ट बौद्ध पहचान के बिना लद्दाख का सांस्कृतिक अस्तित्व अधूरा है। ऐतिहासिक रूप से, शेख अब्दुल्ला के दिनों से ही लद्दाख के बौद्ध समुदाय को निशाना बनाने, जबरन धर्मांतरण और स्थानीय जनसांख्यिकी (डैमोग्राफी) को बिगाडने के लगातार प्रयास किए गए। लद्दाख के आज के कई प्रमुख नेता उन कड़े जमीनी आंदोलनों से निकले हैं, जो बौद्ध परिवारों की रक्षा और बाहरी ताकतों से अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए शुरू हुए थे।

# गाजियाबाद में बकरी पालन ने नाजमा को बनाया ग्रामीण स्वावलंबन की मिसाल

गिरीश्वर मिश्र



उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और कृषि-प्रधान राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर संवेदनशील और प्रयासशील है। राज्य के ग्रामीण एवं दूरदराज के इलाकों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने, गरीबी उन्मूलन और समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बकरी पालन योजना एक युगांतकारी पहल साबित हो रही है। ग्रामीण परिवेश में बकरी नका रखरखाव बेहद आसान है, इसके पोषण के लिए कम संसाधनों की आवश्यकता होती है और यह न्यूनतम लागत में अधिकतम मुनाफा देने का एक विश्वसनीय साधन है।

प्रदेश सरकार की इस दूरदर्शी योजना का प्राथमिक लक्ष्य सीमांत और लघु किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोककर स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराना है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को प्राथमिकता देकर समावेशी विकास की अवधारणा को साकार किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से विभिन्न स्तरों पर लागू किया गया है, ताकि हर वर्ग का लाभार्थी अपनी क्षमता के अनुसार इसका लाभ उठा सके। राज्य में मुख्य रूप से दो प्रकार के मॉडल अत्यधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। पहले मॉडल के तहत, सीमांत किसानों, भूमिहीन मजदूरों और घरेलू महिलाओं के लिए 10 बकरी और 1 बकरा अथवा 20 बकरी और 1 बकरा की लघु स्तरीय यूनिट स्थापित करने का प्रावधान है। वहीं, बड़े स्तर पर व्यावसायिक पशुपालन शुरू करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए 100 बकरी और 5 बकरा की कमर्शियल यूनिट स्थापित करने हेतु भारी वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इस पर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली आकर्षक सब्सिडी है, जो लाभार्थियों पर पूंजीगत व्यय के बोझ को काफी हद तक कम कर देती है। योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को कुल लागत का लगभग 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए यह सब्सिडी 60 से 70 प्रतिशत तक निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, बची हुई आवश्यक धनराशि के लिए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के समन्वय से नाबार्ड तथा स्थानीय बैंकों के माध्यम से बेहद आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे पूंजी के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति इस लाभ से वंचित न रहे।

योजना की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की जलवायु के अनुकूल और अधिक दूध व मांस का उत्पादन करने वाली उन्नत नस्लों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के लिए अत्यधिक उपयुक्त मानी जाने वाली प्रसिद्ध 'बरबरी' नस्ल को प्राथमिकता दी जा रही है। बरबरी नस्ल की बकरियां कम स्थान में आसानी से रह लेती हैं और साल में दो बार बच्चे देने की क्षमता रखती हैं, जिससे पशुपालक को तेजी से आर्थिक लाभ होता है। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की मांग के अनुसार दूध उत्पादन के लिए सर्वश्रेष्ठ 'जमुनापारी' तथा मांस और दूध दोनों के लिए बेहतरीन मानी जाने वाली 'बीतल' और 'सिराही' जैसी नस्लों के संवर्धन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार की नीति केवल वित्तीय सहायता देने तक सीमित नहीं है, अपितु पशुओं के समय पर टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण और वैज्ञानिक आहार प्रबंधन के लिए भी व्यापक तकनीकी सहायता निरंतर उपलब्ध कराई जाती है।

पारदर्शी और सरल आवेदन प्रक्रिया इस योजना की एक अन्य महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार, इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह से सुगम और बाधारहित बनाया गया है। आवेदक का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना तथा उसके पास बकरियों के सुरक्षित रखरखाव के लिए पर्याप्त स्थान होना अनिवार्य है। इच्छुक लाभार्थी को अपने आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित सामान्य दस्तावेज और बैंक पासबुक जैसे कागजातों के साथ जिला प्रशासन के माध्यम से संबंधित कार्यालयों में संपर्क करना होता है। आवेदन प्राप्त होने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्षता के साथ भूमि और पात्रता का त्वरित भौतिक सत्यापन किया जाता है, जिसके तत्काल बाद बैंक ऋण और अनुदान राशि के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। यह पूरी प्रक्रिया प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' और पारदर्शिता की नीति को दर्शाती है।

प्रदेश सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का धरातल पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, इसका सबसे उत्कृष्ट और जीवंत उदाहरण गाजियाबाद जनपद में देखने को मिला है। गाजियाबाद निवासी नाजमा के लिए प्रदेश सरकार की यह बकरी पालन योजना जीवन बदलने वाली संजीवनी साबित हुई है। एक समय था जब नाजमा और उनका परिवार आजीविका के लिए केवल दैनिक मजदूरी पर निर्भर था। आय के सीमित और अनिश्चित साधनों के कारण परिवार को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ऐसे संघर्षपूर्ण समय में, जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों के माध्यम से नाजमा को प्रदेश सरकार की बकरी पालन योजना और उस पर मिलने वाले अनुदान के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने इस अवसर को अपने जीवन का एक नया मोड़ बनाने का संकल्प लिया और योजना के तहत आवेदन कर अनुदान एवं ऋण प्राप्त किया।

जिला प्रशासन द्वारा समय से उपलब्ध कराई गई आर्थिक और तकनीकी सहायता के बल पर नाजमा ने वैज्ञानिक विधि से बकरी पालन का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने विशेष रूप से उन्नत नस्ल की बकरियों के प्रजनन और उनके स्वास्थ्य प्रबंधन पर गहन ध्यान केंद्रित किया। प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निरंतर पशु चिकित्सा सेवाओं और मार्गदर्शन का परिणाम यह हुआ कि नाजमा की यूनिट में उत्तम गुणवत्ता वाले बकरे और बकरियां तैयार होने लगीं। गाजियाबाद और उसके आसपास के स्थानीय बाजारों में उन्नत नस्ल के इन पशुओं की भारी मांग रही, जिसके फलस्वरूप उन्हें बाजार में बहुत ही उचित और लाभकारी मूल्य प्राप्त हुआ। इस उद्यम से नाजमा की आय में निरंतर और अपूर्व वृद्धि होने लगी, जिसने उनके परिवार की आर्थिक नींव को सुदृढ़ कर दिया।

बकरी पालन से प्राप्त इस निरंतर और अतिरिक्त आय ने नाजमा के परिवार के सामाजिक और आर्थिक जीवन में एक ऐतिहासिक बदलाव ला दिया है। पहले जहाँ मजदूरी ही एकमात्र सहारा थी, वहीं अब यह सम्मानजनक व्यवसाय उनके परिवार की आय का मुख्य स्रोत बन चुका है। अपनी बढ़ी हुई आर्थिक क्षमता के कारण नाजमा ने अपने घर की बुनियादी जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के साथ-साथ अपने बच्चों की उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। आज उनका परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सशक्त, खुशहाल और पूरी तरह से आत्मनिर्भर है। समाज में आज नाजमा को एक सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचाना जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण है। अपनी इस अभूतपूर्व सफलता का पूरा श्रेय नाजमा प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों और जिला प्रशासन के पूर्ण सहयोग को देती हैं। उनका स्पष्ट मानना है कि यदि प्रदेश सरकार द्वारा इतनी आसान शर्तों पर वित्तीय सहायता और सतत मार्गदर्शन न प्रदान किया गया होता, तो इस स्तर की सफलता प्राप्त करना असंभव था। नाजमा की इस प्रेरक सफलता को देखकर गाजियाबाद के ग्रामीण परिवेश में एक नई व्यावसायिक क्रांति का सूत्रपात हुआ है। उनके इस सफल प्रयास से प्रेरणा लेकर गांव के कई अन्य परिवारों ने भी पारंपरिक खेती और मजदूरी के साथ-साथ बकरी पालन को स्वरोजगार के एक विश्वसनीय माध्यम के रूप में अपनाना शुरू कर दिया है। नाजमा के पड़ोसी श्री आमिर खान भी प्रदेश सरकार की इस योजना और नाजमा की सफलता से अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। श्री आमिर खान ने अब स्वयं इस लाभकारी व्यवसाय से जुड़ने का निर्णय लिया है और वे जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार की आगामी योजनाओं में भाग लेने के लिए अपनी पूरी तैयारी कर चुके हैं।

गाजियाबाद जनपद की नाजमा की यह प्रेरक कहानी इस तथ्य को पूर्णतः प्रमाणित करती है कि यदि प्रदेश सरकार की नीतियां जन-केंद्रित हों और जिला प्रशासन द्वारा उन्हें पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ लागू किया जाए, तो सीमित संसाधनों वाले नागरिक भी गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलकर आर्थिक स्वावलंबन के शिखर पर पहुँच सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की बकरी पालन योजना आज प्रदेश के हजारों परिवारों के लिए न केवल एक आर्थिक सुरक्षा कवच बन चुकी है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं को समाज में एक नई पहचान और आत्मनिर्भरता प्रदान कर राज्य के समग्र विकास में ऐतिहासिक योगदान दे रही है।

विचार

# शाहजहाँपुर में समृद्धि की ओर बढ़ते गन्ना किसान

उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास में गन्ना फसल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमि और तकनीक-आधारित व्यवस्थाओं के परिणामस्वरूप आज गन्ना उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समयबद्ध रूप से प्राप्त हो रहा है। शाहजहाँपुर जनपद में गन्ना विकास, तकनीकी आधुनिकीकरण और मूल्य भुगतान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस सफलता से जहां एक ओर कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, वहीं दूसरी ओर पूरे जनपद की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई और सकारात्मक गति मिली है।

शाहजहाँपुर जनपद में गन्ने की खेती का दायरा अत्यंत व्यापक है और वर्तमान में यहाँ लगभग 1,03,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने का आच्छादन है। गन्ना विकास विभाग द्वारा रोजा, निगोही, पुवायाँ एवं तिलहर स्थित चार गन्ना विकास परिषदों के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपद में संचालित सहकारी गन्ना विकास समिति रोजा एवं पुवायाँ तथा चीनी मिल समिति तिलहर के माध्यम से लगभग 1.96 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता कृषक सदस्यों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि निवेश समय से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे कृषि कार्य सुगम और लागत-प्रभावी हुआ है। जनपद में वर्तमान में कुल पाँच चीनी मिलें पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रही हैं, जिनमें तिलहर एवं पुवायाँ सहकारी क्षेत्र की तथा निगोही, रोजा एवं मकसूदापुर निजी क्षेत्र की चीनी मिलें शामिल हैं। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के सतत मार्गदर्शन व समन्वय से ये सभी चीनी मिलें गन्ना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र बन चुकी हैं। जनपद में गन्ना खरीद से लेकर तौल और मूल्य भुगतान तक की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे किसानों का मिलों के प्रति विश्वास और भी अधिक गहरा हुआ है।

पेराई सत्र 2025-26 के दौरान शाहजहाँपुर जनपद की चीनी मिलों पर कुल 1029.11 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य देय हुआ, जिसके सापेक्ष अब तक 923.60 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे कृषकों के बैंक खातों में किया जा चुका है। यह रिकॉर्ड राशि कुल देय गन्ना मूल्य का 89.75 प्रतिशत है, जो जनपद में भुगतान व्यवस्था की उत्कृष्टता को प्रमाणित करती है। विशेष रूप से जनपद की निगोही, रोजा, तिलहर एवं पुवायाँ चीनी मिलों द्वारा कृषकों के शत-प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान पूरा कर दिया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। गन्ना मूल्य भुगतान में हुई इस ऐतिहासिक तेजी का मुख्य श्रेय प्रदेश सरकार द्वारा सख्ती से लागू की गई श्एस्क्रो अकाउंटश व्यवस्था को जाता है। इस नवीन और पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत चीनी मिलों द्वारा चीनी बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का एक निश्चित हिस्सा केवल और केवल गन्ना मूल्य भुगतान के लिए सुरक्षित रखा जाता है। इस खाते से डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में धनराशि स्थानांतरित की जाती है, जिससे मध्यस्थता पूरी तरह समाप्त हो गई है। इसके साथ ही, किसानों की बढ़ती उत्पादन लागत को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) में की गई लाभकारी वृद्धि से कृषकों की आय में निरंतर और स्थायी इजाफा हुआ है।

गन्ना आपूर्ति और विपणन व्यवस्था को पूरी तरह से पारदर्शी और बिचौलिया-मुक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट गन्ना किसान परियोजना के तहत ई-गन्ना ऐप और ऑनलाइन वेब पोर्टल की सुविधा शुरू की गई है। इस डिजिटल क्रांति के माध्यम से शाहजहाँपुर के लाखों किसानों को उनके मोबाइल फोन पर ही गन्ना सर्वेक्षण, सट्टा, बेसिक कोटा, पर्ची निर्गमन और तौल से संबंधित समस्त जानकारियां रीयल-टाइम में प्राप्त हो रही हैं। जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से पर्ची निर्गमन को पूर्णतः स्वचालित और पक्षपात-रहित बना दिया गया है, जिससे गन्ना माफियाओं पर पूर्ण अंकुश लगा है और वास्तविक कृषकों को अपनी उपज मिलों तक पहुंचाने में अभूतपूर्व सरलता मिली है।

गन्ना किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए गन्ने को ऊर्जा के प्रमुख स्रोत के रूप में विकसित किया गया है। प्रदेश में लागू की गई व्यापक एथेनॉल नीति के तहत गन्ने के रस और शीरे से हरित ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इस दूरदर्शी नीति से चीनी मिलों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है और वे किसानों के मूल्य का भुगतान बिना किसी विलंब के करने में सक्षम हुई हैं। साथ ही, प्रदेश भर में पुरानी चीनी मिलों के पुनरुद्धार और पेराई क्षमता में विस्तार से किसानों के खेतों में खड़े गन्ने की समय से पेराई सुनिश्चित हुई है।

कृषि क्षेत्र में लागत कम करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विकास योजनाओं के माध्यम से किसानों को विभिन्न आधुनिक यंत्रीकरण सुविधाएं अनुदानित दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को ट्रेंच प्लांटर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस और आधुनिक बुआई यंत्रों पर भारी अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जलवायु परिवर्तन और रोगों के प्रभाव से बचाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, शीघ्र पकने वाली एवं रोग-रोधी गन्ने की उन्नत किस्मों के बीज निःशुल्क अथवा रियायती दरों पर वितरित किए जा रहे हैं। जल संरक्षण और बेहतर उत्पादकता के लिए ड्रिप सिंचाई पद्धति को अपनाने वाले कृषकों को विशेष वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।

गन्ना उत्पादक किसानों को स्थानीय स्तर पर विपणन के वैकल्पिक अवसर उपलब्ध कराने और रोजगार सृजन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खांडसारी एवं गुड़ उद्योग को भी विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। नई ऑनलाइन खांडसारी लाइसेंसिंग नीति के तहत त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। इससे शाहजहाँपुर जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे और मध्यम स्तर के प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हुई है, जिससे किसानों को अपनी उपज की तत्काल खपत के लिए स्थानीय स्तर पर एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी वैकल्पिक बाजार प्राप्त हुआ है।

शाहजहाँपुर जनपद में गन्ना विकास एवं समयबद्ध मूल्य भुगतान के क्षेत्र में मिली यह सफलता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी नीतियां और जिला प्रशासन की प्रभावी प्रशासनिक कार्यप्रणाली किसानों के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। किसानों की बढ़ी हुई आय से स्थानीय बाजारों में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिला है, जिससे ग्रामीण खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रदेश सरकार भविष्य में भी कृषकों की आय वृद्धि, उत्पादन क्षमता में सुधार और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तत्परता और संकल्प के साथ निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

साहित्य



## उधार की चमक...!


संजय एम तराणेकर

वे उधार लेकर शान दिखाएँ,
फिर किस्तों में आँसू बहाएँ।
सेल लगे तो दिल मचल जाएँ,
बटुआ बोला— मैं चला बाय!

क्रेडिट कार्ड की ऐसी हैं माया,
यूं ज़रूरत ने रूप बदल पाया।
बंधु ईएमआई की मीठी गोली,
महीने भर की जेब हुई खाली।

मोबाइल नया, घड़ी भी न्यारी,
फोटो खिंची तो दुनिया सारी।
घर में दाल का हाल बुरा है,
बाहर कॉफी रोज़ पुरा रहा है!

बैंक भी बोले— लो जी लोन!,
ग्राहक बोला—कर दो ऑन!
कल की कमाई आज उड़ाई,
फिर किस्मत पर उँगली उठाई।
(संदर्भ-टीयूसी सर्वे-उधार लेकर खर्च करते जेन-जी)



## राशिफल

**मेषः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिये प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

# प्रदेश सरकार ने विशेष प्रवर्तन अभियान से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों पर कसा शिकंजा

स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल स्वस्थ जीवन की पहली आवश्यकता है। आज के समय में बढ़ते शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का उपयोग तेजी से बढ़ा है। घरों से लेकर विद्यालयों, अस्पतालों, कार्यालयों, होटल, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक आयोजनों तक बड़ी संख्या में लोग पैकेज्ड पेयजल पर निर्भर हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बन जाती है कि बाजार में उपलब्ध प्रत्येक पानी की बोतल और जार गुणवत्ता के निर्धारित मानकों पर पूरी तरह खरा उतरे तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हो। पेयजल की गुणवत्ता से समझौता किया जाए तो उसके दुष्परिणाम केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। दूषित पानी अनेक जलजनित रोगों का कारण बनता है और जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती उत्पन्न करता है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के माध्यम से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों के विरुद्ध व्यापक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।
प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सभी मंडलों में अंतर्जनपदीय विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया। इस अभियान के अंतर्गत मंडलीय सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व में विशेष निरीक्षण दल गठित किए गए, जिन्होंने विभिन्न जनपदों में संचालित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों का व्यापक एवं वैज्ञानिक निरीक्षण किया। अभियान केवल औपचारिक जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया, स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मानकों के अनुपालन का गहन परीक्षण किया गया। विशेष अभियान के दौरान प्रदेशभर में 362 पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही 233 खाद्य नमूने संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए अधिकृत प्रयोगशालाओं में भेजे गए। इन नमूनों की वैज्ञानिक जांच के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बाजार में उपलब्ध पेयजल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है या नहीं। यदि परीक्षण में किसी प्रकार की कमी अथवा मिलावट पाई जाती है तो संबंधित इकाइयों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
निरीक्षण के दौरान अनेक निर्माण इकाइयों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं सामने आई। 56 निर्माण इकाइयों को सुधार सूचना जारी करते हुए निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। इस व्यवस्था का उद्देश्य ऐसे संचालकों को सुधार का अवसर देना है जो निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करने के इच्छुक हैं। वहीं दूसरी ओर गंभीर मामलों में विभाग ने बिना किसी शिथिलता के कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की। अभियान के दौरान यह भी पाया गया कि 38 निर्माण इकाइयां लंबे समय से बंद थीं, जबकि 21 इकाइयां स्थापना प्रक्रिया में थीं। इसके अतिरिक्त 38 इकाइयों द्वारा अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए गए थे। यह तथ्य इस बात को भी दर्शाता है कि विभाग केवल अभिलेखों के आधार पर कार्य नहीं कर रहा, बल्कि प्रत्येक इकाई की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित कर रहा है।
गुणवत्ता मानकों के गंभीर उल्लंघन के मामलों में 41 निर्माण इकाइयों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। संबंधित इकाइयां निर्धारित मानकों का पालन किए बिना उत्पादन कार्य पुनः प्रारंभ नहीं कर सकेंगी। यह कार्रवाई स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि खाद्य सुरक्षा के मामलों में सरकार की नीति पूरी तरह 'जीरो टॉलरेंस' पर आधारित है। अभियान का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी रहा कि 57 निर्माण इकाइयों ने निरीक्षण से बचने के उद्देश्य से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। विभाग ने ऐसी सभी इकाइयों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें सील कर दिया तथा स्पष्ट निर्देश जारी किए कि विभागीय निरीक्षण एवं अनुमति प्राप्त किए बिना उत्पादन दोबारा प्रारंभ नहीं किया जा सकेगा। यह कार्रवाई उन इकाइयों के लिए भी सख्त संदेश है जो नियमों से बचने का प्रयास करती हैं।
निरीक्षण के दौरान 37 निर्माण इकाइयों में गंभीर कमियां पाए जाने पर उनका उत्पादन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। इन कमियों में उत्पादन स्थल पर स्वच्छता का अभाव, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली में लापरवाही, तकनीकी उपकरणों की अनुपयुक्त स्थिति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन जैसी गंभीर अनियमितताएं शामिल थीं। ऐसी परिस्थितियों में उत्पादन जारी रहना सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता था।
समग्र कार्रवाई के अंतर्गत विभाग ने 293 किलोलीटर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर को जब्त (सीज) किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5.06 लाख रुपये आंकी गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्माण में स्वच्छ वातावरण सबसे महत्वपूर्ण आधार होता है। यदि उत्पादन स्थल पर साफ-सफाई के मानकों का पालन नहीं किया गया तो पानी में हानिकारक सूक्ष्मजीव, बैक्टीरिया अथवा अन्य अशुद्धियों के प्रवेश की संभावना बढ़ जाती है, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। विशेष टीमों ने फूड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम (एफएसएमएस) के अनुपालन की भी विस्तृत जांच की। आधुनिक खाद्य उद्योग में केवल अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि उत्पादन की पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक, व्यवस्थित और मानक अनुरूप होना भी आवश्यक है। इसी कारण उत्पादन, शुद्धिकरण, पैकेजिंग भंडारण और अभिलेखों के रखरखाव तक प्रत्येक चरण का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया गया।
यह अभियान उपभोक्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश लेकर आया है। केवल आकर्षक पैकेजिंग देखकर किसी भी ब्रांड का पानी खरीदना पर्याप्त नहीं है। उपभोक्ताओं को हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उत्पाद पर एफएसएसएआई लाइसेंस संख्या, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, बैच संख्या तथा अन्य आवश्यक विवरण स्पष्ट रूप से अंकित हों। यदि किसी उत्पाद की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत हो या कोई अनियमितता दिखाई दे तो उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को देना प्रत्येक जागरूक नागरिक का दायित्व है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बकरी चराने गई 80 वर्षीय वृद्ध महिला का शव खेत में मिला

रामपुरा (जालौन)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार देर शाम राजा साहब के फार्म हाउस के पास नहर किनारे एक खेत में 80 वर्षीय वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने महिला की हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान रामकली (80 वर्ष), पत्नी ठाकुरी दोहरे, निवासी जेडीसी बैंक के सामने, रामपुरा के रूप में हुई है। मृतका के बड़े पुत्र गुड्डू ने बताया कि शनिवार सुबह उनकी मां बकरी चराने के लिए खेतों की ओर गई थीं, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। करीब रात आठ बजे सूचना मिली कि राजा साहब के फार्म हाउस के पास महेश दुबे के खेत में नहर किनारे एक वृद्ध महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान रामकली के रूप में की। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी शिव प्रकाश ने बताया कि खेत में एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ है, जिसकी पहचान रामकली (80) के रूप में हुई है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा और उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### हेमंत सोलंकी बनाये गये उरई जीआरपी थानाध्यक्ष



उरई (जालौन)। झांसी मंडल जीआरपी के पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव ने जीआरपी में शनिवार की रात कई थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज का स्थानांतरण किया है। जिसमें उरई जीआरपी थाना अध्यक्ष नागेन्द्र सरोज की जगह पर भीमसेन में कार्यरत थाना अध्यक्ष हेमंत कुमार सोलंकी को उरई थाने का इंचार्ज बनाया गया है। इसके अलावा भीमसेन में थाना अध्यक्ष दिलीप सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। कालपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह को महोबा थाना अध्यक्ष बनाया गया है उनके स्थान पर कालपी चौकी इंचार्ज दुष्यंत सिंह को चार्ज सोपा गया है। इसके अलावा उरई थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर ईश्वर दीन साहू को ललितपुर भेजा गया है। थानाध्यक्ष हेमंत कुमार सोलंकी ने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा और सुरक्षित रहने के लिए उनकी सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।

### उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए राजू मिश्रा व आदर्श मिश्रा सम्मानित

**सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के डायरेक्टर ने किया सम्मानित, चार वर्षों में तीन हजार से अधिक किये मोतियाबिंद आपरेशन**



पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज। जनसेवा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी राजू मिश्रा एवं आदर्श मिश्रा को सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के डायरेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। दोनों समाजसेवियों को ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि पिछले चार वर्षों में उनके सहयोग और प्रयासों से 3 हजार से अधिक मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। इसके साथ ही 6 हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया गया है, जिससे हजारों लोगों की दृष्टि में सुधार हुआ और उन्हें बेहतर जीवन जीने में मदद मिली। कार्यक्रम में डॉ. ईलेश जैन ने बताया कि गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 13 तारीख को नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में मरीजों की जांच, परामर्श, आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ मोतियाबिंद से पीड़ित पात्र मरीजों के नि:शुल्क ऑपरेशन की भी व्यवस्था की जाती है। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि राजू मिश्रा और आदर्श मिश्रा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से ऐसे जनहित एवं स्वास्थ्य सेवा अभियानों से जुड़कर जरूरतमंदों की सहायता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारी, चिकित्सक, समाजसेवी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महोबा पुलिस का जनपदव्यापी बहू-बेटी सम्मेलन

**महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का संदे के साथ पुलिस ने व्यापक जागरुकता अभियान चलाया**



महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में वृहद स्तर पर बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत एसओपी के अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बहुओं, बालिकाओं, छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा बहुओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें समाज में महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। पुलिस ने सम्मेलन के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। युवतियों एवं छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास, सुरक्षित भविष्य निर्माण एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया। उन्हें साइबर अपराध, ब्लैकमेलिंग एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। साइबर जागरूकता के अंतर्गत महिलाओं को ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एवं पासवर्ड साझा न करने, फर्जी कॉल/मैसेज/लिंक से सावधान रहने एवं साइबर अपराध होने पर 1930 हेल्पलाइन एवं निकटतम थाना/साइबर सेल से संपर्क करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा यह विश्वास दिलाया गया कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान के लिए महोबा पुलिस सदैव प्रतिबद्ध है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भर बनने एवं किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी झिझक के पुलिस एवं हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

### रालोद के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष बने अनुपम मिश्रा जालौन में जश्न

उरई (जालौन)। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के वरिष्ठ नेता अनुपम मिश्रा को पार्टी का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद जालौन में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इसी क्रम में विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रूरा अड्डू में रामवीर चौहान के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं रालोद समर्थकों ने एकत्र होकर अनुपम मिश्रा को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोक दल जिंदाबाद, जयंत चौधरी जिंदाबाद और अनुपम मिश्रा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाकर उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने मिठाई वितरित कर अपनी खुशी साझा की। ग्रामीणों ने कहा कि अनुपम मिश्रा को संगठन में मिली यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश में और अधिक मजबूत होगा तथा संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। रामवीर चौहान ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा अनुपम मिश्रा पर जताया गया विश्वास पूरे बुंदेलखंड, विशेषकर जालौन जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में नई जिम्मेदारी को लेकर विशेष उत्साह है और सभी लोग संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने अनुपम मिश्रा के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए पार्टी को आगामी समय में और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# केन-बेतवा जुड़ने के बाद बुंदेलखंड में होंगी अब तीन फसलें: स्वतंत्र देव

- हर-घर नल से जल पहुंचा रही सरकार, जल संरक्षण कर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाएं योजना का लाभ
- जल अर्पण कार्यक्रम के जरिए जलशक्ति मंत्री ने ग्राम पंचायत को सौंपी जिम्मेदारी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य में जुटी राज्य सरकार अब परियोजनाओं को पूरा कर मिशन मोड में ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने जुट गई है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के कदौरा विकास खंड के चमारी गांव में जल अर्पण कार्यक्रम कर ग्रामवासियों को नल से जल पहुंचाने वाली इस योजना की कमान सौंपी।

रविवार को जल अर्पण कार्यक्रम के मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि राज्य सरकार घरों तक नल से जल की सप्लाई के साथ-साथ परिवारों को फ्री में राशन, घर तक बिजली, पक्की सड़क, किसान सम्मान निधि और बच्चों को पोषण आहार की सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नल से जल आप लोगों के घरों तक पहुंचा दिया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप पानी का इस्तेमाल भी करें और संरक्षण भी करें। जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसी तरह घर तक पानी की सप्लाई मिलती रहे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि केन-बेतवा को जोड़ने का काम किया जा रहा है। दोनों नदियों को जोड़ने के बाद बुंदेलखंड की सिंचाई व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा। किसान तीन-तीन फसलों का उत्पादन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान नमामि गंगे एवं




ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने ग्रामवासियों को बताया कि किस तरह से सरकार ने बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को साकार किया। शिफ्ट हुए परिवारों को भी जल्द मिलेगा नल से जल। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि चमारी गांव में 10 घर ऐसे हैं, जिन्हें शिफ्ट किया गया है। उन घरों में भी जल्द ही पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए राज्य सरकार सरकारी भवनों में रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दे रही है। 35,000 से अधिक भवनों पर रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की गई है। खेत में तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। 6500 चौकडैम बनाए गए हैं। गांव में नल की सप्लाई पाकर भावुक हुए ग्रामवासी कभी पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने वाले ग्रामवासी अपने हाथों में पानी की सप्लाई की कमान पाकर बेहद भावुक नजर आए। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वो अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी का संरक्षण करेंगे। जिससे पानी के जो दुख और संकट उन्होंने झेला, वो उनकी आने वाली पीढ़ियों को न भुगतना पड़े। कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि वो और जल जीवन मिशन की पूरी टीम गांव-गांव जाकर जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत जान रही है। यह सुनिश्चित कर रही है कि हर घर तक नल से जल पहुंचे। इसमें किसी भी तरह का भेदभाव न हो। इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने ग्रामवासियों से पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। कार्यक्रम के दौरान जालौन के जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रशासक घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, एमएलसी रमा निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में जल जीवन मिशन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## नीट में सफलता पर अंजलि का सरावन में स्वागत, सम्मान समारोह में उमड़ा जनसैलाब



उरई (जालौन)। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम सरावन की होनहार बेटी अंजलि राठौर के नीट परीक्षा में बिना किसी कोचिंग संस्थान की सहायता के सफलता प्राप्त करने पर रविवार को गांव में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सरावन सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अंजलि को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं माल्यार्पण कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने अंजलि की इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर उसने यह सिद्ध कर दिया कि सफलता के लिए दृढ़ संकल्प सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर अंजलि के पिता देवेंद्र कुमार राठौर, माता श्रीमती गीता राठौर, दादा लज्जाराम राठौर एवं दादी श्रीमती किशोरी देवी राठौर को भी सम्मानित कर बधाई दी गई। वर्ष 2006 में जन्मी अंजलि अपने माता-पिता की तीन संतानों में सबसे बड़ी हैं। उनके बाद बहन एकता और छोटे भाई अभिनय राठौर हैं। उनके पिता देवेंद्र कुमार राठौर कृषि कार्य करने के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी में मंडल उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे हैं। सम्मान समारोह में दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े कोचिंग संस्थान के शिक्षकों एम.आर. सर, संपत्ति मैम एवं पंकज सर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनीष नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापत कुशवाहा, योगेश त्रिपाठी, अभय प्रताप सिंह राजावत, सतीश राठौर, चंद्रशेखर, जावेद मंसूरी, ठाकुर प्रसाद राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## लूट का खुलासा करने वाली एसओजी टीम को एसपी ने प्रशस्ति-पत्र देकर बढ़ाया हौंसला

- उत्कृष्ट कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

जनपद जालौन के थाना एट क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुई लूट की घटना का सफल खुलासा करने वाली एसओजी, सर्विलांस टीम को पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी एसओजी, सर्विलांस रिंकू सिंह और उनकी टीम के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस सम्मान से पूरी टीम का उत्साह बढ़ा है और पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मनोबल को नई ऊर्जा मिली है। बीते 7 जुलाई 2026 को थाना एट क्षेत्र में लूट की एक घटना सामने आई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सिंह के निर्देशन में एसओजी, सर्विलांस टीम और थाना एट पुलिस की संयुक्त टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी एवं




घटना के खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। प्रभारी एसओजी रिंकू सिंह के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से घटना में शामिल आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत और सूझबूझ का परिचय देते हुए न केवल आरोपियों को गिरफ्तार किया बल्कि उनके कब्जे से लूटी गई बाइक और नकदी भी बरामद कर ली। इस कार्रवाई से पुलिस ने घटना का सफल अनावरण किया और अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह द्वारा जारी किए गए प्रशस्ति-पत्रों में कहा गया है कि प्रभारी एसओजी रिंकू सिंह और उनकी टीम ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी और कार्यकुशलता के साथ किया है। उनकी सक्रियता और समर्पण के कारण अपराध का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। एसपी ने कहा कि टीम के इस उत्कृष्ट कार्य से न केवल जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली पर लोगों का विश्वास बढ़ा है बल्कि कानून व्यवस्था के प्रति आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। पुलिस अधीक्षक ने टीम के सभी सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर सम्मानित किया जाता रहेगा ताकि उनका मनोबल ऊंचा बना रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि रिंकू सिंह और उनकी टीम भविष्य में भी इसी लगन,ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विभाग और जनपद का नाम रोशन करती रहेगी।

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा 3 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में थाना श्रीनगर पुलिस टीम को 3 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। बताया है कि इस अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह द्वारा गठित टीम के उ.नि. विजय बहादुर, का. नितेश कुमार व रि.का. विनय कुमार द्वारा न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट की तामील करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तगण जगमोहन पुत्र सुम्मी, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी मुहल्ला मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा, हरीराम पुत्र भवानीदीन, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी मुहल्ला दाऊपुरा कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा, हीरालाल पुत्र शिवदयाल, उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी मुहल्ला दाऊपुरा कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा शामिल है बताया है कि अभियुक्तगणों को सम्बन्धित मुकदमा संख्या 4155/2014, अ.सं. 1708/2013 धारा 4/21 खनिज अधिनियम व 379/411 भादवि एवं 3/57/70 खनिज नियमावली थाना श्रीनगर जनपद महोबा में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में जगमोहन को मुहल्ला मनोहरगंज तथा हरीराम व हीरालाल को मुहल्ला दाऊपुरा कस्बा श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## भूजल सप्ताह अभियान के तहत विकासखंड चरखारी में कार्यशाला आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

भूजल सप्ताह अभियान के अंतर्गत विकासखंड चरखारी सभागार में लघु सिंचाई विभाग के तत्वावधान में जल संरक्षण विषयक विकासखंड स्तरीय कार्यशाला, समन्वय बैठक एवं जल शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, जन-जागरूकता, सहभागिता, जल स्रोतों के संवर्धन एवं समृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने जल संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता भरत पटेल ने जल स्रोतों के




संरक्षण एवं संवर्धन, वर्षा जल संचयन तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण को समय की प्रमुख आवश्यकता बताया। उन्होंने सभी से वर्षा जल संग्रहण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ओंकारनाथ ने जल के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति जल के सदुपयोग का संकल्प ले, तो भविष्य में जल संकट की स्थिति से काफी हद तक बचा जा सकता है। वहीं, एडीओ (ग्राम विकास) चेतराम वर्मा ने भी जल संरक्षण की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में दीपक कुशवाहा ने उपस्थित सभी लोगों से जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण करने का आह्वान किया। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षण के लिए विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का प्रभावी संचयन संभव हो सके। उन्होंने इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के समापन पर खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को जल शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी ने जल की प्रत्येक बूंद को बचाने, उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा कैच द रेन अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, सतीश कुमार, सोहेल दुर्रानी, शादाब खान, शिवांक यादव सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अपना दल यस शिक्षक मंच की बैठक सम्पन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कालीचरण सविता जिलाध्यक्ष (शिक्षक संघ) की अध्यक्षता में शिक्षक मंच की समीक्षा बैठक पार्टी कार्यालय चित्रांश नगर में सम्पन्न हुई, जनसुनवाई कार्यक्रम शैलेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष अपना दल एस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि अजीत सिंह चांसलर प्रदेश सचिव विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल उपस्थिति रहे, जन सुनवाई में योगेंद्र सिंह राणा,जिला उपाध्यक्ष, बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, दीपू पटेल जिलाध्यक्ष श्रमिक मंच भी उपस्थित रहे, कालीचरण सविता जिला शिक्षक मंच के द्वारा अपनी कमेटी में भोला गौतम सक्रिय सदस्य, राजेन्द्र प्रसाद महासचिव शिक्षक मंच, रामनजर सचिव शिक्षक मंच, राजाराम महासचिव शिक्षक मंच, को सम्मिलित किया गया और बाकी कमेटी को जल्द ही पूरा करने को निर्देशित किया गया आज के कार्यक्रम में अजीत सिंह चांसलर जी प्रदेश सचिव, शैलेन्द्र पटेल जी जिलाध्यक्ष, बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, योगेंद्र सिंह राणा जिला उपाध्यक्ष, दीपू पटेल, दीपांशु पटेल जी गुलाब सिंह शिव शरण निषाद, गौरी




शंकर पटेल, राजेश सिंह गौतम, धर्मपाल, ज्ञानेंद्र कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, भोला प्रसाद, रामस्वरूप, रामनजर लोधी डॉ नंदराम शर्मा जी आदि कार्यकरता मौजूद रहे।

## दोनों पक्षों ने अपनी अपनी बात रखी, वार्ता 21 जुलाई को



**फतेहपुर।** शहर के कटरा अब्दुल गनी स्थित आर्य समाज भवन गेट के सामने उस समय लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया जब उनका आरोप था की आर्य समाज के प्रधान राजा सिंह पुत्र स्वर्गीय करम सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। इस दौरान मुख्य गेट पर जमकर हंगामा हुआ और मौके पर पुलिस भी पहुंची और दोनों पक्षों की बात को सुना। इस दौरान आर्य समाज के प्रधान राजा सिंह भदौरिया ने कहा कि उनके ऊपर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह बेबुनियाद है जो लोग आरोप लगा रहे हैं वह खुद आर्य समाज की संपत्ति को हड़पना चाह रहे हैं। जिसके तहत कई बार वह षड्यंत्र रच चुके हैं और जब कामयाब नहीं हुए तो एक बार फिर से हंगामा काट रहे हैं। राजा सिंह भदौरिया ने कहा की पुलिस के साथ वार्ता हुई है। 21 जुलाई को जांच समिति दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता करेगी। उनके समक्ष वह अपना पक्ष रखेंगे। अब इन हालातो में दोनों पक्षों ने अपनी अपनी बात रखी और एक दूसरे पर आरोप मढ़ा। इस दौरान राजेश मौर्य व श्री चंद्र आर्य ने कहा की आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के द्वारा श्री चंद्र आर्य को अंतरंग सदस्य प्रशासक, अशोक त्रिपाठी, राजेश मौर्य को सलाहकार नियुक्त किया गया है। बावजूद इसके राजा सिंह भदोरिया आर्य समाज भवन को खाली नहीं कर रहे। वहीं दूसरी ओर राजा सिंह भदोरिया ने कागजात दिखाते हुए बताया की आर्य समाज भवन की कई दुकानों पर कब्जा है जिनके खिलाफ कोर्ट में उन्होंने मुकदमा दायर किया है इसी के चलते यह लोग पहले उनके साथ मित्रता बढाई। 2025 में जब चुनाव हुआ तो उन्हें आर्य समाज का प्रधान नियुक्त किया गया और इन लोगों ने ही माला पहनाया और फोटो खिंचवाई लेकिन जब दुकानों के किराएदारी की बात सामने आई तो इन लोगों ने मामला रफा दफा करने की बात कही। लेकिन जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अब यह प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि अब देखने वाली बात यह होगी कि 21 जुलाई को जांच कमेटी दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद किस नतीजे पर पहुंचती है यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। फिलहाल आज प्रदर्शन करने वालों में नियुक्त प्रशासक श्रीचंद्र आर्य, सलाहकार राजेश आर्य, अशोक त्रिपाठी, लाल बहादुर, शुभम सिंह, मूलचंद, यदुनंदन आर्य, भानु प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अनिल कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान एस एस आई सत्यदेव ने बताया की दोनों पक्षों से वार्ता हुई है अब 21 जुलाई को जांच समिति दोनों पक्षों की बात सुनकर अंतिम फैसला करेगी।

## सखी मानव सेवा समिति व ग्रामीण युवा क्रिकेट यू. ने कारागार में रोपा पौधा

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से सखी मानव सेवा समिति एवं ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन (जीवाईसीयू) के संयुक्त तत्वावधान में जिला कारागार परिसर में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के जीवाईसीयू ग्रीन इंडिया अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक पौधारोपण एवं उनके संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छायादार, फलदार एवं औषधीय प्रजातियों सहित विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। यह अवसर संस्था के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम का आयोजन सखी मानव सेवा समिति की मुखिया एवं ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नमिता सिंह के विशेष प्रयासों




से संभव हो सका। वहीं जेलर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व तथा डिप्टी जेलर कृपाल सिंह, प्रवीण सिंह, कंचनलता मिश्रा एवं समस्त जेल स्टाफ के सहयोग और मार्गदर्शन से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के वरिष्ठ संरक्षक एवं पूर्व डीएसपी शिव स्वरूप तथा जिला खेल प्रभारी आशुतोष ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि जीवाईसीयू ग्रीन इंडिया अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ भारत का निर्माण करना है। संस्था का एक सदस्य एक पौधा अभियान समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बन रहा है। यह संयुक्त वृक्षारोपण अभियान सामाजिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

# खेल में परिणाम नहीं प्रयास महत्वपूर्ण होता है : नवीन तिवारी

- एचएएल से सेवानिवृत्त पूर्व खिलाड़ी अरूण त्रिवेदी को खेल रत्न अवार्ड से किया सम्मानित
- नैनीताल में गांधी क्लब के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, सम्मान पर खिले चेहरे



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** स्थानीय गांधी भवन में पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एचएएल लखनऊ से सेवानिवृत हुए अरूण कुमार त्रिवेदी का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। रविवार को महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्लब से जुड़े खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि नैनीताल में आयोजित 100वीं अखिल भारतीय टेंडर्स कप हॉकी प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में हॉकी के उत्थान, खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने और खेल के व्यापक विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं समाजवादी अध्येता नवीन तिवारी ने एचएएल से सेवानिवृत्त पूर्व खिलाड़ी अरूण कुमार त्रिवेदी को मोमेंटो, शॉल और सूत की माला भेंटकर खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर सभी युवा खिलाड़ियों को भी क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी नवीन तिवारी ने क्लब की सराहना करते हुए कहा नैनीताल में ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में क्लब के खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी गौरवान्वित है। श्री तिवारी ने कहा कि हार-जीत तो आती जाती रहती है। हौसला बना रहना चाहिए। परिणाम नहीं प्रयास महत्वपूर्ण होता है। परिणाम बदलते रहते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से कहा कि उनका जोश, जज़्बा और हुनर भावी पीढ़ी और संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा के पुंज हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों को सकारात्मक वातावरण, बुनियादी सुविधाएं एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में हर संभव सहयोग करेंगे। सभा की अध्यक्षता कर रहे क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को भी चाहिए कि वे महात्मा गांधी के विचारों और उनके नेतृत्व गुणों के बारे में स्वयं अध्ययन करें और फिर उनके बारे में अपने जहन में कोई राय बनाएं, न कि व्हाट्सएप की दुनिया की सुनी सुनाई झूठी बातों के प्रभाव में आकर दुष्प्रचार का हिस्सा बनें। क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अरूण त्रिवेदी ने 41 वर्षों तक एचएएल में कार्यरत रहते हुए कभी भी खेल से दूरी नहीं बनाई।

## तालाब में गिरने से दो वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र के ग्राम मंगलपुर में एक दर्दनाक हादसे में तालाब में गिरने से दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची लोनीकटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मंगलपुर निवासी हेमंत रावत की दो वर्षीय पुत्री काव्या शनिवार शाम अपनी मां के साथ घर के पास स्थित तालाब के किनारे गई थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में जा गिरी। बच्ची के पानी में गिरते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की मदद से काफी देर तक तालाब में बच्ची की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। रविवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में बच्ची का शव पानी में तैरता हुआ देखा, जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची लोनीकटरा पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मासूम काव्या की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तालाब में गिरने से डूबने का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## डीसीएम चालक की सड़क हादसे में मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार की देर रात हुए सड़क हादसे में घायल हुए डीसीएम चालक की रविवार को ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के रहीमाबाद थाना मलिहाबाद निवासी अंकुश पुत्र राम गोपाल 30 वर्ष शनिवार की देर रात डीसीएम लेकर लखनऊ की ओर जा रहा थानकि तभी डीसीएम हैदरगढ़ में सार्वजनिक इण्टर कालेज के निकट आगे जा रहे ट्रक के पीछे से टकरा गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ड्राइवर को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ भेजा।यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा। ट्रामा में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## सीतापुर में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी के प्रथम सीतापुर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से पूरी निष्ठा के साथ करनी होगी। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने संगठन को मजबूत करने और जिले की सभी नौ विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया।
कार्यक्रम के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने नैमिषारण्य पहुंचकर मां ललिता देवी के दर्शन-पूजन किए तथा संतों का आशीर्वाद लिया।

## एफआईआर हुई, आदेश भी जारी हुए, फिर विभागीय कार्रवाई क्यों ठप? पिपरिया प्रकरण में जवाबदेही पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में मनरेगा से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज होने और तत्कालीन जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बावजूद विभागीय कार्रवाई आज तक पूरी न होने से प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता पदुम कुमार की शिकायत पर हुई जांच में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध अनियमितताएं पाए जाने के बाद 3 जून 2025 को एफआईआर और विभागीय कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे।
इसके अनुपालन में 16 जून 2025 को लहरपुर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इसके बाद विभागीय कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। आरोप है कि आरोपियों को न्यायालय से केवल गिरफ्तारी के संबंध में अंतरिम राहत मिली थी, जबकि विभागीय कार्रवाई पर कोई रोक नहीं थी।
इसके बावजूद ग्राम रोजगार सेवक को सेवा से नहीं हटाया गया और पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई लंबित पड़ी है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित विभागों में फाइलें दबाकर रखी गई हैं और आदेशों के अनुपालन में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है।
ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब जांच पूरी हो चुकी, एफआईआर दर्ज हो चुकी और विभागीय कार्रवाई पर कोई न्यायिक रोक नहीं है, तो आखिर जिम्मेदार अधिकारी किसके आदेश का इंतजार कर रहे हैं? अब निगाहें वर्तमान जिलाधिकारी पर हैं।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर व्यवस्था दुरुस्त करने में अधिकारियों के लिए चुनौती

### रुक-रुक कर बारिश के बीच तैयारियों को दिया गया अन्तिम रूप

**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा में सोमवार को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों को रविवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच अंतिम रूप दिया गया।बारिश के कारण प्रशासन के सामने व्यवस्थाएं दुरुस्त रखना चुनौतीपूर्ण रहा,लेकिन अधिकारियों ने पूरे दिन मौके पर डटे रहकर सभी तैयारियों को तेजी से पूरा कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महादेवा कॉरिडोर निर्माण का शिलान्यास करेंगे।इसके साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी वितरित करेंगे।प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव मंदिर के पीछे स्थित मेला बाग मैदान में जनसभा के लिए मंच का निर्माण दिन-रात जारी रहा। मंच के सामने दाहिनी ओर हेलीपैड बनाया गया है।रविवार सुबह से हुई बारिश के कारण सभा स्थल पर कीचड़ और जलभराव हो गया, जिसे देखते हुए प्रशासन ने मैदान में प्लाईवुड बिछवाकर लोगों के आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की।हेलीपैड से मंच तक पहुंचने के लिए पूरे दिन खड़ंजा बिछाने का कार्य चलता रहा। जलभराव वाले स्थानों पर बालू डालकर पानी निकाला गया,जबकि हेलीपैड पर भी पहले बालू और पन्नी बिछाकर उसके ऊपर खड़ंजा लगाया गया।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर ही डेरा डालकर तैयारियों की लगातार समीक्षा की। सड़कों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। बारिश को देखते हुए पूरी जनसभा के लिए वाटरप्रूफ पंडाल तैयार कराया गया है।

# कोर्ट के हस्तक्षेप पर 10 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के ब्रहमनान वार्ड निवासी 67 वर्षीय आमिना पत्नी ननकऊ की शिकायत पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कोर्ट संख्या-17) बाराबंकी के आदेश के बाद पुलिस ने नौ नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार 21 नवंबर 2025 को पुरानी रंजिश के चलते आरोपित लाठी-डंडों से लैस होकर आमिना के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद आरोपित



घर के भीतर घुस गए और उनकी बहुओं महनूर तथा नसरीन के साथ मारपीट की। साथ ही घर में रखे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली हैदरगढ़ में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। इसके विपरीत दूसरे पक्ष की तहरीर पर उनके परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल और पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग अपने पास सुरक्षित होने का दावा किया है। साथ ही बताया कि उनकी बहुओं ने जिला अस्पताल बाराबंकी में निजी मेडिकल परीक्षण भी कराया था। मामले की सुनवाई के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने थाना हैदरगढ़ को अभियोग पंजीकृत कर विवेचना करने का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### महिलाओं को जागरूक करने के लिए बहु-बेटी सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में दिए गए निर्देशों में, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत बहु-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न गांवो में जाकर बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में व 1930-साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। चर्चा के दौरान गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसे विषयों पर भी विस्तृत रूप से वार्ता की गई तथा उपस्थित महिलाओं को पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

### तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चार लोग घायल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर तेज रफ्तार डीसीएम और ट्रैक्टर की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, महुआ बोझ गांव के पास तेज गति से आ रही डीसीएम ने ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर पर सवार चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण डीसीएम चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है।



## बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हुई मकान की छत, बाल-बाल बचे घर के लोग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे मुहीबशाह गांव में शनिवार देर शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक मकान की छत क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के समय पूरा परिवार घर के अंदर मौजूद था, लेकिन संयोगवश सभी सदस्य सुरक्षित रहे और एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मनोज कुमार वर्मा के मकान पर गरज-चमक के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से मकान की छत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर थे। किसी को शारीरिक चोट नहीं आई, लेकिन मकान की छत के



साथ-साथ घर में लगे कई विद्युत उपकरण भी खराब हो गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है।
इस संबंध में उपजिलाधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने बताया सूचना प्राप्त हुई है। राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# चोरी के ट्रैक्टर व दो ट्राली के साथ दो अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर सवार मो. शाहिल पुत्र असलम निवासी राजघाट सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी व मो. जहीर पुत्र मुन्ना निवासी सिदौली रामपुर थाना बछरांवा जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक ट्रैक्टर 2 ट्राली को बरामद किया गया



है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों से ट्रैक्टर-ट्राली के बारे में पूछने पर बताया कि हम दोनों ने एक सफेद रंग की ट्राली बीते तीन जुलाई की रात्रि को पूरे रग्घू शुक्ल का पुरवा मवैया रहमतगढ़ से चोरी किया था और नीले रंग की ट्राली को दिनांक 8 जुलाई को ग्राम पाताल पुरवा बाराबंकी से चोरी किया था तथा एक नीले रंग का ट्रैक्टर कमालपुर लखनऊ से चुराया था। चोरी के संबन्ध में थाना बाजारशुक्ल पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बोरे में जंजीर व पत्थर से बंधा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत बंधवा गांव के पास शारदा सहायक खंड-49 नहर से बोरे में बंद एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव लोहे की जंजीर और भारी पत्थर से बंधा हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों ने नहर में संदिग्ध बोरा तैरता देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जामों थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बोरे को बाहर निकलवाया। बोरा खोलने पर उसमें एक अज्ञात युवक का शव मिला।
शव कई दिन पुराना होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है।सूचना मिलते ही एसओजी और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची।

# पुलिस अधीक्षक ने किया, बरौलिया पुलिस चौकी का लोकार्पण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा थाना जामो के अन्तर्गत पुलिस चौकी बरौलिया का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक द्वारा फीता काटकर व लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर किया गया। एसपी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को स्वयं मिठाइयां वितरित करते हुये उनसे वार्ता कर हौसला बढ़ाया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। तदोपरान्त उपस्थित आमजनमानस को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी के माध्यम से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा तथा आमजन को त्वरित



पुलिस सहायता उपलब्ध होगी। चौकी के माध्यम से अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था एवं जनसुनवाई को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद लोगों से अपील की गई कि वह सभी पुलिस के साथ सहयोग बनाये रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरन्त पुलिस को दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण एवं चौकी क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

# बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने सरेनी पावर हाउस का किया घेराव

**सरेनी, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

लगातार बिजली कटौती और अनियमित विद्युत आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों ने देर रात सरेनी पावर हाउस का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बिजली न मिलने से सिंचाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी



कि यदि जल्द ही विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों की नाराजगी देखने को मिली।

# 115 पथरी रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा वितरित की गई , सेवादारों ने किया श्रमदान

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** श्री सर्वेश्वरी समूह, औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम सई नदीतट,औघड़ आश्रम मुन्शीगंज,में सैकड़ों पथरी रोगियों को फकीरी पद्धति से आयुर्वेदिक दवा का दूर दराज से आए हुवे सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क वितरण राम प्यारे मौर्य जी के द्वारा किया गया. आज रविवार के दिन पूर्व की भाँति ही 115 पथरी रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण फकीरी पद्धति से किया गया। दवा वितरण करने वाले रामप्यारे मौर्य जी ने मरीजों को दवा लेने के तरीके बताएं,तथा मरीजों को दवा का सेवन



करते समय क्या परहेज करना है, दवा कैसे सेवन करें, इन सब के विषय में आए हुए मरीजों को विस्तार से बताया। आए हुए मरीजों में कई पुराने मरीज़ रहे जो इससे पहले यहां से दवा ले जाकर उसका सेवन करके अपनी बीमारी में राहत महसूस कर रहे थे और उनके साथ ही काफी तादात में नए मरीज भी दूर दराज से आसपास के जिलों से दवा लेने औघड़ आश्रम मुन्शीगंज आए। औघड़ आश्रम मुंशीगंज में हर रविवार को आयुर्वेदिक पद्धति से दवा वितरण का यह कार्यक्रम वर्षों पूर्व से सुचारु रूप से चलता चला आ रहा है हर रविवार को सैकड़ों लोग दवा लेने आश्रम पहुंचते हैं।
श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम सई नदीतट, औघड़ आश्रम में सेवादारो ने श्रमदान का भी कार्य किया,जिसमें प्रमुखता से आश्रम के व्यवस्थापक बृजेश सिंह, विश्वनाथ मिश्रा, विनोद जायसवाल, प्रशांतमणि सिंह गोलू, विवेक सिंह एडवोकेट, दिवाकर सिंह और गोविंद सिंह एडवोकेट, आदि लोगों ने सहभागिता दर्ज की।

## रोटावेटर की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है।जहां रोटावेटर की चपेट में आने से सात वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।क्षत विक्षत शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल हो गया।बताया जा रहा है कि सलोन कोतवाली क्षेत्र के गिलकईयापुर गांव निवासी सात वर्षीय लकी पुत्र शिवमूरत ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था।इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह चल रहे ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा।गिरते ही वह पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया।जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## ‘एक जनपद एक व्यंजन’ योजना के तहत मसाला उद्योग के लिए वित्तीय सहायता के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ‘एक जनपद एक व्यंजन (ODOC) कार्यक्रम के अंतर्गत वित्त पोषण सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत जनपद के चयनित व्यंजन ‘मसाला’ से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में कार्यरत अथवा नया उद्यम स्थापित करने के इच्छुक पात्र व्यक्तियों एवं उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत मार्जिन मनी अनुदान निम्नानुसार देय होगा-25 लाख तक की परियोजना पर परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 6.25 लाख (जो कम हो)। 25 लाख से 50 लाख तक की परियोजना पर परियोजना लागत का 20 प्रतिशत अथवा 6.25 लाख। 50 लाख से 1.50 करोड़ तक की परियोजना पर परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अथवा 10 लाख। 1.50 करोड़ से अधिक की परियोजना पर परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 लाख (जो कम हो)। उन्होंने बताया कि उद्यम के दो वर्ष तक सफल संचालन के उपरांत मार्जिन मनी को अनुदान के रूप में बैंक ऋण में समायोजित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांग श्रेणी के आवेदकों को परियोजना लागत का 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान करना होगा। योजना के लिए पात्रता के संबंध में उन्होंने बताया कि आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा किसी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं है। वित्तीय सहायता केवल जनपद के चयनित ओडीओसी उत्पाद ‘मसाला’ से संबंधित सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र की इकाइयों के लिए अनुमन्य होगी। साथ ही, आवेदक ने भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का पूर्व में लाभ प्राप्त न किया हो तथा वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था अथवा सरकारी संस्था का चूककर्ता (डिफॉल्टर) न हो।

# पीडीए जनपंचायत महासम्मेलन में गरजे अरविन्द यादव

▸ 2027 में सपा की जीत का किया दावा

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित पीडीए जनपंचायत महासम्मेलन में समाजवादी पार्टी नेताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी छिबरामऊ विधानसभा सीट पर भारी मतों से जीत दर्ज करेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और पीडीए की विचारधारा को मजबूती से पहुंचाने तथा परिवर्तन के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

पूर्व मंत्री राम आश्रय विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़े हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। उन्होंने भी 2027 में परिवर्तन लाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

आदित्य परवेज के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कलीम खान सहित महेंद्र नीम, तहसीन सिद्दीकी, सुनीना चौहान, प्रियस तोमर, बंटी शर्मा, अरुण शर्मा, योगेश शर्मा, यश दोहरे, संतोष गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र शर्मा और कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मन को सही रास्ते पर चलाने के लिए सत्संग आवश्यक

▸ संत निरंकारी भवन में सत्संग

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य बहन शशि प्रभाकर ने अपने अनमोल वचनों में कहा मन को सही रास्ते पर चलाने के लिये सत्संग का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा जिस मनुष्य को निराकार प्रभु से प्यार नहीं वह सांध संगत से प्यार नहीं कर सकता और जो सांध संगत से प्यार नहीं करता वह किसी भी मनुष्य से प्यार नहीं कर सकता। प्यार बिना जीवन बेकार हो जाता है। और मन बुराई की ओर चल पड़ता हैं। आज के मनुष्य विभिन्न कर्मकांडों में उलझकर अज्ञानता में नफरत के बीज बो रहे हैं। वह किसी और का नहीं बल्कि अपना ही नुकसान करने में लगा है और नाम गुरु, पीर, पैगम्बरो का लेने में भी नहीं हिचकता। वह नहीं जानता कि ऐसा करके अपने ही धर्म को हानि पहुँचा रहा है। किसी भी धर्म और संत ने नफरत नहीं सिखाई बल्कि सदा नम्रता, करुणा, दया व प्यार का ही पाठ पढ़ाया है।

जब व्यक्ति में आध्यात्मिकता मजबूत हो तो धर्म भी मजबूत होगा। आप सभी महात्माओं ने देखा भी था कि सदगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने कैसे सभी को प्यार के बन्धनों से बाध कर मानवता की मिसाल कायम की थी। आज समय के सदगुरु माता सुदिक्षा जी व राज पिता रमित जी की असीम कृपा से सत्संग का आनंद ले रहे हैं। दातार सभी पर ऐसी रहमत बनाये रखना। अपने से कभी दूर नहीं हो ने देना। महात्मा रामप्रताप के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी प्रवचनों एवं भजनों से साध संगत को निहाल किया।

## भाजपा ने बूथ स्तरीय डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की समीक्षा की

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी एवं जिले के प्रवासी अनूप अवस्थी ने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान जिले में चल रहे बूथ स्तरीय डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की समीक्षा की। उन्होंने कन्नौज, छिबरामऊ और तिर्वा विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों व शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक कर अभियान को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और डिजिटल माध्यम से बूथ स्तर तक पार्टी की विचारधारा व जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रत्येक बूथ समिति सदस्य का प्रशिक्षण समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा।

# महिलाओं को अधिकार और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**समृद्धि न्यूज़, विशुनगढ़, कन्नौज।**

थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के हृदयरामपुर गांव में शनिवार को पुलिस की ओर से बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, युवतियों और बुजुर्ग महिलाओं को एकत्र कर महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सम्मेलन में मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया, पीसीओडी/ पीसीओएस, परिवार नियोजन के तहत दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतर रखने, बालिकाओं की शिक्षा तथा घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्पलाइन नंबरों और पॉक्सो एक्ट की जानकारी भी दी गई।

साथ ही अभिभावकों से बेटों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाने और बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। कार्यक्रम में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां और समूह सखियां मौजूद रहीं।

## कोतवाली में लगाए गए ऑडियो युक्त सीसीटीवी कैमरे

### पारदर्शिता और सुरक्षा होगी मजबूत

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली में पुलिस व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे की पहल पर आधुनिक ऑडियो युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से कोतवाली आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों के साथ उनकी बातचीत भी रिकॉर्ड हो सकेगी। इसका उद्देश्य फरियादियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा दलाली और अवैध वसूली जैसी शिकायतों पर प्रभावी रोक लगाना है। करीब तीन माह पूर्व कार्यभार संभालने के बाद से प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने कोतवाली परिसर में सक्रिय दलालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। सख्ती का असर यह है कि अब फरियादी बिना किसी बिचौलिए के सीधे पुलिस अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नई व्यवस्था से कोतवाली का माहौल पहले की अपेक्षा अधिक अनुशासित और भरोसेमंद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि दलाली, अवैध वसूली या फरियादियों को गुमराह करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# सदस्यता अभियान तेज कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

▸ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला कार्यकारिणी की बैठक

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला कार्यकारिणी की बैठक नगर के सौरिख रोड स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम में आयोजित हुई। बैठक में अधिक से अधिक सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाने, नगर कमेटियों का शीघ्र गठन करने और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राम जी अग्रवाल ने कहा कि सभी नगर कमेटियों का गठन जल्द पूरा किया जाए और सदस्यता बढ़ाने पर पूरे जोर-शोर से काम किया जाए। उन्होंने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन भी दिया। संचालन कर रहे जिला महामंत्री संजीव गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक नगर में नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, ताकि संगठन की जड़ें मजबूत हों। छिबरामऊ नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने बताया कि नगर में विभिन्न ट्रेडों में कमेटियों का गठन किया गया है, जिससे संगठन की ताकत काफी बढ़ गई है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता (महिंद्रा एजेंसी) ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही यहां पर तहसील स्तर के व्यापारियों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने छिबरामऊ व्यापार मंडल की ताकत की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत संगठन के कारण व्यापारियों की समस्याओं का समाधान तत्काल होता है।

## खबरें एक नजर में

### अवकाश प्राप्त बेसिक शिक्षकों की बैठक कल

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** बेसिक शिक्षा पेंशनर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के जून 2006 से जून 2013 के समस्त अवकाश प्राप्त शिक्षकों की आवश्यक बैठक 21 जुलाई मंगलवार को दोपहर बाद 2 बजे से कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ में होगी। इसमें आवश्यक सूचनाएं दी जाएंगी।

### पीडीए जनसंवाद में सपा कार्यकर्ताओं ने 2027 के चुनाव का भरा हुंकार

#### संगठन की मजबूती से मिलेगी जीत, अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने का दिलाया संकल्पः रामआसरे विश्वकर्मा



**सौरिख/कन्नौज।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में रविवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) वर्ग को एकजुट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की लगातार उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने विश्वकर्मा पूजा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, जिसे वर्तमान सरकार ने समाप्त कर विश्वकर्मा समाज की भावनाओं को आहत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व प्रत्याशी अनिल पाल, वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी 'बऊअन', बंटी शर्मा, हुकुम सिंह यादव, हसीब हसन, शरद यादव और रामसेवक राजपूत सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान छात्रसभा जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रेश यादव समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी वर्ष 2010 में फर्रुखाबाद जनपद के थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव धीरपुर निवासी अनुज पुत्र श्यामबाबू के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद कुछ वर्ष तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन वर्ष 2021 में पति अनुज की मृत्यु हो जाने के बाद सास ससुर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे।

# गौसेवक रंजीत पांडे ने लड़ैता गौशाला में ली व्यवस्थाओं की जानकारी



▸ पूर्व प्रधान ईश्वर दयाल को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

ग्राम लड़ैता की अस्थाई गौशाला पहुंचे अंतरराष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ सेवा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे ने गौ वंशों को गुड़, दाना मिला आटा खिलाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गौशाला में निरीक्षण के बाद रंजीत पांडे ने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और गौवंशों की देखभाल अच्छी तरह की जा रही है। उन्होंने गौशाला की देखरेख कर रहे पूर्व प्रधान ईश्वर दयाल के सेवा कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गौसेवा समाज का पुनीत कार्य है और सभी को इसमें अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। गौ माता हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं। उनकी रक्षा और संरक्षण हर हिंदू का धर्म है। आजकल गौवंशों की उपेक्षा हो रही है, ऐसे में हमें जागरूक होकर इनकी देखभाल करनी चाहिए। स्थानीय स्तर पर गौशालाएं मजबूत हों, तो ही हम गौ संरक्षण का लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। समाज को आगे आना चाहिए और इन पावन कार्यो में आर्थिक, शारीरिक व मानसिक सहयोग प्रदान करना चाहिए। इस अवसर पर गौसेवक रंजीत पांडे के सहयोगी गणेश शंकर चतुर्वेदी, अमित राठौर, राजपाल सिंह चौहान, अजीत राठौर, कृष्णा पांडे, अंशुल राठौर आदि मौजूद रहे।

## खेत की जुताई के दौरान किसान का कटा हाथ

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरदामई में रविवार को खेत की जुताई के दौरान एक किसान गंभीर हादसे का शिकार हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैया अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सरदामई निवासी 60 वर्षीय प्रताप सिंह यादव पुत्र छत्तेलाल धान की रोपाई की तैयारी के लिए अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई करा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह ट्रैक्टर के पीछे लगे हैरो पर बैठे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। गिरते ही उनका एक हाथ हैरो की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से कट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें मशीन से अलग कर उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया।

# ठेका प्रथा के खिलाफ आज लखनऊ विधानसभा का घेराव करेंगे सफाई कर्मचारी

▸ कन्नौज से भी सैकड़ों साथी होंगे शामिल

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के बैनर तले उत्तर प्रदेश के सफाई कर्मचारी ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग को लेकर 20 जुलाई 2026, सोमवार को लखनऊ स्थित विधानसभा का घेराव करेंगे। महासंघ ने सफाई कर्मचारियों के शोषण को बंद करने, पक्की नौकरी देने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारियों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ, जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष राजा सिंह बाल्मीकिने बताया कि आंदोलन का समय बदल दिया गया है। पहले कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे तय था, जिसे अब दोपहर 1:00 बजे तक कर दिया गया है। उन्होंने सभी साथियों से 1:00 बजे तक विधानसभा लखनऊ पहुंचने का अनुरोध किया। जिला अध्यक्ष राजा सिंह बाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारी वर्षों से शोषण और ठेका प्रथा के शिकार हैं। हमें सम्मान, पक्की नौकरी और पुरानी पेंशन चाहिए। सरकार हमारी बात नहीं सुन रही इसलिए अब सड़क पर उतरकर हक लेना पड़ेगा। कन्नौज जनपद से भी सैकड़ों साथी 20 जुलाई को लखनऊ कूच करेंगे। आपकी एकजुटता ही हमारी ताकत है। महासंघ की मुख्य मांगेः 1. ठेका प्रथा बंद करो, 2. सफाई कर्मचारियों का शोषण बंद करो, 3. पक्की नौकरी दो, 4. पुरानी पेंशन बहाल करो 'जय भीम, इंकलाब जिंदाबाद' के नारे के साथ सफाई कर्मचारियों के हक, सम्मान और अधिकार की लड़ाई का आह्वान किया गया है।

# सीबीएसई हाईस्कूल में जेपी एजुकेशन अकादमी का डंका, समर कटियार बने स्कूल टॉपर

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के द्वितीय परीक्षा परिणाम में जेपी एजुकेशन अकादमी गुरसहायगंज के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कक्षा 10वीं में समर कटियार ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कशीश ने 95.1 प्रतिशत के साथ द्वितीय और पूजा यादव ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आदित्य राज कौशल 93.6 प्रतिशत के साथ चतुर्थ और आयशा सिफत 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान पर रहीं। विद्यालय के समस्त छात्रों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक इंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत और लगन से तैयारी की है। इसी का परिणाम है कि हमारे बच्चे आज टॉप करके विद्यालय का मान बढ़ा रहे हैं। समर, कशीश, पूजा सहित सभी सफल बच्चों को बहुत-बहुत बधाई। माता-पिता और गुरुजनों के सहयोग से ही यह सफलता संभव हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी हमारे छात्र इसी तरह जिले और प्रदेश में विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने भी सभी सफल छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने टॉपर छात्रों को शुभकामनाएं दीं।



# आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1601 मरीजों का हुआ इलाज

▸ 36 स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क जांच दवा और टीकाकरण की सुविधा

▸ 34 आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए



**कन्नौज।** जिले के सभी 32 ग्रामीण और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 1601 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर आयोजित मेले का नोडल अधिकारी और निरीक्षण टीमों ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों की निशुल्क जांच और उपचार के साथ बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इसके अलावा परिवार कल्याण संबंधी परामर्श, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग और नेत्र रोगियों का परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में कुल 1601 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें 754 पुरुष, 631 महिलाएं और 216 बच्चे शामिल रहे। आयुष्मान भारत योजना के तहत 34 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सभी 36 स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# तिर्वा रोड पर 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित, हजारों उपभोक्ताओं को मिलेगी कम वोल्टेज और बार-बार कटौती से राहत

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



नगर के तिर्वा रोड स्थित सर्विस रोड पर विद्युत विभाग ने 250 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे चालू कर दिया है। नए ट्रांसफार्मर के शुरू होने से तिर्वा रोड और आसपास के सर्विस मार्ग के हजारों उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज और बार-बार कटौती की समस्या से निजात मिलेगी। विद्युत उपखंड कार्यालय के अवर अभियंता राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर क्षमता से अधिक भार के कारण खराब हो गया था और कई दिनों से झुका हुआ था। इससे क्षेत्र में वोल्टेज की भारी समस्या और आए दिन लाइन में दिक्कत की शिकायतें आ रही थीं। अवर अभियंता राजकुमार ने कहा कि तिर्वा रोड और सर्विस मार्ग क्षेत्र में उपभोक्ताओं की संख्या काफी बढ़ गई थी। पुराना ट्रांसफार्मर भार नहीं झेल पा रहा था, जिस कारण कम वोल्टेज, बार-बार कटौती और तारों के जलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। लोगों को घरों में पंखा, कूलर और इनवर्टर तक ठीक से नहीं चल पा रहा था। दुकानदारों का काम भी प्रभावित हो रहा था। इसी समस्या को देखते हुए विभाग ने यहां 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्वीकृत कर तत्काल स्थापित करवा दिया है और उसे चालू भी कर दिया गया है। अब इस क्षेत्र के लगभग 800 से अधिक घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज मिलेगी। कटौती की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी और लाइन में खराबी भी कम आएगी। विभाग का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना बाधा और अच्छी गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति मिले। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गर्मी के दिनों में वोल्टेज इतनी कम हो जाती थी कि पंखे धीमी गति से चलते थे और इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पाता था। शाम के समय बार-बार कटौती के कारण दो-दो घंटे तक बिजली गुल रहती थी। नए ट्रांसफार्मर लगने से लोगों ने राहत की सांस ली है और विद्युत विभाग का आभार जताया है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली का सही उपयोग करें और अवैध कनेक्शन न लें, जिससे सभी को बराबर वोल्टेज मिल सके।

# छह दिनों से अंधेरे में कस्बे के लोग, पानी को तरसे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज में पिछले छह दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भीषण गर्मी और उमस के बीच अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या ने आम जनजीवन को नरक बना दिया है। दिन हो या रात, लोग बूंद-बूंद पानी और ठंडी हवा के लिए तरस रहे हैं। सबसे बुरा हाल बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का है, जो इस जानलेवा गर्मी में तड़पने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली आपूर्ति का अब कोई निर्धारित समय नहीं रह गया है। बिजली महज कुछ मिनटों के लिए आती है और फिर घंटों के लिए गुल हो जाती है। रही-सही कसर लो-वोल्टेज पूरी कर देता है, जिसके कारण पंखे और कूलर सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। घरों में लगे इनवर्टर पूरी तरह जवाब दे चुके हैं। पानी की मोटरें न चल पाने से कस्बे में पेयजल संकट गहरा गया है। विद्यार्थियों की पढ़ाई और व्यापारियों का कारोबार पूरी तरह ठप हो चुका है। नगरवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए जब बिजलीघर के सरकारी नंबर पर कॉल की जाती है, तो कोई फोन रिसीव नहीं करता। अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी के फोन भी अक्सर बंद आते हैं या वो बात नहीं करते। विभागीय कर्मचारी जनसमस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय टालमटोल का रवैया अपना रहे हैं, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। आक्रोशित जनता ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि नवाबगंज की बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए। अघोषित कटौती और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग पर तुरंत रोक लगे। लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।



लोगो

## ट्रांसफॉर्मर फुंकने से 40 घरों में छाया अंधेरा

**नवाबगंज।** फतनपुर गांव में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। विद्युत उपखंड नवाबगंज के अंतर्गत आने वाले इस गांव में 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर चार दिन पहले तेज धमाके के साथ फुंक गया था। इससे गांव के करीब 40 घरों में अंधेरा छा गया है और ग्रामीण भीषण गर्मी व उमस से जूझ रहे हैं। फतनपुर गांव में बिजली आपूर्ति साहबगंज विद्युत उपकेंद्र से होती है। ट्रांसफॉर्मर फुंकने के बाद से घरों में लगे पंखे, कूलर, फ्रिज, पानी की मोटर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं। बिजली न होने के कारण ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना तत्काल बिजलीघर और संबंधित अधिकारियों को दी गई थी। शिकायत दर्ज कराने के बावजूद चार दिन बीत जाने पर भी विद्युत विभाग द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है। इस लापरवाही के कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। बिजली न होने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग बिल वसूलने में तो तत्परता दिखाता है, लेकिन खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने जैसी आवश्यक सेवाओं में गंभीर लापरवाही बरत रहा है। गांव निवासी माधव, ऋतिक, अंकित, भास्कर, सौरभ, रोहित, रिंकू, सुमित और सुभाष सहित अन्य ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत


मृतक का फाइल फोटो

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक लोडर लेकर फरार हो गया, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए लोडर को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर कच्छ निवासी 31 वर्षीय मंदीप पुत्र वीरपाल रविवार शाम रुदायन से बाइक से घर लौट रहे थे। मानिकपुर गांव के निकट सामने से आ रहे लोडर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मंदीप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने घेराबंदी कर कुछ दूर पर लोडर को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोडर को थाने लाकर चालक के खिलाफकार्रवाई शुरू कर दी गई है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। मां रीता देवी सहित स्वजन बेहाल हैं। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़े भाई का नाम रंजीत और छोटे भाई का नाम गोपी है। थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अटल संकल्प पद यात्रा जनपद से हरिद्वार के लिए हुई रवाना


स्वामी अनुरागी महाराज का स्वागत करते डा. वैभव पाठक, राजीव पाठक आदि

- डा. राजीव पाठक, डा. वैभव पाठक सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटल संकल्प पद यात्रा फर्रुखाबाद से हरिद्वार तक निकाली जा रही है। यात्रा फर्रुखाबाद से अनादि सिद्धपीठ श्री दक्षिण काली मंदिर नील धारा गंगा घाट, चण्डी घाट हरिद्वार उत्तराखण्ड 27 जुलाई को पहुंचेगी। 19 जुलाई को सुबह यात्रा का शुभारम्भ हुआ। डा0 श्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज निरंजन पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर के सानिध्य में स्वामी अनुरागी महाराज की देखरेख में प्रारंभ हुई। यात्रा के संयोजक सूरज ग्रुप के चेयरमैन डा0 राजीव पाठक व राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष यात्रा संयोजक प्रमोद बाजपेयी एवं प्रदेश महामंत्री मृदुल चतुर्वेदी की देखरेख में प्रारंभ हुई। सूरज डायग्नोस्टिक आवास विकास से यात्रा प्रारंभ होकर गुरुगांव देवी मंदिर पहुंची। इससे पूर्व सूरज डायग्नोस्टिक पर स्वामी अनुरागी महाराज का डा0 राजीव पाठक व डा0 वैभव पाठक एवं डा0 आयुष पाठक ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। गुरुगांव देवी मंदिर पहुंचकर स्वामी अनुरागी महाराज के साथ भक्तों ने गुरुगांव देवी मंदिर में पूजन किया। वहां से यात्रा प्रारम्भ होकर कायमगंज की ओर प्रस्थान हुई।

इस मौके पर पूजा बाजपेयी, संजय अरोड़ा, सरिता अरोड़ा, डा0 ऋषिनाथ गुप्ता, डा0 डीके तिवारी, सुनील शुक्ला, लखन दीक्षित, अनुभव द्विवेदी, कन्हैया मित्तल, शंभूदयाल आदि बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# संदिग्ध पिकअप पर ग्रामीणों की ताबड़तोड़ फायरिंग

- चालक हिरासत में, राजेपुर पुलिस जांच में जुटी

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कुइयां गांव में बीती रात संदिग्ध गतिविधि की आशंका के चलते ग्रामीणों ने मूंगफली से लदी एक पिकअप पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, छिबरामऊ से शाहजहांपुर जा रही मूंगफली से लदी एक पिकअप का मंडी समिति की टीम पीछा कर रही थी। शुक्रवार देर रात करीब दो बजे चालक ने कुइयां गांव के चक मार्ग पर वाहन खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद मंडी समिति की गाड़ी भी वहां पहुंच गई। देर रात सुनसान स्थान पर दो वाहनों की मौजूदगी से ग्रामीणों को संदेह हुआ कि कहीं चोर या बदमाश तो नहीं हैं। ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद लोगों को कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। संदेह और बढ़ने पर कुछ ग्रामीणों ने करीब आधा दर्जन राउंड फायरिंग कर दी। गोलीबारी शुरू होते ही मंडी समिति की गाड़ी वहां से निकल गई, जबकि पिकअप मौके पर ही खड़ी रही। बताया जा रहा है कि करीब एक माह पहले इसी गांव में राजेश पाठक के घर बदमाशों के घुसने की घटना हुई थी। इसके बाद से गांव में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई थी और घटना के समय भी पुलिसकर्मी गांव में मौजूद थे। इसी पृष्ठभूमि के कारण ग्रामीण किसी भी संदिग्ध गतिविधि को लेकर पहले से अधिक सतर्क थे। घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मूंगफली से भरी पिकअप के चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। साथ ही फायरिंग करने वाले लोगों की भी पहचान की जा रही है। थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया ग्रामीणों ने वाहन को संदिग्ध समझकर फायरिंग की थी। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि फायरिंग किन लोगों ने की और घटना के समय मंडी समिति की टीम वहां किस उद्देश्य से पहुंची थी। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस लोगों से संयम बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील कर रही है, ताकि कानून हाथ में लेने जैसी घटनाओं से बचा जा सके।


जांच पड़ताल करती पुलिस

## खबरें एक नजर में

### मारपीट में आठ दबंगों पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रंजिश में दबंगों ने युवक व उसके स्वजनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे दो महिलाएं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तहरीर के आधार पर आठ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव चिकनैया शादनगर निवासी रिंकू शाक्य ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार देर रात नौ बजे वह व उनके स्वजन तीन नई बाइक खरीदकर गांव गए। बाइक दरवाजे पर खड़ी कर पूजन करने लगे। इसी बात पर पड़ोसी मातादीन यादव अपने स्वजनों के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपित भाई हरिराम के साथ लाठी डंडों ईंट पत्थर से मारपीट करने लगे। बचाने आई भाभी रामसखी, कृष्णावती, भतीजा रजनेश के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के आने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर आठ आरोपितों मातादीन, उदयवीर, अस्वीर, नाहर सिंह, अनिल, वीरेंद्र, राजेंद्र व दिनेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गाँव कुआँखेडा खास निवासी परवेज खाँ उम्र 43 वर्षीय पुत्र हामिद खाँ बाइक द्वारा गाँव निजामुद्दीनपुर खेत पर जा रहा था। अजमतपुर के पास पहुँचते ही सामने से आरहे तेज रफ्तार बाइक चालक रामपूजन उम्र 26 वर्षीय पुत्र बाल किशन निवासी निजामुद्दीनपुर की आमने-सामने से बाइकों की जोरदार भिडन्त हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सीएचसी लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

### जेठ ने तमंचा लगाकर महिला से किया दुष्कर्म

**कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पति की मौत के बाद 41 वर्षीय महिला के साथ जेठ ने तमंचा रखकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की।

कोतवाली क्षेत्र की निवासी पीड़िता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति की मौत 6 वर्ष पहले हो गई थी। एक वर्ष पहले जेठ की पत्नी का भी निधन हो गया था। इसके बाद से आरोपी जेठ भूप सिंह उसे जबरन अपनी पत्नी बनाकर रखना चाहता था। विरोध करने पर वह रंजिश रखने लगा। 27 अप्रैल की रात करीब 12 बजे पीड़िता अपने कमरे के बरामदे में सो रही थी। इसी दौरान जेठ भूप सिंह वहां पहुंचा और उसे पकड़ लिया। आरोपी ने उसके सिर पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी ने उसे डंडों से पीटा और फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद वह न्याय के लिए कायमगंज कोतवाली और महिला थाना फतेहगढ़ गई, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी जेठ भूप सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उ.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा परिणाम जुलाई के अंत तक आने की संभावना

- ओएमआर सीटों का मूल्यांकन एवं आपत्तियों के निस्तारण का साथ-साथ चल रहा काम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) 2026 का परीक्षा परिणाम जुलाई के अंत तक आने की उम्मीद है। उ0प्र0 शिक्षक सेवा चयन आयोग द्वारा परीक्षा की ओएमआर सीटों को मूल्यांकन का कार्य तेजी से चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, 22 जुलाई तक मूल्यांकन कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। आयोग जुलाई के अंत तक परीक्षा परिणाम घोषित करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। परीक्षा में बैठे 17.17 लाख अभ्यार्थियों का परिणाम को लेकर जल्द ही इंतजार खत्म हो सकता है। आयोग के सूत्रों के अनुसार मूल्यांकन के साथ अभ्यार्थियों की आपत्तियों का भी विषय विशेषज्ञों की कमेटी से निस्तारण कराया जा रहा है। प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षाओं के विभिन्न विषयों की उत्तर कुंजी तैयार की जायेगी। विदित है कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए होने वाली मुख्य परीक्षा में सम्मलित होने हेतु उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सात खिलाड़ियों ने जीते पदक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद के सात खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। टीम की प्रशिक्षिका श्रद्धा त्रिपाठी ने बताया कि 18 व 19 जुलाई को स्वीट एंजल इंटरनेशनल स्कूल बारादेवी कानपुर में ताइक्वांडो की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें सात खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए पदक प्राप्त किये। टीम मैनेजर ने बताया कि जनपद की ओर से सात खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंडर-39किग्रा वर्ग में उदय प्रताप ने स्वर्ण पदक, अंडर-29 किग्रा वर्ग में अंश कुमार ने रजत प्रदक प्राप्त किया। अंडर-23 किग्रा वर्ग में स्पर्श कुमार ने रजत पदक, अंडर-25 किग्रा वर्ग में अमाईस ने रजत पदक, अंडर-43 किग्रा वर्ग में कु0 आराध्या ने रजत पदक, अंडर-29 किग्रा वर्ग में तेजस्वी ने रजत पदक और ओजस्वी ने अंडर-23 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीत कर जनपद का नाम रोशन किया। पदक प्राप्त सभी खिलाड़ी डा0 बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन याकूतगंज के प्रशिक्षिका श्रद्धा त्रिपाठी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। विजयी खिलाड़ियों को डा0 वीपी अग्रवाल, अमित पाण्डेय, डा0 विशाल अग्रवाल आदि ने बधाई दी।



मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी

# चोरी की बैटरियां सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरियों के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में चोरी की बैटरियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना शमसाबाद में धारा 303(2) में वादी की 03 भैंस चुराना तथा धारा-303(2), 126/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 128/26 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 126/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस में विभिन्न स्थानों पर बैटरी, इन्वर्टर व अन्य इलैक्ट्रानिक सामान चोरी करना तथा थाना नबावगंज में धारा-305 बीएनएस में बैटरी इन्वर्टर व अन्य इलैक्ट्रानिक सामान चोरी करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये 02 अभियुक्त सुबोध यादव पुत्र रामनिवास निवासी उलियापुर उर्फ वलीपुर भगवन्त व दीवान सिंह पुत्र निवास सिंह निवासीगण उलियापुर उर्फ वलीपुर भगवन्त थाना शमसाबाद को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की निशानदेही से 2 इन्वर्टर, 3 बैटरी विभिन्न कम्पनी की व 8 हजार रुपये की नगदी बरामद हुई। पूछताछ में गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों ने बताया कि वे आपस में मिलकर अवसर देखकर चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिससे उन्हें अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। अभियुक्तों ने बरामद माल के संबंध में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। अभियुक्त सुबोध के विरुद्ध पूर्व से चोरी, गैंगस्टर, मारपीट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।


चोरी की बैठरी सहित आरोपी

# पतंग उड़ाने से मां ने किया मना बालक ने पिया कीटनाशक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पतंग उड़ाने से मना करने व फाड़ देने से नाराज बालक ने जहरीला कीटनाशक पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार कायमगंज थाना क्षेत्र के मोती नगला निवासी वीरपाल का 12 वर्षीय पुत्र घर के बाहर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान उसकी मां ने उसे पतंग उड़ाने से मना किया और उसकी पतंग फाड़ दी। जिससे नाराज होकर बालक ने घर में रखा जहरीला कीटनाशक पी लिया।




जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बालक के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करने गए हुए थे। बेटा पतंग उड़ा रहा था उसकी मां ने मना किया तो वह माना नहीं और जहरीला कीटनाशक पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसका लोहिया में उपचार चल रहा है।

# पांच महीने बाद भी नहीं चालू हुई बिजली व्यवस्था

- नवाबगंज टाउन फीडर का लाभ अब तक नहीं मिला
- विधायक सुशील शाक्य ने ग्रामीणों से किया था वादा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगरवासियों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का सपना दिखाकर शुरू किया गया नवाबगंज टाउन विद्युत फीडर पांच महीने बाद भी अपनी मंशा पर खरा नहीं उतर सका है। 14 फरवरी 2026 को अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील शाक्य ने नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर टाउन फीडर का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया था। इस दौरान उन्होंने मंच से घोषणा की थी कि अब नवाबगंज नगर को ग्रामीण फीडर की बिजली नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र के मानकों के अनुरूप करीब 21 घंटे 30 मिनट बिजली आपूर्ति मिलेगी। विधायक ने इसे नगरवासियों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा था कि अलग टाउन फीडर बनने से बिजली कटौती की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन शुभारंभ के पांच महीने पांच दिन बीत जाने के बाद भी हालात पूरी तरह उलट नजर आ रहे हैं। नगर के लोगों का कहना है कि आज भी उन्हें शहरी फीडर का लाभ नहीं मिल रहा। बिजली आपूर्ति पहले की तरह ग्रामीण क्षेत्र की व्यवस्था के अनुसार ही हो रही है। आए दिन घंटों की कटौती, लो वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। भीषण गर्मी में बिजली के अभाव में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के आंकड़ों के अनुसार नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र से कुल 13,608 विद्युत कनेक्शन जुड़े हैं। इनमें करीब 3,000 कनेक्शन नगर क्षेत्र के हैं, जबकि 456 उपभोक्ता शहरी दरों पर बिजली बिल जमा करते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब उनसे शहर के हिसाब से बिजली का बिल वसूला जा रहा है तो उन्हें शहर के मानकों के अनुरूप बिजली भी मिलनी चाहिए। उनका आरोप है कि वर्तमान में नगर की स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों से भी बदतर बनी हुई है। नगरवासियों का कहना है कि विधायक द्वारा किए गए वादों और उद्घाटन समारोह में की गई घोषणाओं के अनुरूप आज तक बिजली व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं दिया। लोगों का सवाल है कि जब अलग टाउन फीडर शुरू हो चुका है तो आखिर नगर को शहरी फीडर के अनुरूप बिजली आपूर्ति क्यों नहीं मिल रही। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि टाउन फीडर का वास्तविक लाभ नगरवासियों तक पहुंचाया जाए और शासन द्वारा निर्धारित शहरी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि लोगों को बार-बार होने वाली बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिल सके।

# घायल युवक की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत

- परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद के युवक की लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गयी। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों ने पुत्र की हत्या करने का आरोप उसके दोस्तों पर लगाते हुए शव रखकर कार्यवाही की मांग करने लगे और अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। पुलिस के कई घंटे प्रयास करने बाद समझाने पर परिजनों ने देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला नरकसा निवासी 32 वर्षीय रोहित कुशवाहा 6 जुलाई को अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से हरदोई जनपद गया था। वहां उसकी बाइक सड़क किनारे पड़ी मिली थी और बताया गया कि वह हादसे में घायल हो गया था। इसकी जानकारी लोहिया अस्पताल से परिजनों को दी गई थी। लोहिया अस्पताल पहुंचकर परिजन रोहित को उपचार के लिए पहले कानपुर और बाद में लखनऊ ले गए थे। शनिवार रात को लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में ही कराया गया था। रविवार को जब परिजन शव लेकर घर पहुंचे, तो उन्होंने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। परिजनों का आरोप था कि रोहित के दोस्तों ने उसकी मारपीट कर हत्या की है। उन्होंने दोस्तों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और कहा कि जब तक कार्यवाही नहीं होगी, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मामले की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कादरी गेट थानाध्यक्ष कपिल चौधरी ने परिजनों को समझाया, लेकिन वह नहीं माने और कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। कई घंटे बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए और देर शाम शव का अंतिम संस्कार कर दिया।


परिजनों को समझाती पुलिस

# सपा बूथ स्तरीय पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**माइक्रो लेबल मैनेजमेंट में जुटी सपा, बूथ पर कर रही मोर्चाबंदी**


सभा को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी ने अब अपनी चुनावी रणनीति में बड़ा फेरबदल करते हुए बूथ लेबल पर माइक्रो मैनेजमेंट करना शुरू कर दिया है। इससे पहले सेक्टर, जोन और बूथ मैनेजमेंट का काम बसपा और भाजपा का संगठनात्मक कार्य हुआ करता था, लेकिन अब अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी जो कभी आक्रामक शैली से पहचानी जाती थी, उसमें नई हवा है नई सपा है के नारे के साथ रणनीतिक परिवर्तन करते हुए पीडीए के फॉर्मूले को धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए समाजवादी पार्टी ने अब बूथ स्तर पर मोर्चेबंदी का काम शुरू कर दिया है। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ने 4 सेक्टर खिमसेपुर, महोई, जाजपुर बंजारा और मोहम्मदाबाद की बैठक कर बूथ स्तर पर अपनी सत्ता वापसी की राह तलाशी। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बूथ स्तरीय पदाधिकारियों से संवाद करते हुए पार्टी की विचारधारा को जमीन पर उतारने के लिए कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में बदलाव का माहौल है और सत्ता परिवर्तन होना तय है। पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव ने अपने प्रभार बाले सेक्टर संख्या 2 मोहम्मदाबाद की आयोजित बैठक में पदाधिकारियों से जमीन की हकीकत जानी। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा जब से समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली है तब से पार्टी में ही हूं पार्टी यदि टिकट देगी तो चुनाव लड़ेंगे। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि पार्टी बूथ स्तर पर पूरी मजबूती से इस बार मैदान में उतरेगी। वरिष्ठ नेता डॉ0 जेपी वर्मा ने सेक्टर संख्या 10 महोई में कहा कि यह चुनाव पीडीए समाज के अधिकारों को बचाने का अंतिम चुनाव है। जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने सेक्टर संख्या 7 खिमसेपुर में आयोजित बैठक में कहा कि यह चुनाव सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं है, बल्कि सत्य और असत्य के बीच, धर्म और अधर्म के बीच युद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पार्टी का एक एक कार्यकर्ता 2027 के चुनाव में करो या मरो बाली स्थिति में पीडीए सरकार बनाने का प्रयास करेगा।

इस दौरान अमित यादव, अजब सिंह शाक्य, पवन गौतम, मनोज यादव, वीपी सिंह, पवन यादव, रोहित यादव, अतुल शर्मा, बबलू पठान, दीपक श्रीवास्तव, जवाहरलाल शाक्य, अमित पाल, दीपू शर्मा, रामकिशोर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## गोल्ड मेडलिस्ट ध्रुव शुक्ला को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया सम्मानित


सम्मानित होते ध्रुव शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के बेटे ध्रुव शुक्ला को लगातार दो वर्ष नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर नगर पंचायत शमसाबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने अपने आवास पर बुलाकर सम्मानित किया। उन्होंने तहसील कायमगंज और जनपद का नाम रोशन करने के लिए ध्रुव शुक्ला को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजकिशोर शुक्ल, मो0 आरिफ जमाल, मो0 उजैफ पठान, सुशान्त, अंकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## साध समाज चेरिटेबल द्वारा 392 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण


मरीजों को नेत्र परीक्षण करते डा. मनीष त्रिपाठी

**52 मरीज मोतियाबिंद आपरेशन के लिए हुए चयनित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साध समाज चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आई कैम्प का आयोजन किया गया। उद्घाटन अवसर पर कैम्प में समाजसेवी के अलावा जनपद के वरिष्ठ लोग पहुंचे। कैम्प में डा0 मनीष त्रिपाठी की टीम ने अपनी सेवायें देते हुए मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया। दिल्ली से आये हुए साध समाज के लोगों ने अपनी सेवायें प्रदान की। साध समाज का चेरिटेबल क्लीनिक को खोलने का उद्देश्य एक मात्र गरीब और असहायों की ज़्यादा से ज्यादा मदद का है। रविवार को आई कैम्प में 392 रजिस्ट्रेशन हुए। जिसमें 52 लोगो को मोतियाबिंद के ऑप्रेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिनका आपरेशन निःशुल्क डॉ0 प्रदीप कुमार टोपो के अस्पताल आवास विकास में किया जायेगा।

बाकी मरीजों को आई ड्रॉप, दवाईया व चश्मा नि शुल्क दिये गए। साध चेरिटेबल क्लिनिक का उदघाटन एक उत्सव के रूप में मनाया गया। दिल्ली, सूरत, मुम्बई व फर्रुखाबाद के सभी साध समाज के सदस्यों ने मौजूद रहकर अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर प्रमुख रुप से राकेश साध, चमकेश साध, अमर साध, केशव भान साध, डा0 शिवओम अम्बर, प्रमोद अग्रवाल, मुदित टंडन, सौरभ अग्रवाल, अमर साध सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पीएनबी बैंक स्टाफ एसो. के राजीव कुमार पुनः बने अध्यक्ष

**मेघनाथ मंत्री व संदीप कुमार को मिली कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी**


स्वागत के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पंजाब नेशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन फर्रुखाबाद की जिला इकाई की आमसभा में राजीव कुमार पुनः अध्यक्ष और मेघनाथ मंत्री चुने गये। नवनिर्वाचित मंत्री ने संगठनात्मक और सुरक्षित नौकरी का भरोसा दिया। प्रांतीय सहायक महामंत्री की देखरेख में आमसभा सम्पन्न हुई। पदाधिकारियों में राहुल मजूमदार उपाध्यक्ष, मानवेन्द्र सिंह संयुक्त मंत्री, संदीप कुमार कोषाध्यक्ष बने। 57वीं बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर प्रांतीय सहायक मंत्री राजीव कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय करण के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयकरण के इतिहास व महत्व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका अहम है। समाजिक बैंक की उपलब्धियों तथा वर्तमान में सार्वजनिक बैंकिंग के समक्ष उपस्थित चुनौतियां है। बैंक कर्मचारी व पदाधिकारी इसके अंग है। बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आर्थिक विकास हेतु हम लोग संकल्पित है। इस मौके पर बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

## आदित्य पाल ने कराटे प्रतियोगिता में प्राप्त की ब्लैक बेल्ट


कार्यक्रम में मौजूद कराटे खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी संबद्ध वर्ल्ड मॉडर्न शोटोकन फेडरेशन ऑफ इंडिया में बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमे 150 बच्चों ने भाग लिया।

कोच पारस भारद्वाज ने बताया कि आदित्य पाल ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त करके जनपद के वर्ल्ड मॉडर्न शोटोकन फेडरेशन ऑफ के एक और मेंबर बन गए है। इनके अलावा अन्य बच्चों ने बेल्ट प्रतियोगिता पास की। जिसमें आयुष शाक्य, आर्यन शुक्ला, रिया पटेल, अनिका दीक्षित, अतुल्य बाजपेई, आन्या दीक्षित, वीर प्रताप, परिशी येलो बेल्ट, अक्षत मिश्रा, राधिका वर्मा, अभिनय सिंह, अर्णव कुमार, यश सिंह, दिव्यांश सिंह, अनमोल वर्मा, अनन्या मिश्रा, अंश यादव, आर्यन बिसेन, ऋषब कुमार, अभ्या ऑरेंज बेल्ट, वैष्णवी वर्मा, आर्निका, आर्य दुबे ग्रीन बेल्ट, आरव रस्तोगी, तनिष्का दीक्षित ब्राउन मेडल प्राप्त किये। मुख्य अतिथि रुपेश गुप्ता, बबिता पाठक, उमा मिश्रा, सुमन राठौर ने बच्चों को बेल्ट और प्रमाण पत्र दिए। रुपेश गुप्ता ने कहा कि इन बच्चों की प्रतिभा को देखकर लगता है की बच्चे बाकई एक दिन अपने जिले का नाम इंटरनेशनल स्तर पर भी रोशन करेंगे। उमा मिश्रा, सुमन राठौरए व बबिता पाठक ने भी बच्चों को बधाई दी। इस मौके पर कोच पुष्कर भारद्वाज, विष्णु सक्सेना, तनिष्का दीक्षित, आभाया मिश्रा उपस्थित रहे। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक शिहान पारस भारद्वाज ने सभी अतिथियों को मला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के संगठन विस्तार पर हुई चर्चा


राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सेंट्रल जेल चौराहे पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष पटेल कैलाश उमराव, मंडल उपाध्यक्ष इटावा हरिशंकर पटेल, जिला महासचिव राजेश कुमार वर्मा, आईटी व सोशल मीडिया प्रभारी ई0 सुधांशु योगाचार्य तथा महिला राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्नेहलता उमराव एवं चंद्रशेखर कटियार का भव्य स्वागत अधिवक्ता बंटी कन्नौजिया, विनीत कटियार, मोनू कटियार, सुरजीत कटियार और सचिन कटियार सहित भारी संख्या में उपस्थित समाज के युवाओं और कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। आवास विकास स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन के विस्तार और समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। राष्ट्रीय व प्रदेशीय पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का पहला अधिवेशन 29 दिसंबर 1894 को लखनऊ में हुआ था। जिसकी अध्यक्षता राय साहब बाबू गेंदालाल ने की थी। इस गौरवशाली इतिहास को जीवित रखते हुए आज जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना सबसे ज्यादा जरूरी है। इस दौरान संगठन को नई ऊर्जा देने और सामाजिक एकजुटता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमूल्य गंगवार, महामंत्री जनार्दन गंगवार, पवन कटियार, अंकुर कटियार, प्रशांत कटियार, संदीप कनौजिया, सुरजीत कटियार, नरेंद्र सिंह गंगवार और आदित्य कटियार आदि मौजूद रहे।

## मण्डल के पदाधिकारी बूथ पर जाकर करें बैठकः क्षेत्र मंत्री


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ मंडल की बैठक शक्ति केंद्र नगलादीना सैनिक कॉलोनी भोलेपुर अनिल प्रताप सिंह मंडल उपाध्यक्ष के निवास पर संपन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्र मंत्री देवेंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुई। क्षेत्र मंत्री ने फतेहगढ़ मंडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि फतेहगढ़ मंडल बहुत सक्रिय है। जिला उपाध्यक्ष अनुराग दुबे ने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने बूथ पर जाकर बैठक करें।

जिला मंत्री प्रतिभा राजपूत ने कहा कि एक सरल ऐप से फोटो जरूर अपलोड करें। सरल ऐप्स की रिपोर्ट शासन तक पहुंचती है। इस मौके पर प्रभात अवस्थी, मंडल अध्यक्ष रमला राठौर, मंडल मंत्री संजीव राठौड़, अमन गुप्ता, राहुल राठौर, बिटाना चौहान, अनिल प्रताप सिंह, प्रतीक वर्मा धर्मपाल, राजीव कुमार सिंह, शिवम चतुर्वेदी, अमर विनय आदि लोग उपस्थित रहे।

## आम के बाग में अधेड़ का मिला शव

**मसौली बाराबंकी।** रविवार की भोर थाना क्षेत्र के ग्राम टेरासानी में एक 55 वर्षीय वृद्ध का आम की बाग़ में लटकता शव मिलने से गांव में खलबली मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की भोर ग्राम टेरासानी स्थित रेहान की आम की बाग़ में 55 वर्षीय संतराम पुत्र परमेश्वर का शव गमछा एव रस्सी से लटकता मिला मृतक अविवाहित था तथा अपने भाई गंगाराम के साथ रहता था परिजनों के मुताबिक मृतक शनिवार की शाम को खाना आदि खाने के बाद नित की भांति हाते में सोने चला गया और रविवार की भोर हाते से करीब सौ मीटर की दूरी पर स्थित रेहान की आम की बाग़ में लटकता मिला।

## खबरें एक नजर में

### गेट पर बच्चे से गंदगी फैलाने का विरोध करना पड़ा भारी, युवती से मारपीट, पांच पर मुकदमा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** असंद्रा कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव में घर के बाहर गंदगी फैलाने का विरोध करना एक युवती को महंगा पड़ गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सूरजपुर गांव के देवीगंज मजरे की रहने वाली अनुपमा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 17 जुलाई की सुबह करीब नौ बजे गांव की उषा अपने बच्चे को उसके मकान के मुख्य गेट के सामने गंदगी कराने लगी। इसका विरोध करने पर उषा, ननकऊ तथा अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता का यह भी आरोप है कि इसी विवाद को लेकर 18 जुलाई को आरोपियों ने दोबारा उसके साथ मारपीट की। लगातार हो रही घटना के बाद वह असंद्रा कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर उषा, ननकऊ समेत पांच लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3 (5), 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में आकर भैंस की हुई मौत

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला मंझपटीया में करंट लगने से एक कीमती भैंस की मृत्यु हो गई सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने पशु चिकित्सक को रिपोर्ट देकर पोस्टमार्टम कराया है। बताते चले कि ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला मंझपटीया निवासी लज्जावती पत्नी स्व0 राम सजीवन वर्मा की कीमती भैंस घर के सामने छप्पर के नीचे बंधी थी तथा वही पर बिजली का बोर्ड रखा हुआ था घर के सभी लोग खेत में धान रोपाई के लिए गए हुए थे तभी भैंस खूंटे से खुल गई और बिजली के बोर्ड को चबाने लगी उस दौरान बिजली चल रही थी जिससे भैंस की तड़प तड़प कर मौत हो गई। भैंस की मौत की सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने हल्का लेखपाल अनुराग पाठक को सूचना दी मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल अनुराग पाठक ने तहसील प्रशासन को सूचना देते हुए पशु चिकित्सक डॉ0 संजीव कुमार को बुलाकर मृत भैंस का पोस्टमार्टम कराया। पशु पालक लज्जावती ने बताया कि भैंस 15 दिन बाद बच्चा देने वाली थी भैंस की मृत्यु से बड़ी हानि हुई है।

### शारदा सहायक नहर में मिला युवक का शव

**मसौली बाराबंकी।** दस दिन पूर्व बाइक से ससुराल के लिए गए 33 वर्षीय युवक का शव रविवार की सुबह मसौली थाना क्षेत्र के शारदा सहायक डबल नहर के तिलपुरा झाल में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहाली निवासी दिनेश पुत्र प्यारेलाल के रूप में हुई है। बताते चले कि फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहाली निवासी 33 वर्षीय दिनेश पुत्र प्यारेलाल गत 10 जुलाई को अपनी बाइक से अपनी ससुराल ग्राम मढ़ना थाना रामनगर गया हुआ था।

## भाकियू भानू गुट की बैठक में नये पदाधिकारियों का हुआ स्वागत


बैठक में मौजूद भाकियू भानू गुट के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की बैठक प्रदेश महासचिव ठा0 सर्वेन्द्र सिंह के आवास धारमपुर में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नये चेहरों को प्रदेश व मण्डल एवं जिला, तहसील व ब्लाक स्तर पर नियुक्त कर सम्मानित किया गया। संगठन की आगामी रुपरेखा एवं कार्यकर्ताओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की गई। रमला राठौर को महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया।

रामू राठौर को जिला महासचिव, प्रदीप चौहान को जिलाध्यक्ष क्रांति दल घोषित किया गया। मनोज मिश्रा को प्रदेश सचिव, अंजली मिश्रा को महिला मोर्चा का उपाध्यक्ष, सीमा ठाकुर को महासचिव महिला मोर्चा बनाया गया। राजेश पाठक को तहसील उपाध्यक्ष, शरद अवस्थी को तहसील सचिव, अशोक मिश्रा को तहसील महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही संगठन द्वारा 31 जुलाई को एक ज्ञापन केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर अन्य नये आंदोलन जनहित में किये जायेंगे। बैठक में जिला तहसील, ब्लाक से लगभग बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपकर माल्यार्पण किया गया और संगठन का प्रतीक हर गमछा पहनाया गया। प्रदेश महासचिव ठा0 सर्वेन्द्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने ज्ञापित किया।

संचालन लक्षमण सिंह गहरवार ने किया। कांग्रेस नेता शुभम तिवारी ने लोहिया अस्पताल में समस्याओं को लेकर जानकारी दी।

उच्च सुविधायें प्रदान किये जाने के लिए सरकार से मांग की।

इस मौके पर मनोज मिश्रा, रामू राठौर, रमला राठौर, शुभम तिवारी ने विचार व्यक्त किये।

## औद्योगिक विकास के लिए व्यापारियों की बैठक संपन्न


बैठक में मौजूद व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने जनपद के उद्योगिक विकास हेतु शहर के चारों तरफपुराने शहरपनाह मार्ग पर एक रिंग रोड निर्माण हेतु सुझाव दिया। लाखन सिंह जिला प्रवक्ता ने शहर के उत्तर की ओर वन विभाग की अनेकों वीघा भूमि है जिस पर वन विभाग द्वारा वन के कुछ भाग में वन विकास की योजना तैयार कर रही है, उसी के साथ में इसी वन विभाग की खाली पड़ी भूमि पर आलू चिप्स फैक्ट्री एवं अन्य उद्योगों को लगाये जाने का सुझाव दिया, ताकि जनपद के युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके। गोष्ठी में विमलेश मिश्रा, मनोज दीक्षित, मशकूर अंसारी, गोपाल सिंह राठौर, अशोक यादव, संजू नेता, प्रशान्त कुमार शाक्य, पवन अग्रवाल, संजय गुप्त, अजीत वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, विजय वर्मा, योगेश गुप्ता, डॉ0 संजीव त्रिपाठी, अजय यादव, अवनीश, शिवम दुवे, पवन तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन सुरेन्द्र पाण्डेय ने किया।

## 23 अगस्त को नगर में निकाली जायेगी विशाल कांवड़ यात्रा


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू महासभा युवा मोर्चा एवं जय भोलेबाबा कमेटी द्वारा बैठक आयोजन किया गया। मुख्य रूप से कावड़ यात्रा का आयोजन हेतु चर्चा की गई। यात्रा 23 अगस्त दिन रविवार को दुर्वासा ऋषि आश्रम से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर पांडेश्वर नाथ मंदिर पर जलाभिषेक करेगी। विमलेश मिश्रा ने बताया कांवड़ का शुल्क 251 रूपये और असहाय लोगो के लिये 1 रुपये का रखा गया। बड़ी संख्या में युवा टीम में कुछ भाई और महिला टीम में महिलाएं शामिल हुई। महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा ठाकुर, नगर अध्यक्ष अंजली कश्यप, कल्पना, सीमा ठाकुर, विमलेश पाल, अंजली मिश्रा, मंजू शर्मा, लाली देवी, ममता देवी, राजरानी, पप्पी देवी, सीमा ठाकुर, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, सौरभ मिश्रा, दीपक शर्मा, अजय दुबे, संतोष त्रिवेदी, मोनू तिवारी, नीरज राजपूत, पंकज यादव, भैया लाल कश्यप, शिवम् तिवारी, नागेंद्र चौहान, मनोज मिश्रा, कृष्ण अबतार मिश्रा, मनोज मिश्रा, सुबोध शुक्ला, अमन अवस्थी, प्रमोद द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## व्यापार मण्डल आईटी सेल की नगर कार्यकारिणी घोषित


बैठक के दौरान मौजूद आईटी सेल के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की बैठक जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में अनुपम रस्तोगी के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। आईटी सेल के जिलाध्यक्ष संजय रस्तोगी ने नगर कमेटी घोषित की। जिसमें नगर अध्यक्ष योगेश रस्तोगी को बनाया गया।

महामंत्री की जिम्मेदारी नरेश गुप्ता को दी गई। उपाध्यक्ष शोभित रस्तोगी बने। नगर कोषाध्यक्ष नितिन रस्तोगी को बनाया गया। नगर मंत्री कुणाल रस्तोगी व मुकेश गुप्ता बने। सदस्य रोहित वर्मा को बनाया गया।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार राजू गौतम ने नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर जिला महामंत्री नरेश पालीवाल, योगेश रस्तोगी, शरद रस्तोगी, रचित रस्तोगी, विकल्प रस्तोगी, निशित रस्तोगी, दिलीप, नरेश चन्द्र गुप्ता, मुकेश गुप्ता, कुणाल रस्तोगी, रोहित वर्मा, शोभित रस्तोगी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### नाली विवाद ने पकड़ा तूल, विधवा ने दीवार तोड़ने का लगाया आरोप

**सफाईकर्मी व परिजनों पर अभद्रता का भी आरोप, दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी**



**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के तिखड़ा गांव में नाली को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। एक विधवा महिला ने गांव के सफाईकर्मी, उसकी पत्नी और बेटे पर घर के सामने बनी दीवार तोड़ने तथा अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। तिखड़ा निवासी किरन देवी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने करीब एक माह पूर्व अपने घर के सामने लगभग दो फीट नाली की जगह छोड़कर दीवार का निर्माण कराया था। आरोप है कि गांव के सफाईकर्मी ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर उनकी दीवार तोड़ दी। पीड़िता का कहना है कि उनके पति का करीब दो माह पूर्व निधन हो चुका है। ऐसे समय में विपक्षी पक्ष ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और अपशब्द कहे। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने तथा न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। चौकी पड़रिया तुला के प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को बैठाकर आपसी सहमति से विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बन सकी। अब प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक सवार को बचाने में खाई में उतरी अमन ट्रेवल्स की बस, बड़ा हादसा टला

**स्थानीय युवक की सूझबूझ से बस में फंसे लोग सुरक्षित निकाले गए, जनहानि नहीं**




**बिजुआ खीरी।** लखीमपुर–भीरा राज्यमार्ग पर रविवार पूर्वाह्न एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। पलिया से लखीमपुर जा रही अमन ट्रेवल्स की बस अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में उतर गई। हालांकि चालक की सतर्कता और स्थानीय युवक की तत्परता से बस पलटने से बच गई तथा सभी लोग सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। जानकारी के अनुसार रविवार करीब 11:30 बजे माहू टांडा रोड स्थित इटकुटी गांव के पास यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस के सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के लिए चालक ने तत्काल स्टेयरिंग मोड़ा, जिससे बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खाई में उतर गई। बस पलटने की स्थिति में पहुंच गई, लेकिन सौभाग्य से बड़ा हादसा नहीं हुआ। बताया गया कि घटना के समय बस में यात्रियों की संख्या बहुत कम थी। इसी बीच बीबीपुर निवासी अंकित सिंह मौके से गुजर रहे थे। उन्होंने बस को खाई में उतरते देखा तो बिना देर किए मौके पर पहुंचे और बस के अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सूझबूझ और तत्परता से संभावित बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य में सहयोग किया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने अंकित सिंह की बहादुरी और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई से बस में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना संभव हो सका।

### दो दिन की झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

**धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार, गन्ने की फसल को मिली संजीवनी, भीषण गर्मी और उमस से आमजन को राहत, बाजारों में रही सुस्ती**



**लखीमपुर खीरी।** जिले के बिजुआ और बांकेगंज क्षेत्र समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों से हो रही रिमझिम व झमाझम बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में पर्याप्त नमी आने से धान की रोपाई ने तेजी पकड़ ली है, जबकि गन्ने की फसल को भी संजीवनी मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। वहीं कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन को भी बड़ी राहत मिली है। बारिश के बाद बिजुआ, बांकेगंज, बाबूपुर, कुकरा, संसारपुर, मित्राविंदा फार्म, रुद्रपुर, पड़रिया तुला समेत कई गांवों के खेतों में फिर से रौनक लौट आई है। सुबह से ही किसान, महिलाएं और मजदूर धान की रोपाई में जुट गए हैं। कहीं ट्रैक्टरों से खेत तैयार किए जा रहे हैं तो कहीं महिलाएं धान के पौधों की रोपाई करती नजर आ रही हैं। रुद्रपुर निवासी किसान हरद्वारी लाल ने बताया कि बारिश न होने से धान की रोपाई प्रभावित हो रही थी। अब खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे रोपाई में तेजी आएगी और सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी बचेगा। पड़रिया तुला निवासी किसान प्रेम गुप्ता ने कहा कि यह बारिश किसानों के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। धान और गन्ना दोनों फसलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा तथा समय पर हुई वर्षा से बेहतर पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि दो–चार दिन और बारिश नहीं होती तो धान की नर्सरी सूखने लगती और गन्ने की फसल को भी नुकसान पहुंचता। पंपिंग सेट से सिंचाई करने में अधिक खर्च आ रहा था, जिससे खेती की लागत बढ़ रही थी। बारिश का असर स्थानीय बाजारों पर भी देखने को मिला। लगातार वर्षा के चलते बाजारों में ग्राहकों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही और केवल जरूरी सामान खरीदने वाले लोग ही दुकानों तक पहुंचे। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार खरीफ फसलों, विशेषकर धान के लिए यह बारिश बेहद लाभदायक है। यदि आने वाले दिनों में भी मौसम अनुकूल बना रहा तो धान और गन्ने की फसल बेहतर होगी। वहीं मौसम में आई ठंडक से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है।

### एक वांछित नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महाराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के द्वारा वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी फरेन्दा दीपशिखा वर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस टीम थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण मे उ.नि. गोविन्दर यादव, हे.कां. तेज प्रताप सिंह के द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त रामअवध यादव पुत्र स्व. रामसावर उम्र करीब 65 वर्ष निवासी बरातगाड़ा टोला सेखुअना से सम्बन्धित मुअसं. 188/2026 धारा 74,65(2),352,351(2) बीएनएस व 5 (द्व) / 6 पाक्सो एक्ट को आज शनिवार को समय करीब 11.15 बजे घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई है।

### ज्वेलरी दुकान चोरी का खुलासा न होने पर पीड़ित ने डीएम से लगाई गुहार, संयुक्त टीम गठित करने की मांग

**हलिया (मिर्जापुर)।** बरौंधा बाजार स्थित ज्वेलरी दुकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का एक सप्ताह बाद भी खुलासा न होने पर पीड़ित दुकानदार ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस पर जांच में लापरवाही और एफआईआर में सभी तथ्यों का उल्लेख न करने का भी आरोप लगाया है। बरौंधा निवासी पंकज सोनी पुत्र लालचंद सोनी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 6द7 जुलाई 2026 की रात अज्ञात चोरों ने उनकी बर्तन एवं आभूषण की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की। उनके अनुसार चोर दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काटकर अंदर घुसे और करीब 900 ग्राम सोने तथा 42 किलोग्राम चांदी के नए–पुराने आभूषण चोरी कर ले गए। आरोप है कि चोर सीसीटीवी की डीवीआर भी अपने साथ ले गए तथा दुकान के पीछे खेत में रखी अलमारी तोड़कर आभूषण निकाल लिए। बाद में प्लास्टिक के डिब्बे खेत में फेंक दिए गए। प्रार्थना पत्र के अनुसार घटना की सूचना उनके पिता ने बरौंधा चौकी पर दी थी। इस संबंध में 7 जुलाई 2026 को एफआईआर संख्या 268, धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित का आरोप है कि एफआईआर में घटना के सभी तथ्य शामिल नहीं किए गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद सीओ लालगंज, एसएचओ लालगंज, चौकी प्रभारी बरौंधा तथा फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया था। फिंगरप्रिंट भी लिए गए और घटनास्थल से बिना सिम वाला एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी मामले का खुलासा नहीं हो सका। प्रार्थी का कहना है कि उन्होंने पुलिस को कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नाम भी बताए, लेकिन उनसे पूछताछ नहीं की गई। उनका आरोप है कि पुलिस मामले में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से चोरी गए आभूषणों की बरामदगी और घटना के शीघ्र खुलासे के लिए संयुक्त पुलिस टीम गठित कर प्रभावी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने प्रार्थना पत्र के साथ एफआईआर की प्रति एवं अन्य संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए हैं। हालांकि, पुलिस का पक्ष इस संबंध में सामने नहीं आया है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले के तथ्यों और आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

---

**सावन से पहले सरयू का प्रहार**

# कटान की जद में शिवालय, कांवरियों की आस्था पर मंडराया खतरा

- जालिमनगर सरयू घाट पर तेजी से बढ़ा कटान, मंदिर से महज छह मीटर दूर पहुंची नदी
- लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से तत्काल इंतजाम की मांग

**धौरहरा (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



2026 सावन माह के आगमन से पहले ही बहराइच-लखीमपुर-आसाम मार्ग स्थित जालिमनगर पुल सरयू घाट पर सरयू नदी का रौद्र रूप चिंता का विषय बन गया है। तेज बहाव और लगातार हो रहे कटान ने वर्षों पुराने शिवालय के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है। यही घाट हर वर्ष सावन में लाखों शिवभक्तों के पवित्र स्नान और कांवर जलभराव का प्रमुख केंद्र रहता है, लेकिन इस बार घाट की बिगड़ती स्थिति श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

पहाड़ों पर लगातार हो रही बरसात से सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के साथ तेज धारा घाट के किनारों को तेजी से काट रही है। लगभग तीन दशक पुराने शिव मंदिर तक नदी का कटान पहुंच चुका है। मंदिर में पिछले सात वर्षों से सेवा दे रहे पुजारी राधेश्याम शुक्ला ने बताया कि नदी अब मंदिर से महज छह मीटर की दूरी पर रह गई है। यदि कटान की यही रफ्तार बनी रही तो आने वाले दिनों में शिवालय भी नदी की जद में आ सकता है। पुजारी के अनुसार नदी की गहराई और बहाव दोनों पहले की तुलना में काफी अधिक हो चुके हैं। ऐसे हालात में घाट पर स्नान करना और कांवर के लिए जल भरना जोखिमभरा साबित हो सकता है। इसके बावजूद सावन की तैयारियों के तहत प्रतिदिन सुबह बड़ी संख्या में शिवभक्त पैदल पहुंचकर जलभराव और कांवर यात्रा का अभ्यास कर रहे हैं।घाट की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए धौरहरा और ईसानगर थाना पुलिस के साथ मुरावनपुरवा चौकी प्रभारी विलियम कौशिक लगातार निगरानी कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घाट की सुरक्षा व्यवस्था और कटान की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है, ताकि सावन शुरू होने से पहले आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जा सकें।उधर, रामलोक मजरा स्वर्गलोक के किसानों की मुश्किलें भी लगातार बढ़ती जा रही हैं। गांव से करीब 500 से 600 मीटर दूर सरयू नदी का कटान उपजाऊ कृषि भूमि को तेजी से निगल रहा है। किसानों का कहना है कि गन्ने की खड़ी फसल को बचा पाना अब संभव नहीं दिख रहा, इसलिए नुकसान कम करने के लिए वे मजबूरी में फसल काटकर पशुओं के चारे के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रहे कटान के बावजूद सिंचाई विभाग, जनप्रतिनिधियों और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कटानरोधी कार्य नहीं कराए गए तो सावन में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के साथ-साथ शिवालय और आसपास की कृषि भूमि भी बड़े खतरे में पड़ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सावन शुरू होने से पहले घाट पर कटान रोकने के लिए तटबंध और अन्य सुरक्षा कार्य तत्काल कराए जाएं। साथ ही स्नान स्थल पर बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, चेतावनी संकेतक और पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था सुरक्षित रहे और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## वाहन चोरी के मामले का खुलासा कर एक युवक को किया गिरफ्तार

- कब्जे से चोरी की गई सीटी-100 मोटरसाइकिल बरामद




**लखीमपुर खीरी।** पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नकहा सत्येंद्र कुमार वर्मा की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार खीरी-लहरपुर मार्ग पर रत्तासराय मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। जांच में उसके कब्जे से चोरी की सीटी-100 मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 34 एयू 2262) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रभुदयाल पुत्र कन्हई लाल निवासी भोला पुरवा, थाना फूलबेहड़ बताया। उसके खिलाफ थाना खीरी में वाहन चोरी से संबंधित मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार वर्मा, कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल दीपांशु और रिजर्व कांस्टेबल योगेंद्र सिंह शामिल रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित, फिट इंडिया का दिया संदेश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी के निर्देशानुसार फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नियमित व्यायाम एवं साइकिल चलाने की आदत को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना रहा।

इस अवसर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक साइकिल रैली में प्रतिभाग किया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा दैनिक जीवन में अधिक से अधिक साइकिल के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि नियमित रूप से साइकिल चलाना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे न केवल व्यक्ति स्वस्थ रहता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रत्येक रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान से जुड़ने और इसे जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली के अंतर्गत संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर भी 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने साइकिल रैली निकालकर फिट इंडिया अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



हलिया थाना परिसर व कस्बा हलिया में रविवार को एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सुमन द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया । पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) -1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## क्षेत्र पंचायतों का कार्यकाल आज से समाप्त

**हलिया (मिर्जापुर)।** शासन के पंचायती राज विभाग अनुभाग दो के अनुसार वर्ष 2021 में गठित क्षेत्र पंचायतों (ब्लॉक प्रमुख एवं बीडीसी) का कार्यकाल 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा था जिसके अनुसार शासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी क्षेत्र पंचायत चुनाव संपन्न होने तथा नई क्षेत्र पंचायतों के गठन तक प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए वर्तमान क्षेत्र पंचायत प्रमुखों को अग्रिम कार्यकारिणी के गठन तक प्रशासक के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई जारी आदेश के अनुसार, प्रशासक केवल सामान्य एवं नियमित कार्यों का ही संचालन करेंगे तथा किसी भी नीतिगत निर्णय या विशेष प्रस्ताव के लिए संबंधित जिलाधिकारी की स्वीकृति आवश्यक होगी यह आदेश 20 जुलाई 2026 से प्रभावी माना जाएगा। 19 जुलाई 2026 को क्षेत्र पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा अपितु नए चुनाव तक वर्तमान ब्लॉक प्रमुख हि प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 228 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**हलिया, (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में कुल 228 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। पीएचसी हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 51लोगो का उपचार किया इसी प्रकार पीएचसी मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43,पीएचसी बरौधा डॉक्टर अभिषेक जायसवाल ने 44 पीएचसी ड्रमडगंज डॉक्टर बाल कृष्ण ने 49लोग पीएचसी मुड़पेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 41 लोगो के सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। लोगों ने मेले में मिल रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत हुई। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रही।

## एक नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी फरेन्दा दीपशिखा वर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष फरेन्दा राघवेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम उ.नि. जगदम्बा प्रसाद मय हमराह कां. पवन यादव मय रि.आ. अनुराग यादव व पीसी संजय सिंह द्वारा आज वारण्टी अपराध सं0 022/2024 धारा 342,504, 506,376, 366,363 भादवि. व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त/वारण्टी मनीष यादव पुत्र राजेश यादव निवासी भैसहिया थाना फरेन्दा उम्र 22 वर्ष को ग्राम भैसहिंया में स्थित उनके घर से दिन में लगभग 11बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है।

# फरेंदा में 74 फरियादियों ने दर्ज कराई फरियाद

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- अचानक पहुंचे सम्पूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर गोरखपुर अनिल कुमार ढींगरा ने हंसू की फरियाद सुन दिया कार्रवाई का आश्वासन
- मण्डलायुक्त गोरखपुर के एकाएक तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचते ही पसरा सन्नाटा अधिकारियों की अटकी रही सांसे



तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बीते शनिवार को तहसील सभागार फरेंदा में नवागत उपजिलाधिकारी प्रेमशंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 74 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। जिसमें राजस्व के -55, पुलिस के-9 विकास-3 आपूर्ति-1 चकबंदी-4 तथा अन्य के -2 शिकायत रहे।यानी कुल 74 शिकायत कर्ताओं ने अपनी फरियाद दायर कर समाधान पर भरोसा जताया। लेकिन मौके पर निस्तारण शून्य रहा।चल रहे तहसील/सम्पूर्ण समाधान दिवस में अचानक पहुंचे कमिश्नर गोरखपुर अनिल कुमार ढींगरा ने वृजमनगंज निवासी हंसराज की शिकायत सुन कार्रवाई का भरोसा दिलाया वहीं एकाएक मण्डल आयुक्त गोरखपुर अनिल कुमार ढींगरा साथ में डीआईजी गोरखपुर एस.चनंपा के पहुंचने से चल रहा तहसील/, समाधान दिवस में सन्नाटा पसर गया, उपस्थित अधिकारियों की सांसें तब तक अटकी रही जब तक वह चलें नहीं गये,फिर भी मण्डला आयुक्त गोरखपुर ने एक फरियादी की फरियाद सुनी उसके पश्चात सम्पूर्ण समाधान दिवस के चढ़ायें जा रहे शिकायती रजिस्टर एवं तहसील /सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने वाले अधिकारियों के उपस्थिति पंजिका का मुआयना करने के पश्चात मां लेहड़ा वाली के दरबार में पहुंच कर मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। लेकिन एक बात देखा गया कि कमिश्नर गोरखपुर के आते ही तहसील दिवस में आये अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए जैसे ही चंद समय रुकने के बाद रवाना हुए कि तहसील समाधान दिवस में आये अधिकारियों ने राहत की सांस ली। उसके पश्चात नवागत उपजिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुएआये सम्पूर्ण शिकायतों को निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित विभागों को अविलंब निस्तारण करने के लिए सौंप दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये कुल 74 शिकायतों में, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति , चकवन्दी एवं अन्य मामले छाये रहे। जिसमें अधिकतर मामले जमीन से सम्बन्धित रहे। जिसको गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायतों को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा शिखा वर्मा, बीडीओ अतुल कुमार, वीडिओ वृजमनगंज, धानी सहित विभिन्न ब्लाकों के सहायक विकास अधिकारी एवं कानूनगो लेखपाल सहित कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में नौतनवां निचलौल एवं सदर तहसील में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई।

# 94 साल से अधूरी आस्था की राह: बरसात में नाव बनी मां समय के दरबार तक पहुंचने का सहारा

- 1932 से पक्के मार्ग का इंतजार, हर बारिश में जलमग्न हो जाता है संपर्क रास्ता, श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर कर रहे दर्शन

**विशुनदेव त्रिपाठी**





महराजगंज। आस्था जब अटूट हो तो कठिन से कठिन रास्ते भी श्रद्धालुओं के कदम नहीं रोक पाते। इसकी जीवंत मिसाल सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग की पकड़ी रेंज के जंगल में स्थित बोकड़ा मां समय मंदिर है, जहां वर्ष 1932 से आज तक पक्का संपर्क मार्ग नहीं बन सका। हर वर्ष बरसात आते ही मंदिर तक जाने वाला कच्चा रास्ता पानी में डूब जाता है और श्रद्धालुओं को नाव के सहारे जलमग्न रास्ता पार कर मां समय के दरबार तक पहुंचना पड़ता है। पकड़ी चौराहे से करीब ढाई किलोमीटर अंदर जंगल में स्थित यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि आसपास के कई जिलों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। इस वर्ष लगातार हुई बारिश के बाद मंदिर तक जाने वाला पूरा मार्ग जलमग्न हो गया है। सड़क और खेतों का अंतर मिट चुका है। ऐसे में श्रद्धालु नाव से पानी पार कर मंदिर पहुंच रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह सफर किसी परीक्षा से कम नहीं, लेकिन माता के प्रति अटूट विश्वास उन्हें हर कठिनाई पार करने का साहस दे रहा है। चैत्र और शारदीय नवरात्र सहित प्रमुख पर्वों पर यहां हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। वर्षभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही मंदिर तक पहुंचने का रास्ता जोखिम भरा बन जाता है। जलभराव के बीच नाव ही एकमात्र सहारा रह जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष यही स्थिति बनती है और किसी बड़े हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर तक ऊंचा पक्का संपर्क मार्ग और पुलिया निर्माण की मांग दशकों से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने रखी जा रही है। चुनावी वादे और आश्वासन तो हर बार मिलते हैं, लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि स्थायी सड़क का निर्माण करा दिया जाए तो हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी और बरसात में नाव के सहारे मंदिर पहुंचने की विवशता हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। श्रद्धालुओं का कहना है कि मां समय के प्रति उनकी आस्था कभी कम नहीं होगी, लेकिन धार्मिक स्थल तक सुरक्षित पहुंच उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। लगभग एक सदी से चली आ रही यह समस्या अब स्थायी समाधान की मांग कर रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि मां समय मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत भी है। यदि यहां तक पक्की सड़क और पुलिया का निर्माण हो जाए तो न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। करीब 94 वर्षों से विकास की बाट जोह रहे इस मंदिर तक आज भी श्रद्धालुओं को नाव के सहारे पहुंचना पड़ रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आस्था की इस राह को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रशासन कब जागेगा, या फिर हर बरसात में श्रद्धालुओं की मजबूरी यूं ही सुर्खियां बनती रहेगी।